2 फरीदाबाद — स्वतंत्रता आंदोलन में अग्रणी फरीदाबाद स्वास्थ्य सेवाओं में आज भी पिछड़ा

6 अभिमत — सूकी की सुरक्षा पर संकट

9 देश/विदेश — मथुरा के शाही ईदगाह विवाद में वक्फ कानून के प्रावधान लागू नहीं होंगेः हिंदू पक्ष

11 लोकसभा चुनाव — रेवंत रेड्डी ने प्रधानमंत्री मोदी पर तेलंगाना का अपमान करने का आरोप लगाया



RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 7 अंक 77
फरीदाबाद, मंगलवार, 23 अप्रैल, 2024
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रूपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana




भाग्यशाली थे कि हमें विराट कोहली का विकेट मिल गया: फिल सॉल्ट

पेज - 12

## बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 73,648 | ▲ | 560.29 | |
| निफ्टी | 22,336 | ▲ | 189.40 | |
| सोना | 74,100 | ▼ | 450 | /10 gm |
| चांदी | 85,500 | ▼ | 100 | /kg |

## मौसम फरीदाबाद

| | |
|---|---|
| अधिकतम | $38.00^0C$ |
| न्यूनतम | $22.00^0C$ |

## क्विक न्यूज

### सूरज एस्टेट डेवलपर्स ने 33 करोड़ में 1073 वर्ग मीटर जमीन खरीदी

**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनी सूरज एस्टेट डेवलपर्स लिमिटेड ने एक परियोजना के निर्माण के लिए मुंबई में 33 करोड़ रुपये में 1073 वर्ग मीटर जमीन खरीदी है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि उसने 33.10 करोड़ रुपए की कुल कीमत पर मुंबई के माहिम (पश्चिम) में लेडी जमशेदजी रोड पर 1073.42 वर्ग मीटर के फ्रीहोल्ड भूखंड का अधिग्रहण किया है। सूरज एस्टेट डेवलपर्स के अनुसार, यह एक पुनर्विकास परियोजना है। कंपनी के पूर्णकालिक निदेशक राहुल राजन जेसु थॉमस ने कहा, अधिग्रहण से हमारी बिक्री क्षमता 120 करोड़ रुपए बढ़ जाती है, जिससे कंपनी की आने वाली परियोजनाओं और उसकी वित्तीय स्थिति दोनों को मजबूती मिलती है।

### एक दिन में 4.71 लाख यात्रियों का आंकड़ा पार

**नई दिल्ली।** घरेलू हवाई यातायात रविवार को नए मुकाम पर पहुंच गया। उस दिन रिकॉर्ड 4,71,751 यात्रियों ने हवाई सफर किया। आधिकारिक आंकड़ों से यह बात सामने आई है। रविवार को हवाई यातायात कोविड-पूर्व की औसत संख्या 3,98,579 यात्रियों से 14 प्रतिशत अधिक रहा। नागर विमानन मंत्रालय के सोमवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, घरेलू हवाई यात्रियों की कुल संख्या 21 अप्रैल (रविवार) को 4,71,751 रही जबकि इस दौरान कुल 6,128 उड़ानें संचालित की गईं। यह संख्या 21 अप्रैल, 2023 को दर्ज किए गए 4,28,389 यात्रियों और 5,899 उड़ानों के घरेलू हवाई यातायात से अधिक है। मंत्रालय ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि भारत का घरेलू विमानन क्षेत्र हर दिन एक नई ऊंचाई पर पहुंच रहा है। मंत्रालय ने कहा, भारत में घरेलू विमानन में अभूतपूर्व वृद्धि देखी जा रही है। यह ठोस नीतियों, आर्थिक वृद्धि और कम लागत वाली एयरलाइंस के विस्तार जैसे कारकों से प्रेरित है। जैसे-जैसे हवाई यात्रा तक अधिक लोगों की पहुंच होगी, इस क्षेत्र के आगे बढ़ने की उम्मीद बनी हुई है। पिछले हफ्ते डीजीसीए ने कहा था कि जनवरी-मार्च तिमाही में घरेलू एयरलाइंस से 391.46 लाख यात्रियों ने सफर किया।

### खड़गे ने मोदी से मिलने का समय मांगा, कहा-अपना मैनिफेस्टो समझाना है

# कांग्रेस लोगों की कमाई ज्यादा बच्चे वालों में बांटेगी : पीएम

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**कांग्रेस** अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोमवार को पीएम मोदी से मिलने का समय मांगा है। उन्होंने कहा- पीएम हमारे मैनिफेस्टो को सही से समझ नहीं पाए हैं। उनसे मिलकर उन्हें मैनिफेस्टो समझाना है। दरअसल, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत भाजपा नेता कांग्रेस मैनिफेस्टो को मुस्लिम लीग का मैनिफेस्टो बता रहे हैं। वहीं, पीएम ने रविवार को राजस्थान के बांसवाड़ा और सोमवार को यूपी के अलीगढ़ में कहा था- कांग्रेस जनता की कमाई छीनकर ज्यादा बच्चे वालों को देना चाहती है। वहीं, कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि



मैनिफेस्टो की प्रतियां हमारे पार्टी नेताओं और लोकसभा उम्मीदवारों की तरफ से प्रधानमंत्री को भेजी जाएंगी। कांग्रेस ने ये भी कहा कि पार्टी चुनाव आयोग में एक लाख लोगों के दस्तखत कराकर एक याचिका भी दायर करेगी।

वेणुगोपाल के मुताबिक, प्रधानमंत्री ने जो कहा, वह हमारे मैनिफेस्टो में नहीं है। वे वोटों के लिए सांप्रदायिक ध्रुवीकरण की कोशिश कर रहे हैं। क्या चुनाव आयोग ने उन्हें (पीएम को) बात पर झूठ बोलने की अनुमति दी है। जब चुनाव आयोग हर बात पर हस्तक्षेप करता है तो इस मुद्दे पर खामोश क्यों है? आयोग को स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करना चाहिए।

मोदी ने 21 अप्रैल को राजस्थान के बांसवाड़ा में रैली की थी। इसमें उन्होंने कहा था कि अगर कांग्रेस की सरकार बनेगी तो हरेक की प्रॉपर्टी का सर्वे किया जाएगा। हमारी बहनों के पास कितना सोना-चांदी है, इसकी जांच की जाएंगी। ये संपत्ति सबको समान रूप से बांट दी जाएगी। क्या आपकी संपत्ति को सरकार को हैक करने का अधिकार है क्या? क्या आपकी मेहनत करके कमाई गई संपत्ति को सरकार को ऐंठने का अधिकार है?

पीएम ने ये भी कहा कि मेरी माताओं-बहनों की जिंदगी में सोना सिर्फ शो करने के लिए नहीं होता। उसके स्वाभिमान से जुड़ा हुआ है। उनका मंगलसूत्र सोने की कीमत का मुद्दा नहीं है, उनके जीवन के सपनों से जुड़ा है, आप घोषणा पत्र में इसे छीनने की बात कर रहे हो। पहले जब उनकी (मनमोहन सिंह) सरकार थी, तब उन्होंने कहा था देश की संपत्ति पर पहला अधिकार मुसलमानों का है। इसका मतलब ये संपत्ति इकट्ठी करके किसको बांटेंगे, जिनके ज्यादा बच्चे हैं, उनको बांटेंगे, घुसपैठियों को बांटेंगे। क्या आपकी मेहनत की कमाई का पैसा घुसपैठियों को दिया जाएगा। ये आपको मंजूर है?

# पहरावर जमीन मामले में कोर्ट में पेश हुए नवीन जयहिंद

**पायनियर समाचार सेवा।** रोहतक

**रोहतक** कोर्ट में सोमवार को जयहिंद सेना के प्रमुख नवीन जयहिंद पेश हुए। उन पर पहरावर जमीन विवाद को लेकर केस चल रहा है। जिसकी सोमवार को तारिख थी।

13 मई की अगली सुनवाई होगी। कोर्ट में पेशी के बाद जयहिंद ने कहा कि इस बार उसी जमीन पर जन्मोत्सव मनाएंगे। नवीन जयहिंद ने कहा कि पहरावर जमीन के कब्जे के आरोप में जो केस चल रहा है, उसकी तारिख थी। वहां पर बोर्ड तोड़े गए थे। जिसके बाद प्रशासन द्वारा 2 केस किए गए थे। इसके बाद सरकार को वह जमीन देनी पड़ी। अब इस केस का कोई औचित्य भी



नहीं बनता। अब उस जमीन पर 19 मई को भगवान परशुराम का जन्मोत्सव मनाया जाएगा। वहीं इस जमीन पर 121 फीट की भगवान परशुराम मूर्ति निर्माण के लिए नींव रखी जाएगी। उन्होंने बताया कि कोर्ट में पेशी के बाद अगली तारिख 13 मई की लगी है। 36 बिरादरी मिलकर भगवान परशुराम का जन्मोत्सव मनाएंगे।

### लोकसभा चुनाव में भाजपा का खाता बिना चुनाव लड़े ही खुला

# सूरत प्रत्याशी मुकेश दलाल निर्विरोध जीते, कांग्रेस प्रत्याशी का पर्चा रद्द

**एजेंसी।** सूरत

**लोकसभा** चुनाव में भाजपा का खाता खुल गया है। गुजरात की सूरत लोकसभा सीट से सोमवार को भाजपा प्रत्याशी मुकेश दलाल निर्विरोध चुने गए। दरअसल यहां से कांग्रेस प्रत्याशी नीलेश कुंभाणी का पर्चा रद्द हो गया था। उनके पर्चे में गवाहों के नाम और हस्ताक्षर में गड़बड़ी थी। इस सीट पर भाजपा और कांग्रेस समेत 10 प्रत्याशी मैदान में थे। रविवार को सात निर्दलीय प्रत्याशी ने अपना नामांकन वापस ले लिया था। बीएसपी प्रत्याशी प्यारे लाल भारती ही बचे थे, जिन्होंने सोमवार को पर्चा वापस ले लिया। इस तरह मुकेश दलाल निर्विरोध चुने गए।

गुजरात कांग्रेस अध्यक्ष शक्ति सिंह गोहिल ने कहा, हमारी लीगल टीम सभी पहलुओं की पड़ताल कर रही है। कानूनी टीम इस बात पर विचार कर रही है कि पहले हाईकोर्ट में याचिका दायर की जाए या फिर सीधे सुप्रीम कोर्ट से गुहार लगाई जाए। मुकेश निर्विरोध निर्वाचित होने वाले बीजेपी के पहले सांसद बने हैं। वहीं, गुजरात के चुनावी इतिहास में भी यह पहला मौका है, जब कोई सांसद बिना चुनाव लड़े ही जीत गया हो।



### बसपा समेत बाकि आठ प्रत्याशियों ने नाम वापस लिया

बीजेपी के पूर्व डिप्टी मेयर दिनेश जोधानी ने चुनाव आयोग से शिकायत की थी कि कांग्रेस प्रत्याशी नीलेश कुंभाणी के पर्चे में प्रस्तावकों के फर्जी हस्ताक्षर करवाए गए हैं। डीईओ सौरभ पारधी ने 21 अप्रैल को इस मामले में स्पष्टीकरण मांगते हुए कुंभाणी को रविवार सुबह 11 बजे तक का समय दिया था। नामांकन पत्र रद्द करने को लेकर रविवार को कलेक्टर और चुनाव अधिकारी के समक्ष सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान फॉर्म पर हस्ताक्षर करने वाले चारों प्रस्तावक भी नदारद थे। इसके चलते आखिरकार चुनाव अधिकारी ने नीलेश कुंभाणी का फॉर्म रद्द कर दिया। निर्विरोध चुने जाने पर मुकेश दलाल ने कहा, मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश अध्यक्ष सीआर पाटिल का आभारी हूं।

मैंने लोकतांत्रिक तरीके से जीत हासिल की है। मैं वास्तव में अपने मतदाताओं और कार्यकर्ताओं का भी आभारी हूं। विरोधियों के बारे में इतना ही कहूंगा कि चीजें उनकी उम्मीदों के मुताबिक होती हैं तो उन्हें अच्छा लगता है। उम्मीदों के विपरीत काम होने पर उन्हें लोकतंत्र की हत्या नजर आने लगती है।

सूरत सीट से मुकेश दलाल पहली बार चुनाव लड़ रहे थे। इस सीट पर बीजेपी की दर्शना जरदोश पिछले तीन टर्म से चुनाव जीतती आ रही थीं, लेकिन इस बार उनका टिकट काटकर मुकेश दलाल को जगह दी गई। दलाल बीजेपी गुजरात के प्रदेश अध्यक्ष सीआर पाटिल के करीबी हैं। मुकेश दलाल पिछले 43 वर्षों से भारतीय जनता पार्टी से जुड़े हुए हैं। पाल क्षेत्र से लगातार तीन बार पार्षद रहे हैं। इसके अलावा बीजेपी युवा मोर्चा के कई महत्वपूर्ण पदों पर भी रह चुके हैं।

# सुप्रीम कोर्ट ने 30 हफ्ते की प्रेग्नेंसी में अबॉर्शन की इजाजत दी

### नाबालिग रेप विक्टिम की अर्जी पर न्यायालय का आदेश

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**सुप्रीम** कोर्ट ने 14 साल की रेप विक्टिम को करीब 30 हफ्ते की प्रेग्नेंसी में अबॉर्शन कराने की इजाजत दे दी है। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को मुंबई के लोकमान्य तिलक अस्पताल को तत्काल अबॉर्शन के लिए इंतजाम करने का आदेश दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने 19 अप्रैल को इस मामले में अर्जेंट सुनवाई की थी, जिसमें कोर्ट ने लड़की का मेडिकल कराने का आदेश दिया था। सोमवार सुबह 10.30 बजे अस्पताल ने सुप्रीम कोर्ट में अपनी रिपोर्ट दाखिल की। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ और जस्टिस जेबी पारदीवाला की बेंच ने आदेश सुनाते हुए कहा- हम अबॉर्शन की इजाजत इसलिए दे रहे हैं, क्योंकि यह असाधारण मामला है। हर घंटा विक्टिम के लिए अहम है।

बेंच ने कहा- मेडिकल रिपोर्ट में साफ कहा गया है कि प्रेग्नेंसी जारी रखने से विक्टिम की मेंटल और फिजिकल हेल्थ पर असर पड़ेगा। हालांकि रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि अबॉर्शन कराने में थोड़ा रिस्क तो है, लेकिन प्रेग्नेंसी जारी रखने में और भी बड़ा रिस्क है। दरअसल, नाबालिग की मां ने पहले बॉम्बे हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। 4 अप्रैल को बॉम्बे हाईकोर्ट ने नाबालिग को अबॉर्शन की इजाजत नहीं दी। इसके बाद लड़की की मां ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका डाली थी। सुप्रीम कोर्ट ने

### सीजेआइ ने कहा था, यह असाधारण मामला है

19 अप्रैल को हाईकोर्ट के फैसले को खारिज करते हुए नाबालिग का मेडिकल चेकअप कराने का आदेश दिया था।

इस मामले में आइपीसी की धारा 376 और पोक्सो एक्ट में केस दर्ज है। सीजेआइ चंद्रचूड़ की बेंच ने पिछली सुनवाई में कहा था कि यौन उत्पीड़न को लेकर बॉम्बे हाईकोर्ट ने जिस मेडिकल रिपोर्ट पर भरोसा किया, वह नाबालिग पीड़ित की शारीरिक और मानसिक कंडीशन का आकलन करने में विफल रही है। बेंच ने पिछली सुनवाई में निर्देश दिया था कि महाराष्ट्र सरकार याचिकाकर्ता और उसकी नाबालिग बेटी को सेफ्टी के साथ अस्पताल ले जाना तय करे। जांच के लिए गठित मेडिकल बोर्ड इस बात पर भी राय दे कि क्या नाबालिग के जीवन को खतरे में डाले बिना अबॉर्शन किया जा सकता है। यही मेडिकल रिपोर्ट सोमवार को कोर्ट में पेश की गई, जिसके आधार पर फैसला सुनाया गया।

बता दें, मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी (एमटीपी) एक्ट के तहत, किसी भी शादीशुदा महिला, रेप विक्टिम, दिव्यांग महिला और नाबालिग लड़की को 24 हफ्ते तक की प्रेग्नेंसी अबॉर्ट करने की इजाजत दी जाती है। 24 हफ्ते से ज्यादा प्रेग्नेंसी होने पर मेडिकल बोर्ड की सलाह पर कोर्ट से अबॉर्शन की इजाजत लेनी पड़ती है। एमटीपी एक्ट में बदलाव साल 2020 में किया गया था। उससे पहले 1971 में बना कानून लागू होता था।



# सीएम केजरीवाल को डॉक्टर से परामर्श की नहीं मिली इजाजत

### दिल्ली कोर्ट ने याचिका खारिज की

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**शराब** नीति केस में 1 अप्रैल से तिहाड़ जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सोमवार को राउज एवेन्यू कोर्ट से झटका लगा। उन्हें डॉक्टर से रोज 15 मिनट परामर्श की इजाजत नहीं मिली। सीएम ने वीसी के जरिए डायबिटीज की रेगुलर जांच, कंसल्टेंशन और इंसुलिन की मांग की थी। ईडी ने 18 अप्रैल को राउज एवेन्यू कोर्ट से कहा था कि जेल में केजरीवाल जानबूझकर आम और मिठाई खा रहे हैं, ताकि उनका शुगर लेवल बढ़े और उन्हें मेडिकल ग्राउंड पर जमानत मिल जाए। कोर्ट ने ईडी से इस पर जवाब मांगा था।

इससे पहले सुबह हाईकोर्ट ने उनसे जुड़ी 2 याचिकाओं पर सुनवाई की। पहली- हाईकोर्ट ने जमानत के लिए दायर की गई जनहित याचिका खारिज कर दी। याचिका वी द पीपुल ऑफ इंडिया के नाम से एक लॉ स्टूडेंट ने लगाई थी। केजरीवाल की ओर से एडवोकेट राहुल मेहरा ने कहा- सभी मामलों में असाधारण जमानत दें। ऐसी अपील कैसे की जा सकती



### सीएम ने वीसी के जरिए जांच की मांग की

है। यह पूरी तरह से पब्लिसिटी के लिए दायर की गई याचिका है। इस पर याचिकाकर्ता के वकील ने कहा, मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी से पूरी सरकार रुक गई है। वे सरकार के मुखिया हैं। कोर्ट ने कहा- राहुल मेहरा सीएम की ओर से पेश हुए हैं। उनका कहना है कि वे अपना काम कर रहे हैं। उन्हें आपसे कोई मदद नहीं चाहिए।

इसके बाद कोर्ट ने 75 हजार का जुर्माना लगाते हुए याचिका खारिज कर दी। वहीं दूसरे मामले (ईडी के समन के खिलाफ) की सुनवाई दिल्ली हाइकोर्ट में जस्टिस सुरेश कैत और जस्टिस मनोज जैन की बेंच में हुई। बेंच ने इसे 15 मई के लिए लिस्ट कर दिया।

# अगले पांच दिनों तक पूर्वी भारत पर रहेगा भीषण गर्मी का प्रकोप

**नई दिल्ली।** अगले पांच दिनों तक पूर्वी भारत के बड़े हिस्से में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी रहेगा। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने सोमवार को इसकी पुष्टि की है। विभाग के अनुसार पश्चिम बंगाल, ओडिशा, झारखंड और बिहार के कुछ हिस्सों में इस महीने दूसरी बार लू चल रही है। मौसम विभाग के अनुसार, ओडिशा में 15 अप्रैल से और पश्चिम बंगाल में गंगा के किनारे वाले इलाकों में 17 अप्रैल से लू की स्थिति बनी हुई है। एमडी ने एक बयान में कहा कि अगले पांच दिनों के दौरान पश्चिम बंगाल, कर्नाटक, ओडिशा, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और झारखंड के कुछ हिस्सों में लू की गंभीर स्थिति की आशंका है।मौसम विभाग ने कहा कि नमी बढ़ने से तटीय आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, पुडुचेरी, कर्नाटक, गोवा, केरल, पश्चिम बंगाल और बिहार के लोगों को असुविधा हो सकती है। पूर्वी मध्य प्रदेश में 22 अप्रैल और 23 अप्रैल को रात का तापमान काफी अधिक रहने की आशंका है। रात के उच्च तापमान को खतरनाक माना जाता है क्योंकि शरीर को ठंडा होने का मौका नहीं मिलता है। शहरों में यह स्थिति और अधिक दिखती है।

# बायजू ने मार्च वेतन का भुगतान करने के लिए कर्ज उठाया

**नई दिल्ली।** शिक्षण प्रौद्योगिकी मंच बायजू का संचालन करने वाली कंपनी थिंक एंड लर्न ने अपने कर्मचारियों को मार्च महीने के आंशिक वेतन का भुगतान किया है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने कहा कि आर्थिक संकट से गुजर रही कंपनी थिंक एंड लर्न के संस्थापक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) बायजू रवींद्रन ने कर्मचारियों के मार्च के वेतन का भुगतान करने के लिए अपनी व्यक्तिगत क्षमता में कर्ज उठाया है। आंशिक वेतन भुगतान पर 25-30 करोड़ रुपए के बीच खर्च होने का अनुमान है। कर्मचारियों के खाते में शनिवार 20 अप्रैल को वेतन जमा किया गया। एक सूत्र ने कहा, इस महीने वेतन का भुगतान करने के लिए रवींद्नन ने व्यक्तिगत ऋण जुटाया। इसकी वजह यह है कि राइट इश्यू का पैसा अब भी विदेशी निवेशकों ने रोक रखा है। सूत्र ने कहा, शिक्षकों और सबसे कम वेतन वाले कर्मचारियों को 100 प्रतिशत भुगतान किया गया है। बायजू पिछले साल से ही लगातार आर्थिक चुनौतियों का सामना कर रही है। इस दौरान उसके कई निवेशक भी अलग हो गए हैं और कंपनी की तरफ से जारी राइट इश्यू भी सवालों के घेरे में आ गया।

# बंगाल में 24 हजार शिक्षकों की नियुक्ति रद्द, आठ साल की सैलरी भी लौटानी होगी

### ममता बोलीं- हाईकोर्ट का फैसला गैरकानूनी, सुप्रीम कोर्ट जाएंगे

**एजेंसी।** कोलकाता

**कलकत्ता** हाइकोर्ट ने सोमवार को 2016 में हुई शिक्षक भर्ती रद्द कर दी। इसके अलावा अवैध नियुक्ति पर काम कर रहे शिक्षकों से 7-8 साल के दौरान मिली सैलरी भी वापस लेने के निर्देश दिए। जस्टिस देवांग्शु बसाक और जस्टिस शब्बर रसीदी की बेंच ने कहा- कैंसर पीड़ित सोमा दास की नौकरी सुरक्षित रहेगी। पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग (डब्ल्यूबीएसएससी) नई नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करे। हाइकोर्ट के आदेश को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गैरकानूनी बताया है। उन्होंने कहा- हम उन लोगों के साथ खड़े रहेंगे जिनकी नौकरियां चली गईं। भाजपा नेता न्यायपालिका के फैसलों को प्रभावित कर रहे हैं। इस फैसले के खिलाफ हम सुप्रीम कोर्ट जाएंगे।

पश्चिम बंगाल सरकार ने 2014 में डब्ल्यूबीएसएससी के जरिए सरकारी और सहायता प्राप्त स्कूलों के लिए टीचिंग और नॉन टीचिंग स्टाफ भर्ती किया था। तब 24, 640 रिक्त पदों के लिए 23 लाख से अधिक लोगों ने भर्ती परीक्षा दी थी। इस भर्ती में 5 से 15 लाख रुपए तक की घूस लेने का आरोप है। मामले में कलकत्ता हाईकोर्ट को कई शिकायतें मिली थीं। भर्ती में



अनियमितताओं के मामले में सीबीआइ ने राज्य के पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी, उनकी करीबी मॉडल अर्पिता मुखर्जी और एसएससी के कुछ अधिकारियों को गिरफ्तार किया था।

ममता बनर्जी की सरकार ने 2014 में शिक्षकों की भर्ती निकाली थी। इसकी प्रक्रिया 2016 में पूरी हुई थी। तब पार्थ चटर्जी राज्य के शिक्षा मंत्री थे। याचिकाकर्ताओं का आरोप था कि जिन उम्मीदवारों के नंबर कम थे, उन्हें मेरिट लिस्ट में ऊपर स्थान मिला। कुछ उम्मीदवारों का मेरिट लिस्ट में नाम न होने पर भी नौकरी दी गई। याचिकाकर्ताओं ने दावा किया कि कुछ ऐसे भी उम्मीदवारों को नौकरी दी गई, जिन्होंने टीईटी परीक्षा भी पास नहीं की थी, जबकि राज्य में शिक्षक भर्ती के लिए टीइटी की परीक्षा पास करना अनिवार्य है। इसी तरह से राज्य में 2016 में एसएससी द्वारा ग्रुप डी की 13 हजार भर्ती के मामले में शिकायतें मिली थीं। हाइकोर्ट ने इन सभी याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए सीबीआइ जांच के आदेश दिए थे। इसके बाद ईडी ने शिक्षक भर्ती और कर्मचारियों की भर्ती के मामले में मनी ट्रेल की जांच शुरू की थी। सीबीआइ ने इस मामले में 18 मई को पार्थ चटर्जी से पूछताछ भी की थी।

ईडी ने 23 जुलाई 2022 को पार्थ को शिक्षक भर्ती घोटाले में मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में कोलकाता के सरकारी आवास से गिरफ्तार किया था। पार्थ पर आरोप है कि मंत्री रहते हुए उन्होंने नौकरी देने के बदले गलत तरीके से पैसे लिए। पार्थ की गिरफ्तारी के 5 दिन बाद ममता बनर्जी ने उन्हें कैबिनेट से बर्खास्त कर दिया था। इस मामले में 16 फरवरी 2024 तक पार्थ चटर्जी के करीबियों के ठिकानों पर ईडी ने छापेमारी की थी। 22 जुलाई, 2022 को पार्थ चटर्जी के ठिकानों समेत 14 जगहों पर छापेमारी की थी। इस दौरान घोटाले में बंगाल की एक मॉडल अर्पिता मुखर्जी से जुड़ी जानकारी भी सामने आई। छापेमारी के दौरान अर्पिता मुखर्जी की प्रॉपर्टी के दस्तावेज मिले थे।

इसके बाद ईडी ने अर्पिता के घर पर छापा मारा। अर्पिता के फ्लैट से करीब 21 करोड़ रुपए कैश, 60 लाख की विदेशी करेंसी, 20 फोन और अन्य दस्तावेज मिले। 24 जुलाई को ईडी ने अर्पिता और पार्थ को गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद एक और छापेमारी में अर्पिता के घर से 27.9 करोड़ रुपए कैश मिला।

# भाजपा के शासनकाल में देश व प्रदेश में चहुंमुखी विकास हुआ है : आशावती

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद




**भाजपा** महिला जिला अध्यक्ष पलवल व जिला परिषद की पूर्व चेयरमैन आशावती ने पायनियर को दिए अपने इंटरव्यू में कहा है कि भाजपा के दस साल के शासनकाल में देश व प्रदेश ने विकास के मामलों में हर दिन नए आयाम लिखे हैं। भाजपा ने अपने सभी चुनावी वायदों को पूरा कर दिया है।

देश व प्रदेश में पूंजी निवेश तेज गति से हो रहा है। जिसकी वजह से देश व प्रदेश में नई-नई कंपनियां लगी हैं। इनमें युवाओं को रोजगार मिल रहा है। इस दौरान जीएसटी कलेक्शन रिकॉर्ड तोड़ हुआ है। जिससे हर क्षेत्र में विकास ने गति पकड़ी है। सरकारी क्षेत्र में युवाओं को योग्यता के अनुसार रोजगार मिल रहा है। देश में नए-नए एम्स व आईआईटी खुल रहे हैं। जिनमें शिक्षा प्राप्त करके युवा देश व विदेश में नाम रोशन कर रहे हैं। हथियारों के मामले में भारत आत्म निर्भर बना है। किसान सहायता राशि किसानों के खातों में सीधे पहुंच रही है। जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 को हटाकर आंतकवाद का पूरी तरह से सफाया कर दिया है। अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण कर भाजपा ने अपना चुनावी वायदा पूरा कर दिया है। बीजेपी के शासन से जनता बहुत ही खुशी है। इसलिए आने वाले लोकसभा चुनाव में 400 से अधिक सीटें जिताकर भाजपा पूर्ण बहुमत की सरकार बनाएगी।

आशावती ने कहा कि भाजपा के शासनकाल में देश व प्रदेश में तेजी से विकास किए जा रहे हैं। एक्सप्रेसवे व हाईवे का निर्माण तेज गति से हो रहा है। जिससे देश के एक क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र में आने-जाने में सुविधा हुई है। इसके अलावा नए-नए एम्स व आईआईटी, कॉलेजों का निर्माण भी हुआ है। जिनमें युवाओं को शिक्षा व रोजगार दोनों मिल रहे हैं। उन्होंने बताया कि भाजपा के शासनकाल में हजारों करोड़ रुपये का पूंजी निवेश हो रहा है। जिससे देश व प्रदेश में नई-नई कंपनियां लग रही हैं। जिनमें युवाओं को रोजगार के नए-नए अवसर मिल रहे हैं। देश में जीएसटी कलेक्शन ने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। जिसकी वजह से सभी क्षेत्रों में विकास तेज गति से हो रहा हैं। किसानों के खाते में किसान सहायता राशि सीधे पहुंच रही है। बुजुर्ग पेंशन, दिव्यांग पेंशन और विधवा पेंशन, छात्रवृति की राशि अब लोगों के खाते में पहुंच रही है। जिससे भ्रष्टाचार पर पूरी तरह से रोक लग गई है।



किसानों को कृषि के लिए 24 घंटे बिजली सप्लाई की जा रही हैं। जिससे कृषि क्षेत्र में उत्पादन में बढ़ोतरी हुई है। किसानों को उनकी फसलों की उचित कीमत मिल रही है। जिससे किसान खुशी हैं। लोगों को बेहतर व सस्ती चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है। जिससे लोगों को इलाज के लिए इधर-उधर नहीं भागना पड़ता। आशावती ने बताया कि बीजेपी के सत्ता में आने से पहले सेनाओं के लिए दूसरे देशों से हथियार मंगाए जाते थे। जिसकी वजह से कई बार हथियारों की कमी सेना के पास बनी रहती थी, परंतु भाजपा के सत्ता में आते ही देश हथियार उत्पादन में आत्मनिर्भर बना हैं। जिसकी वजह से देश की तीनों सेनाओं के बेड़े में नई-नई मिसाइलें शामिल की गई हैं, जिससे दुश्मन देश आज भयभीत हैं। करोड़ों लोगों को सस्ते दामों में राशन उपलब्ध करवाया जा रहा है। देश में एयरपोर्ट व रेलवे स्टेशनों का आधुनिकीकरण किया जा रहा है। जिससे यात्रियों को बेहतर सुविधा मिल रही है।

# अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ में अतिथि व्याख्यान का आयोजन




पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**अग्रवाल** महाविद्यालय बल्लभगढ़ में कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. संजीव गुप्ता के दिशा निर्देशन में संस्कृत विभाग एवं संस्कृत साहित्य परिषद के संयुक्त तत्वावधान में अतिथि व्याख्यान का आयोजन संस्कृत साहित्य का लौकिक इतिहास विषय पर किया। शहीद स्मारक राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय तिगांव से सहायक प्रवक्ता डॉ. सत्यनारायण को व्याख्या के लिए आमंत्रित किया गया। अतिथि ने विद्यार्थियों के समक्ष संस्कृत साहित्य के विभाजन क्रम पर चर्चा करते हुए लौकिक साहित्य पर प्रकाश डाला। सर्वप्रथम रामायण और महाभारत महाकाव्य पर विस्तार से चर्चा की। साथ ही इन पर उपजीव्य काव्य को बताते हुए कवि आश्वघोष, भास, महाकवि कालिदास, भारवि, श्री हर्ष, भवभूति इत्यादि पर चर्चा की।

# स्वतंत्रता आंदोलन में अग्रणी फरीदाबाद स्वास्थ्य सेवाओं में आज भी पिछड़ा

## बीके अस्पताल में वर्षों बाद में शुरू नहीं हो सकी आईसीयू की सुविधा






पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**भारत** के स्वतंत्रता आंदोलन में मुख्य योगदान देने वाले जिला फरीदाबाद का बीके अस्पताल आज भी जन सुविधाओं से वंचित है। स्वतंत्रता आंदोलन में फरीदाबाद के लोगों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया था। परंतु उसके बाबजूद भी इस जिले का सबसे पुराना व बड़ा अस्पताल सुविधाओं के मामलें में आज भी पिछड़ा हुआ है।

लोगों का कहना है कि फरीदाबाद के बीके अस्पताल में आईसीयू की सुविधा नहीं होने से यहां पर तैनात डॉक्टर गंभीर रूप से बीमार व घायलों को दिल्ली व रोहतक अस्पतालों को रेफर कर देते हैं। दूसरे शहरों में इलाज करवाने पर मरीजों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। लोगों ने बगैर देरी के बीके अस्पताल में आईसीयू की सुविधा शुरू करने की मांग की है। जिससे लोगों को इलाज की सुविधा समय पर मिल सके।

फरीदाबाद जिले के लोगों ने देश के स्वतंत्रता आंदोलन में मुख्य भूमिका निभाई थी। स्वतंत्रता आंदोलन के महानायक राजा नाहरसिंह का महल फरीदाबाद के बल्लभगढ़ में आज भी मौजूद है। शहीदेआजम भगत सिंह के परिजन भी फरीदाबाद जिले में ही निवास करते हैं। शहीदों की याद में बना जीतगढ़ स्मारक भी तिगांव में स्थित है। इसके अलावा भी फरीदाबाद जिले के सैकड़ों लोगों ने स्वतंत्रता आंदोलन में बढ़-चढ़कर भाग लिया था। परंतु उसके बाद भी फरीदाबाद का मुख्य बीके अस्पताल आज भी आईसीयू की सुविधा से वंचित है। जिससे यहां के लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। लोगों का कहना है कि बीके अस्पताल में रोज मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं। जिनमें से गंभीर रूप से बीमार व घायल मरीजों की हालात को देखते हुए डॉक्टर दूसरे शहरों के अस्पतालों को भेज देते हैं। वहां जाने में मरीज को कई बार घंटों का समय लग जाता है और मरीज का इलाज समय पर नहीं हो पाता है। वहीं अधिक खून भी इस दौरान बह जाता है। जिससे मरीज कई बार इलाज मिलने से पहले ही दम तोड़ देता है। लोगों का कहना है, जो सही सलामत दूसरे शहरों में पहुंच भी जाता है, वो वहां पर आने-जाने व दवाइयों के खर्चे से आर्थिक रूप से कमजोर हो जाता है। कई बार इसकी वजह से मरीज के रिश्तेदारों को उधार लेकर पैसे इलाज में लगाने पड़ते हैं।

> जिला फरीदाबाद के लोगों ने स्वतंत्रता आंदोलन में बढ़-चढ़कर भाग लिया था। शहीदों की याद में बने कई स्मारक भी फरीदाबाद में आज भी स्थित है। परंतु यहां के बीके अस्पताल में आईसीयू की सुविधा नहीं है।
>
> **-अजय सौरोत**
>
> ------------------
>
> बीके अस्पताल में तुरंत ही आईसीयू की सुविधा शुरू की जाए। जिससे इलाज के लिए आए मरीजों का इलाज फरीदाबाद में ही हो सके व उन्हें इलाज के लिए दूसरे शहरों में नहीं जाना पड़े।
>
> **-ओमबीर सिंह**

# शादी-ब्याह के अवसर पर लोग गिना रहे पार्टियों की अच्छाई व खामियां

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद






**लोकसभा** चुनाव की तारीख ज्यों-ज्यों नजदीक आती जा रही है, त्यों-त्यों चुनावी चर्चा बढ़ती जा रही है। अब तो शादी-ब्याह के अवसर पर भी लोग इकट्ठा होते ही पार्टियों की नीतियों और वायदों पर खूब बातें कर रहे हैं। हरेक लोग अपनी पंसदीदा पार्टी का पक्ष और दूसरी पार्टी की नीतियों की खामियां गिना रहा है। शादी के अवसर पर गार्डन में हुक्के की गुड़गुड़हाट पर चुनावी चर्चा करते हुए देवकरण का कहना था कि बीजेपी के शासनकाल में सभी क्षेत्र में तेजी से विकास हुआ है।

शहरों में बैंक्वट हॉल, गार्डनों का निर्माण तेज गति से हुआ है। जहां पर लोग अपने शादी-ब्याह आराम से कर सकते हैं। इन गार्डन आदि में लोगों की सहूलियत के लिए सभी सामान आसानी से उपलब्ध होता है। जिससे बारातियों व रिश्तेदारों को आराम रहता है। कुछ साल पहले तक ऐसी सुविधा नहीं थी। आंधी, बरसात आदि आने पर भी अब शादी-ब्याह में कोई रूकावट नहीं आती है। सभी कार्य बगैर रुकावट हो जाता है। गार्डन आदि में जरनेटर की सुविधा होने से बिजली जाने पर भी सभी कार्य बगैर बाधा के चलते रहते हैं। देवकरण की बात को काटते हुए दलीप सिंह व गिरधारी लाल का कहना था कि अब बैंक्वट हॉल, गार्डन आदि में शादी-ब्याह का खर्चा करोड़ों में होता है। जो गरीबों व मध्यम वर्ग की पहुंच से बाहर रहता है। वहीं गार्डन तक पहुंचने के लिए शादी वालों को वाहनों का इंतजाम करना पड़ता है, जिससे यह खर्चा और भी बढ़ जाता है। इसलिए वे आज भी शादी ब्याह का कार्यक्रम चौपाल, बैठक आदि पर ही करना पंसद करते हैं। उन्होंने बताया कि इस तरीके से आयोजन करने पर खाने के सामान की भी बर्बादी भी होती है। लोगों को इस बर्बादी से भी बचना चाहिए। वहीं सुरेश कुमार का कहना था कि बीजेपी के शासन में महंगाई तो बढी है, परंतु लोगों को अब सुविधाएं भी मिल रही हैं। जिससे हर कार्य आराम से हो जाता है।सरकार की तरफ से भी सामुदायिक भवनों का निर्माण किया गया है।

# डीपीएस ग्रेफा ने 11 वर्ष पूर्ण होने पर धूमधाम से मनाया अर्थ डे



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**डीपीएस** ग्रेटर फरीदाबाद ने अपना 11वां स्थापना दिवस अर्थ डे पर धूमधाम से मनाया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में पर्यावरणविद अनुज रामात्री, अनित गुप्ता, एसडीजी क्रूरूसेडर, रितु मल्होत्रा एसडीजी क्रेसेडर उपस्थित रहे। दीप प्रज्ज्वल व पौधारोपण के साथ कार्यकम की विधिवत शुरुआत की गई।

इस अवसर पर स्कूल के स्कूल की प्रिंसिपल डॉ. बिंदु शर्मा, मुख्याध्यापिका संजना महाजन व रितु जैन भी मौजूद रहीं। इस मौके पर विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली। इस मौके पर स्कूल के प्रो. वीसी रोहित जैनेंद्र जैन ने स्कूल के स्थापना दिवस की बधाई देते हुए कहा कि पर्यावरण को लेकर बच्चों के अंदर गंभीरता आए, इसी उद्देश्य को लेकर डीपीएस ग्रेफा ने अपना स्थापना दिवस पृथ्वी दिवस को समर्पित करते हुए मनाया है। वहीं स्कूल की प्रिंसिपल डॉ. बिंदु शर्मा ने छात्रों के प्रयास की सराहना करते हुए बताया कि बच्चों को पर्यावरण संरक्षण स्वयं करने के साथ-साथ दूसरों को भी करने के लिए प्रेरित किया गया है। उन्होंने कहा कि आज के समय में प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण भी बेहद जरूरी है, जिसके लिए बच्चों को प्रोत्साहित किया गया है। इस मौके पर पर्यावरण को लेकर बैंड द्वारा प्रस्तुति दी गई। स्कूल की प्रिंसिपल डॉ. बिंदु शर्मा ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# स्थानीय समस्याओं की ओर ध्यान देने वाला हो सांसद

**फरीदाबाद।** लोकसभा के चुनाव की तिथि घोषित होते ही उम्मीदवार व संभावित उम्मीदवारों ने अपनी कमर कस ली है। जहां एक ओर कुछ प्रत्याशी टिकट की जुगत में लगे हैं, वहीं लोग भी क्षेत्र से ऐसा उम्मीदवार चाहते हैं जो उनकी उपेक्षाओं पर खरा उतर सके। लोगों का कहना है कि वे अनेक समस्याओं से जूझ रहे हैं। उनका सांसद अपने वायदे पर खरा उतरने वाला होना चाहिए। सांसद जुझारु होना चाहिए, जो जनता सुख व दुख में हमेशा साथ रहे।






क्षेत्र की जनता को जन प्रतिनिधियों से आस होता है। जनता की समस्याओं को हर संभव समाधान करने के लिए सांसद को सक्रिय रहना चाहिए। सड़क, नाली, पानी जैसी मुलभुत सुविधाओं को जनजन तक पहुंचाना चाहिए।

**-नरेश शर्मा**



कॉलोनी में कई जगह कूड़े का ढेर रहता है। कूड़ेदान की समुचित व्यवस्था नहीं है। लोग खुले में कचरा फेंकने को मजबूर हो रहे हैं। ऐसा उम्मीदवार हो जो इन समस्याओं को दूर करने के लिए अधिकारियों से कह सके।

**-राकेश**



कॉलोनी में गंदगी का आलम रहता है। साथ ही थोड़ी सी बारिश से पार्क व गलियों में पानी भर जाता है। इसका समाधाना होना चाहिए। क्षेत्र में पानी की सप्लाई सुनिश्चित हो, ऐसा सांसद होना चाहिए।

**-ऊषा**



सांसद ऐसा होना चाहिए जो समय समय पर अपने क्षेत्र का दौरा कर लोगों की समस्याएं सुन उन्हें तुरंत दूर करे। उसे जनता के प्रति जवाबदेह होना चाहिए, केवल कार्यालय में बैठने वाला सांसद नहीं चाहिए।

**-प्रियंका तेवतिया**

# पारदर्शिता व निष्पक्षता से अपनी ड्यूटी का निर्वहन करें अधिकारी : डीसी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**लोकसभा** निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने कहा कि सही प्रशिक्षण लेने के उपरांत कार्य के बेहतर क्रियान्वयन के लिए कमी की गुंजाइश बहुत ही कम होती है। विक्रम सिंह ने भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार लोक सभा चुनाव प्रक्रिया से जुड़े सहायक रिटर्निंग अधिकारी, सेक्टर ऑफिसर्स, प्रजाइडिंग ऑफिसर और सहायक प्रजाइडिंग ऑफिसर को लोक सभा पर्व चुनाव-2024 के सफल चुनाव संचालन के लिए चुनाव प्रक्रिया से जुड़े विभिन्न ऑफिसर्स को टिप्स देते हुए यह बात कही।



प्रशिक्षण में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आदर्श आचार संहिता कि हिदायतों के अनुसार चुनाव पर्व प्रणाली से जुड़े अधिकारियों के स्वयं के चुनाव पर्व में मतदान करने के लिए फार्म-12 और 12ए भी भरवाए गए हैं। ताकि वे चुनाव पर्व में मतदान के भागीदार बन सकें। लोक सभा निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह सोमवार को भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार लोकसभा चुनाव-2024 के चुनाव पर्व को फेयर एण्ड फ्री करवाने के लिए अधिकारियों के प्रशिक्षण कार्यशाला में स्थानीय अमृता अस्पताल के ऑडिटोरियम में संबोधित कर रहे थे। बता दें कि जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जिला फरीदाबाद में निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार आरओ लेवल के अधिकारियों को मॉर्निंग और इवनिंग सत्र में चार दिवसीय रैंडमली प्रथम चुनाव प्रक्रिया से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर बारीकी से प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सबसे मतदान केंद्रों में उम्मीदवारों के पोलिंग एजेंटो की मौजूदगी में मॉक पोल करवाकर इवीएम को क्लीयर करके क्लोज जरूर करें।

मतदान दौरान हर दो दो घंटे में मतदान प्रतिशत की जानकारी सेक्टर आफिसर्स के जरिये सहायक रिटर्निंग अधिकारी को देना सुनिश्चित करें। भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार मीडिया कवरेज मतदान केंद्रों बाहर ही करवाई जाएं। मतदान केंद्रों के भीतर मीडिया कवरेज कवरेज पर आयोग की हिदायतों के पूर्णत पाबंदी सुनिश्चित की गई है।

# बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाता घर से वोटिंग का चुन सकते हैं विकल्प

## फॉर्म 12डी के लिए अपने क्षेत्र के बीएलओ से संपर्क करें या सक्षम मोबाइल एप का करें इस्तेमाल

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**अतिरिक्त** उपायुक्त एवं स्वीप के नोडल अधिकारी डॉ. आनंद शर्मा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 18वें लोकसभा आम चुनाव में 85 वर्ष से अधिक आयु व दिव्यांग मतदाताओं को बैलेट पेपर द्वारा घर से ही मतदान करने की सुविधा दी गई। ऐसे मतदाताओं को अपने क्षेत्र के बीएलओ से संपर्क करके फॉर्म 12डी प्राप्त करना होगा तथा इस फॉर्म को डेट ऑफ नोटिफिकेशन के पांच दिन के अंदर भरकर जमा कराना होगा।

एडीसी एवं स्वीप के नोडल अधिकारी डॉ. आनंद शर्मा सोमवार को लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में दिव्यांगजनों के साथ आयोजित बैठक में उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बैठक में उपस्थित चुनाव कार्यालय के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि एरिया में यह सुनिश्चित करें की इन वर्गों के कितने मतदाता ऐसे हैं जो घर से मतदान करने के इच्छुक हैं। भारत चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित वर्ग के जो मतदाता घर से मतदान करने का आवेदन करते हैं उनका घर से ही मतदान सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने बताया कि जो दिव्यांगजन पोलिंग बूथ पर आकर मतदान करना चाहते हैं, उनके लिए प्रशासन द्वारा जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के माध्यम से रैंप, शौचालय सहित सभी मेडिकल सुविधाओं की व्यवस्था की जाएगी जिससे कि उन्हें किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

एडीसी ने कहा कि बीएलओ द्वारा युवाओं को वोट बनवाकर आगामी 25 मई को लोकसभा आम चुनाव में मतदान करने के लिए के लिए जागरूक किया जाए। उन्होंने कहा कि इसके अलावा वर्तमान में वोट ट्रांसफर के लिए आवेदन किया जा सकता है, जिन मतदाताओं को अपने वोट अन्य स्थान पर ट्रांसफर करवाना है, वह भी इलेक्शन कमीशन की वेबसाइट, एप के माध्यम से या फिर इलेक्शन कार्यालय में ऑफलाइन मोड से निर्धारित फार्म भरकर जमा करवा सकते हैं।

बैठक में जिला रेडक्रॉस सोसाइटी सचिव बिजेंदर सौरोत, जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी राकेश गौतम सहित जिला के अलग-अलग विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों से आए दिव्यांगजन उपस्थित रहे।

# राधे योग ग्रुप के सुंदरकांड पाठ का आयोजन आज

**फरीदाबाद।** हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष में सिटी पार्क बल्लभगढ़ में राधे योग ग्रुप द्वारा भव्य सुंदरकांड पाठ का आयोजन 23 अप्रैल कोा सुबह पांच बजे से रहेगा। मुख्य आयोजक मास्टर सुरेश व उनकी टीम द्वारा पार्क में समय-समय पर सामाजिक व धार्मिक प्रोग्राम होते रहते हैं। उनका मुख्य उद्देश्य लोगों को योग के साथ-साथ धार्मिक और सामाजिक रूप से जोड़ना है। आदर्श समाज की रचना के लिए स्वस्थ शरीर के साथ-साथ व्यक्ति को चरित्रवान भी होना चाहिए, जिसके लिए धार्मिक व सामाजिक कार्य में भागीदारी जरूरी है। सभी श्रद्धालुओं के लिए सुंदर भंडारे की व्यवस्था रखी गयी है।

# अस्थाई समायोजन प्रक्रिया का अतिथि अध्यापक संघ ने किया विरोध



पायनियर समाचा सेवा। फरीदाबाद

**विगत** दिनों विभाग द्वारा वर्ष 2017 के पीआरटी अध्यापकों के स्थानांतरण अतिथि अध्यापकों की पोस्ट को खाली मानकर किए और अतिथि अध्यापकों को स्पेशल स्थानांतरण ड्राइव चलने तक वर्तमान विद्यालय में बने रहे के आदेश दिए। कार्यालय पहुंचकर अतिथि अध्यापक संघ ने जिला शिक्षा अधिकारी की अस्थाई समायोजन प्रक्रिया पर शंका व्यक्त की और सवालों के समायोजन पर उंगली उठाई। विभाग ने अभी-तक किसी भी अतिथि अध्यापक को सरप्लस चिन्हित नहीं किया है, फिर भी अतिथि अध्यापकों को समायोजित किया जा रहा है। स्थानांतरण से ग्रामीण विद्यालयों में अध्यापकों की कमी देखी गई, लेकिन समायोजन शहरी स्कूलों में किया जा रहा है।

विभाग के आदेश के बगैर अतिथि अध्यापकों पर समायोजन का दबाव बनाया जा रहा है। जिससे अतिथि अध्यापकों में भय का बन रहा है। विभाग द्वारा अतिथि अध्यापकों का समायोजन बहुत ही सरल और पारदर्शी तरिके से किया गया था। अतिथि अध्यापकों के साथ-साथ नियमित अध्यापकों के विद्यालयों को भी बदलवा जा रहा है। अतिथि अध्यापक संघ इस समायोजन प्रक्रिया का विरोध करता है।

**पायनियर पाठकों के लिए**

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट मो.नं. -7428353299
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक मो. नं. - 9818848494
- मदनलाल, अंबेडकर चौक बल्लभगढ़ मो.नं.- 9811477204
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट मो.नं.-9255029919
- त्रिलोक, फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक, मो. नं. 9910754890
- हितेश सेक्टर-29, फरीदाबाद मो. नं. 9910533103




**निभाने की जगह अब लोग जैसे ढो रहे रिश्ते**
**कमाने की जगह पर लोग अब तो खो रहे रिश्ते**
**तेरी दुनिया में ओ ईश्वर करें क्या बात ग़ैरों की**
**यहाँ अब अपनों के हाथों कलंकित हो रहे रिश्ते**

**आरोपी व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उदघोषणा ( धारा 82 सीआरपीसी )**



**आरोपी सुरजीत सिंह मीणा अदालत में हाजिर हो।**

आरोपी सुरजीत सिंह मीणा पुत्र श्री नत्थू सिंह मीणा निवासी गांव तोडूपुरा थाना हिंडौन सदर जिला करौली राजस्थान, माननीय श्रीमती ज्योति ग्रोवर जेएमआईसी की अदालत फरीदाबाद में हाजिर हो। सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आरोपी सुरजीत सिंह मीणा पुत्र श्री नाथू सिंह मीणा निवासी गांव तोडूपुरा थाना हिंडौन सदर जिला करौली राजस्थान के खिलाफ, थाना सेक्टर 31 फरीदाबाद में भा.द.स. की धारा 420 467 468 तथा 471 के तहत मुकदमा नम्बर 237/2021 दर्ज है। आरोपी का उपरोक्त केस माननीय की अदालत में विचाराधीन है। आरोपी के खिलाफ अदालत द्वारा वारंट जारी किए गए हैं, परंतु आरोपी गिरफतारी से बचने के लिए फरार चल रहा है। माननीय अदालत फरीदाबाद द्वारा धारा 82 सीआरपीसी की कार्यवाही के अनुसार आरोपी को दिनांक 25.04.2024 या उससे पहले अदालत में हाजिर होने के आदेश दिए गए है। उपरोक्त आरोपी की अदालत में हाजिर होने की अपेक्षा की जाती है।

**थाना सेक्टर 31, फरीदाबाद : 9582200122**

**मृतक की पहचान**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि दिनांक 07.02.2024 एक नामपता नामालूम व्यक्ति का शव ओल्ड चौक, फरीदाबाद पर मृत अवस्था में पडा हुआ मिला है, जिसका हुलिया रंग सांवला, दरमियाना शरीर, लम्बूतरा चेहरा, कद करीब 5 फुट 8 इंच बा उम्र करीब 40 साल है, जिसने काले रंग की जीन्स व काले रंग की जैकेट और नग्गे पैर है, मुकदमा नम्बर 09 दिनांक 07.02.2024 धारा 174 द.प्र.सं. अगर किसी व्यक्ति को नामपता नामालूम व्यक्ति के शव के बारे में सूचना मिले तो निम्नलिखित नम्बरों पर सम्पर्क करें।

**प्रबन्धक अफसर थाना सेक्टर 17, फरीदाबाद : 9582200147**
**इन्चार्ज पुलिस चौकी सेक्टर 16, फरीदाबाद : 9582200146**

# अरावली गोल्फ क्लब में होगी अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं

## क्लब को आधुनिक बनाने के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**एनआईटी** स्थित अरावली गोल्फ क्लब के जीर्णोद्धार की योजना तैयार की गई है। योजना के तहत इसे अंतरराष्ट्रीय मानकों पर विकसित किया जाएगा। नए कमरे बनाए जाएंगे, साथ ही हॉल की संख्या बढ़ाई जाएगी। उसी के हिसाब से लैंडस्केप विकसित होगा। इसके लिए हरियाणा पर्यटन निगम ने टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी है। चुनाव होने के बाद योजना पर काम शुरू किया जाएगा। इस पर करीब साढ़े आठ करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। एनआईटी स्थित गोल्फ क्लब फरीदाबाद की शान है। इसमें हर साल कई बड़े गोल्फ टूर्नामेंट आयोजित किए जाते हैं। गोल्फ क्लब को 58 वर्ष पहले 1966 में बनाया गया था।



अमेरिका के प्रसिद्ध गोल्फ वास्तुकार स्टीफन और इसकी इमारत को प्रसिद्ध वास्तुकार जोसेफ ऐलन स्टीन की प्रेरणा से डिजाइन किया गया था। वर्ष 1988 से हरियाणा पर्यटन निगम इसका संचालन कर रहा है। 75 एकड़ में फैले इस क्लब में गोल्फ के करीब 18 हॉल हैं, जिसमें से नौ ही उपयोगी हैं। यहां पर 18 हॉल और बनाए जाएंगे। गोल्फ खिलाड़ियों के लिए यहां रात्रि विश्राम के लिए करीब छह खूबसूरत कमरे भी हैं, जिन्हें अब बढ़ा दिया जाएगा। घास लगाई जाएगी, पानी की निकासी व सिंचाई की व्यवस्था आदि भी उसी हिसाब से की जाएगी। ऊंचे-ऊंचे और हरे-भरे पेड़ों के बीच इसकी खूबसूरती और बढ़ेगी। इसके साथ ही इसके भवन को भी अंतरराष्ट्रीय स्तर का आकर्षक लुक दिया जाएगा। इसके लिए शुरुआत में करीब आठ करोड़ 26 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। इसके लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। चुनावों के बाद जीर्णोद्धार का कार्य शुरू किया जाएगा। उद्योगपति व गोल्फर नवदीप चावला ने बताया कि अरावली गोल्फ क्लब के 400 से ज्यादा खिलाड़ी सदस्य हैं।

# परिजन ही थमा रहे नाबालिगों के हाथों में बाइक और स्कूटी

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

## दूसरी तरफ निजी वाहनों का स्कूल के बच्चे ले जाने का सिलसिला जारी




**कनीना** हादसे के बाद भी न तो प्रशासन ने कोई सबक लिया है और न ही स्कूल संचालकों व अभिभावकों ने। जहां एक ओर अवैध वाहनों द्वारा स्कूली बच्चों को ढोना जारी है, वहीं अभिभावक अपने बच्चे को दुपहिया वाहनों की चाबी दे रहे हैं।

शहर में यूं तो हर दिन हाइवे ही सड़कों के साथ ही अंदर की सड़कों में ट्रैफिक जाम से आवागमन बेहाल रहता है। जिसे दुरुस्त करने के लिए यातायात पुलिस जद्दोजहद करती रहती है। इन सभी के बीच नाबालिग बालक-बालिकाओं के फर्राटेदार बाइक और स्कूटी का चलाकर खुद और अन्य राहगीरों के लिए आफत बन रहे हैं। इनसे सड़क में आवागमन करने वाले लोग को सड़क दुघर्टना का शिकार होने के भय के माहौल में डाल रहे हैं। इन नाबालिग बाइक चालकों से पुलिस व आम जनता भी परेशान रहती है। जानकारी के अनुसार 12-14 वर्ष के बच्चों द्वारा साइकिलों के स्थान पर स्कूल सहित अन्य स्थानों में जाने के लिए बाइक और स्कूटी का उपयोग कर रहे हैं और इसके लिए उनके माता पिता भी आसानी से उन्हें बाइक उपलब्ध करा रहे हैं। जिसके बाद वह इसके आदि हो जाते हैं और सड़कों पर सरपट वाहन दौड़ाते नाबालिग न केवल आवागमन में परेशानी पैदा कर रहे हैं बल्कि खुद भी जान जोखिम में डाल रहे हैं। इसमें खासतौर से स्कूली बच्चों को बाइक, स्कूटी दौड़ाते हुए देखा जा सकता है।

नियम मुताबिक निर्धारित आयु पूरी किए बगैर वाहन चलाना गलत है। इनका लाइसेंस भी परिवहन विभाग जारी नहीं करता। नाबालिग बेखौफ होकर बाइक और कार दौड़ा रहे हैं। स्कूल तक यह वाहन लेकर जाते हैं। बच्चों को वाहन देने में उनके परिजन भी कम जिम्मेदार नहीं है। उनको स्कूटी और बाइक सौंप दी जाती है। बच्चों के हाथ में वाहन आते ही वह फर्राटे भरने लगते हैं।

रफ्तार देख कई लोग भौचक्के रह जाते हैं। देखा जाए तो यह रफ्तार का कहर कई बार सड़क दुर्घटना के रूप में नजर आ चुका है। फिर भी पालक द्वारा बेफिक्र होकर नाबालिग बालक व बालिकाओं के हाथ में बाइक थमाई जा रही हैं।

**ये हैं नियम :** परिवहन विभाग के मुताबिक 16 साल या इससे ऊपर के बच्चों का ही वाहन का लाइसेंस बनाया जाता है।

यह लाइसेंस भी 50 सीसी इंजन तक का बनता है। यानि बच्चे मोपेड ही चला सकते हैं। बिना लाइसेंस के वाहन चलाना गलत है। 18 साल की उम्र होने पर ही दुपहिया या चार पहिया वाहन का लाइसेंस बनाया जा सकता है। नाबालिग के बिना लाइसेंस के पकड़े जाने पर यातायात पुलिस 1500 रुपए जुर्माना वसूलती है।

# डोली उठने के कुछ घंटे पहले उठ गया जनाजा

## शादी वाले दिन ही सड़क हादसे में हुई दुल्हन की मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद





**सोमवार** को सराय के पास सड़क हादसे में एक युवती की मौत हो गई। युवती की सोमवार को शादी होनी थी और इससे पहले वह अपने भाई के साथ फरीदाबाद के विनय नगर अपने चाचा के घर जा रही थी।

जानकारी के मुताबित दिल्ली के मोलदबंद की रहनेवाली अंकिता की बदरपुर निवासी रजनीश से 22 अप्रैल को शादी थी। वह मुत्थुट फाइनेंस में काम करती थी। इससे पहले वह अपने भाई और सहेली के साथ विनय नगर जा रही थी कि रास्ते में उनकी कार एक केंटर से टकरा गई। हादसे में अंकिता की मौत हो गई, जबकि उनका भाई सुमांकित, निशांत और सहेली अंशु घायल हो गए। सभी को एम्स ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। अंकिता के शव का पोस्टमार्टम बादशाह अस्पताल में कराया गया है। पुलिस ने केंटर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। घटना के बाद दोनों परिवारों में मातम छाया हुआ है।

फरीदाबाद में बड़ा दर्दनाक हादसा हुआ है। विनय नगर इलाके में शादी के दिन ही दुल्हन की सड़क हादसे में मौत हो गई। उसके दो भाइयों व सहेली की हालत गंभीर है। जिस घर में शादी की खुशियां थी, शहनाई बज रही थी, वहां मातम पसरा है और परिवार की महिलाओं के रोने की आवाज पूरे क्षेत्र को झकझोर रही है। घायलों कास दिल्ली के ट्रामा सेंटर में इलाज चल रहा है। घर में नाते रिश्तेदार जुटे थे और खुशी का माहौल था। परिवार बारात आने से पहले घर में होने वाली शादी की रस्में पूरी करने में जुटा हुआ था। अंकिता के मौसा मिथलेश कुमार ने बताया कि सुबह चाचा सिया राम के घर विनय नगर में रस्म के चलते पूजा पाठ का कार्यक्रम था। इसमें भाग लेने के लिए अंकिता अपने भाई सुमांकित, चचेरे भाई निशांत कुमार व सहेली के साथ चाची के घर जा रह थे। उनकी कार सेक्टर-37 बाइपास रोड पर पहुंची तो वहां खड़े केंटर में कार की टक्कर हो गई।

# बीके में डायरिया के मरीजों की संख्या बढ़ी, अस्पताल में ओआरएस भी खत्म

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**गर्मी** बढ़ने के साथ ही जलजनित बीमारियों ने भी पैर पसारने शुरू कर दिए हैं। बदलते मौसम की वजह से निजी और बीके अस्पताल में पेट दर्द, डायरिया और बुखार के मरीज अधिक संख्या में पहुंच रहे हैं। बीके अस्पताल की ओपीडी में प्रतिदिन 30 मरीज डायरिया से ग्रस्त आ रहे हैं। इसके अलावा डायरिया ग्रस्त 12 बच्चे बाल चिकित्सा वार्ड में भर्ती हैं। वहीं, निजी अस्पतालों में भी बड़ी संख्या में मरीज डायरिया उपचार करवाने के लिए आ रहे हैं। डायरिया के मरीजों की संख्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। अस्पताल में अव्यवस्था का आलम यह है कि करीब एक महीने से ओआरएस पैकेट खत्म हैं। इसके कारण तिमारदारों को बाहर से ओआरएस खरीदकर लाना पड़ रहा है।

गर्मी बढ़ने के साथ ही उल्टी-दस्त के मरीजों की संख्या में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। जिला अस्पताल, एम्स अस्पताल की शाखा, अटल बिहारी वाजपेई मेडिकल कॉलेज, ईएसआई मेडिकल कॉलेज की ओपीडी में बड़ी संख्या में उल्टी-दस्त के मरीज परामर्श लेने पहुंचे। बीमार लोगों में छोटे बच्चे व बुजुर्ग अधिक संख्या में थे। बीके अस्पताल की ओपीडी में को 25 से 30 मरीज डायरिया ग्रस्त पहुंचे। बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. विकास गोयल ने बताया कि गर्मी में डायरिया फैलने की संभावना अधिक रहती है। इससे बचाव के लिए सावधानी बरतनी चाहिए। प्रदूषित पानी पीने व बाजार में खुले में बिक रहे जूस व अन्य खाद्य सामग्री डायरिया की मुख्य वजह हैं। इसलिए गर्मी के दिनों में बाहर के खाने का सेवन नहीं करना चाहिए। डॉ. विकास ने बताया कि बीके अस्पताल की पहली मंजिल पर बने बाल चिकित्सा वार्ड में डायरिया से ग्रस्त 12 बच्चे भर्ती हैं। बच्चों की उम्र 10 महीने से कम है। इन बच्चों की हालत गंभीर होने के चलते अस्पताल में भर्ती किया गया। उन्होंने बताया कि वार्ड में कुल 38 बेड हैं, जिसमें से 10 बेड पोषण पुनर्वास केंद्र के हैं, जिसमें 10 बच्चे भर्ती हैं।

डायरिया के मरीजों को सबसे पहले उल्टी दस्त को रोकने के लिए पानी चढ़ाया जा रहा है।

**यह हैं उपाय :**
- -प्रदूषित जल का सेवन न करें।
- -खुले में रखे कटे फल व जूस का प्रयोग न करें।
- -आरओ या उबला हुआ पानी ठंडा करके पीएं।
- -बासी भोजन का उपयोग न करें।
- -धूप में निकलते समय छाते का इस्तेमाल करें।
- -घर से बाहर निकलने पर शुद्ध पानी अधिक से अधिक पीएं।
- -ओआरएस व नींबू का पानी समय-समय पर पीते रहें।

# टेरा फिरमा के समापन पर छात्रों ने कई गतिविधियों में भाग लिया



**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**टीकरी** ब्राहमण स्थित केसीएम वर्ल्ड स्कूल में 18 अप्रैल से चले आ रहे टेरा फिरमा वीक का समापन किया गया। विद्यालय में पूरे सप्ताह पृथ्वी को हरा-भरा और प्रदूषण मुक्त बनाए रखने के लिए कई गतिविधियों और प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें नर्सरी से दसवीं कक्षा के छात्रों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया तथा अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। इसके लिए विशेष प्रार्थना-सभा का भी आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों ने अपने विद्यालय, अपने घर व आस-पड़ोस को स्वच्छ रखने की शपथ ली। पृथ्वी व पर्यावरण को संरक्षित करने के लिए कुछ नियमों का पालन करने की भी सलाह छात्रों को दी गई। छात्रों ने बायोडिग्रेडेबल कचरे को नॉन बायोडिग्रेडेबल कचरे से अलग करके कंपोस्ट बनाना सीखा। कविताओं व पंचतत्वों पर नृत्य प्रस्तुति के माध्यम से भी विश्व पृथ्वी दिवस पर छात्र-छात्राओं द्वारा पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। पौधारोपण के माध्यम से छोटे-छोटे बच्चों ने पृथ्वी के प्रति अपने कर्तव्य को निभाना सीखा।

इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को प्रधानाचार्या पारुल भारद्वाज द्वारा पुरस्कृत किया गया तथा बच्चों को पृथ्वी दिवस की महत्ता से रु-ब-रु करवाया गया। इसके साथ ही केजी-1 से लेकर दूसरी कक्षा तक के बच्चों के लिए बैगलैस डे का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर हेल्थी टिफिन प्रतियोगिता हुई।

# सातवीं की छात्रा का ऑटो में अपहरण करने की कोशिश

**फरीदाबाद।** सेक्टर-25 स्थित सातवीं कक्षा की छात्रा का शनिवार को ऑटो सवार दो आरोपियों ने अपहरण करने की कोशिश की। जाम लगने के कारण शक होने पर एक मोटरसाइकिल सवार ने अपहरणकर्ता का पीछा किया, तो अपहरणकर्ता छात्रा को रास्ते में छोड़कर फरार हो गए। थाना आदर्श नगर पुलिस जांच में जुटी है।

सातवीं कक्षा की छात्रा सरकारी स्कूल में पढ़ाई करती है। शनिवार को स्कूल की छुट्टी होने के बाद वह अपने घर को जाने के लिए अंबेडकर चौक पर ऑटो का इंतजार कर रही थी। तभी ऑटो में सवार होकर दो नकाबपोश अपहरणकर्ता आए और छात्रा से बोले कि उसके पिता बुला रहे हैं। छात्रा ने जब जाने से मना किया तो अपहरणकर्ता जबरदस्ती ऑटो में बैठाकर ले गए। आरोपी छात्रा को सेक्टर-3 की तरफ लेकर गए। जहां पर जाम लगा हुआ था। उस दौरान एक युवक ने आरोपियों से पूछा कि छात्रा को क्यों पकड़ रखा है तो अपहरणकर्ता ने कहा कि वह छात्रा के पिता से बदला लेने चाहते हैं। जिसके बाद युवक ऑटो का पीछा करना लगा तो अपहरणकर्ता डरकर छात्रा को छोड़कर फरार हो गए।

# फर्जी दस्तावेजों से 48 लाख का लोन लेने वाला गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** फर्जी दस्तावेजों के आधार पर बैंक से 48 लाख का लोन लेने के आरोपी को आर्थिक अपराध शाखा की टीम ने गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान नई दिल्ली के नांगलोई निवासी योगेश के रूप में हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। आर्थिक अपराध शाखा के एसीपी मदन कुमार ने बताया कि योगेश इस मामले के मुख्य आरोपी संजीव के पास नौकरी करता है। आरोपी संजीव ने योगेश के नाम पर एक फर्म पंजीकृत कराकर बैंक ऑफ महाराष्ट्र की दिल्ली विकास पुरी शाखा में एक खाता खुलवाया। संजीव ने अपने पास काम करने वाले सोनू नाम के युवक को राजेश सभरवाल बनाकर इसी बैंक में और खाता खुलवाया।

# कांग्रेस में डर का माहौल, नहीं कर सकी प्रत्याशियों की घोषणा : सीएम सैनी

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**मुख्यमंत्री** नायब सिंह सैनी होडल के विधायक जगदीश नायर के निवास पर उनकी बेटियों को शादी का आशीर्वाद देने के लिए पहुंचे। यहां उन्होंने कहा कि प्रदेश में 25 मई को लोकसभा का चुनाव होना है, लेकिन कांग्रेस द्वारा अभी तक लोकसभा प्रत्याशियों की घोषणा तक नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि टिकट वितरण को लेकर कांग्रेस पार्टी आपस में उलझी हुई है।

शीर्ष नेतृत्व लगातार मंथन कर रहा है, लेकिन उसके बावजूद अभी तक प्रत्याशी घोषित नहीं किए जा सके हैं। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार में केबिनेट मंत्री लक्ष्मीनारायण,



फरीदाबाद से भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर, मूलचंद शर्मा, शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा, विधायक दीपक मंगला व अन्य मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि अबकी बार भाजपा द्वारा चार सौ पार के दावे को लेकर कांग्रेस पार्टी में पूरी तरह से भय बना हुआ है। पार्टी में प्रत्याशी उतारने के लिए लगातार मंथन किया जा रहा है, लेकिन कोई प्रत्याशी मैदान में उतरने को तैयार नहीं है। राजनेताओं पर दबाव बनाकर मैदान में उतारने के प्रयास किए जा रहे हैं। विश्नोई परिवार के भाजपा से दूरी बनाने के सवाल पर कहा कि विश्नोई परिवार पूरी तरह से भाजपा के प्रति समर्पित है। सैनी ने कहा कि भव्य विश्नोई विधायक बने हैं और वह अपने पूरे परिवार के साथ मजबूती से लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि दिक्कत तो आज कांग्रेस पार्टी में बनी हुई है, जो आपस में एक दूसरे से दूरियां बनाए हुए हैं।

सीएम नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश की संस्कृति और संस्कार का संरक्षण किया है। पिछली सरकारों के दौरान संस्कृति और संस्कार विलुप्त हो रहे थे। आज हमें अपनी संस्कृति पर गौरव महसूस हो रहा है। पीएम मोदी के नेतृत्व में केदारनाथ, काशी विश्वनाथ, सोमनाथ मंदिर का जीर्णोद्धार हुआ है। 140 करोड़ लोगों के लिए गर्व की बात है कि 500 सालों के बाद रामलला भव्य और दिव्य मंदिर में विराजमान हुए। भाजपा सरकार लोगों के हित में काम करने वाली सरकार है। मजबूती से देश को आगे बढ़ाने वाली सरकार है।

नायब सैनी ने कहा कि देश की जनता अबकी बार नरेंद्र मोदी को 400 पार सीटें देने का संकल्प ले चुकी है। प्रधानमंत्री मोदी ने भी देश को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक ताकत और भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है। मोदी सरकार 10 वर्षों में गरीब, किसान, युवा और महिलाओं के सपने को साकार कर रही है। लोगों को सुरक्षित रखना मोदी सरकार का दायित्व है।

# संक्षिप्त समाचार

## समिति ने पक्षियों के लिए बांधे शीलत जल के पात्र



**फरीदाबाद।** विश्व वसुंधरा दिवस पर मिशन प्रकृति बचाओ पर्यावरण सचेतक समिति द्वारा गांव रसूलपुर में पक्षियों के लिए जलपात्रों में शीतल जल भरकर रखे तथा लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सामाजिक कार्यकर्ता महासिंह आर्य ने बताया कि अपने जीवन में हर व्यक्ति को जनकल्याण के लिए कार्य करने चाहिए। वृक्षों के आभाव में विभिन्न बीमारियां बढ़ रही हैं। स्वस्थ रहने के लिए हम सभी फल व छायादार पौधों को लगाएं। नन्हें बच्चों के साथ पंछियों के लिए जलपात्र रखते हुए संस्था संयोजक डॉ. आचार्य राम कुमार बघेल ने बताया कि जननी ओर जन्मभूमि स्वर्ग से भी अधिक महान हैं। इनकी रक्षा और सेवा हर नागरिक का कर्तव्य बनता है। यह धरती माता हम सबका पालन करती है। इसके सुंदर अनमोल उपहार जल, वृक्ष, पशु-पक्षी, नदियां, झरने आदि सब धरती की संतान सृष्टि का जीवन चक्र हैं। हम सबके भविष्य के लिए पृथ्वी को हराभरा रख इसे बचाने का संकल्प लेकर हर दिन पृथ्वी दिवस मनाया जाना चाहिए। पृथ्वी दिवस पर ग्रीन एंबेसडर डॉ. आचार्य राम कुमार बघेल को एनजीआईपीएफ अंतरराष्ट्रीय संस्था द्वारा दा बेस्ट इन्वायरमेंटलिस्ट अवॉर्ड-2024 से सम्मानित किए जाने पर डॉ. नीरज गुप्ता सहित विभिन्न संस्थाओं से जुड़े लोगों ने शुभकामनाएं दीं। संस्था पदाधिकारी मास्टर थानसिंह ने सबको पौधे देते हुए अपने आस-पास स्वच्छता, पानी बचाओ, पौधारोपण व प्रकृति पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक व आभार प्रकट किया। इस अवसर पर अमरपाल, देव, धर्मेंद्र, देवेंद्र, बालकिशन, गजेंद्र, ईश्वरराज, आकाश, मोहित आदि उपस्थित रहे।

## जीवन ज्योति स्कूल में मनाया विश्व पृथ्वी दिवस



**पलवल।** जीवन ज्योति स्कूल पलवल में विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया और सभी छात्रों को इसका महत्व भी बताया। प्रधानाचार्य ने बताया कि पृथ्वी सिर्फ मनुष्यों की ही नहीं बल्कि करोड़ों जीवण्जंतुओं और वनस्पतियों के रहने का स्थान है या यूं कहें कि यह सबका घर है, लेकिन मनुष्य अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए पृथ्वी को लगातार नुकसान पहुंचाता जा रहा है। जिसके चलते प्राकृतिक आपदाएं देखने को मिल रही हैं। प्रकृति इस तरीके से अनबैलेंस हो गई है कि बाढ़, पॉल्यूशन, क्लाइमेट चेंज, ग्लोबल वॉर्मिंग जैसी समस्याएं बढ़ती जा रही हैं। स्कूल प्रधानाचार्य बताया कि इन्ही समस्याओं पर सबका ध्यान आकर्षित करने के लिए और पृथ्वी पर मंडरा रहे खतरे को दूर करने के विश्व पृथ्वी दिवस मनाया जाता है, ताकि लोगों को पृथ्वी और प्रकृति के महत्व के प्रति जागरूक किया जा सके। हर साल विश्व पृथ्वी दिवस 22 अप्रैल 2024 को मनाया जाता है और हर बार एक अलग थीम थीम रखी जाती है। 22 अप्रैल 1970 को पहली बार संयुक्त राज्य अमेरिका में पृथ्वी दिवस मनाया गया। डेनिस हेस ने विश्व स्तर पर इस दिन को मनाने का प्रस्ताव रखा। इसमें 141 देशों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। साल 2016 में पृथ्वी दिवस को जलवायु संरक्षण के लिए समर्पित कर दिया। वर्तमान में पृथ्वी दिवस नेटवर्क 190 देशों में 20000 साझेदारों और संगठनों में फैला हुआ है। स्कूल छात्र एवं छात्राओं ने मनमोहक झांकियों द्वारा वर्ल्ड अर्थ डे को मनाया तथा सभी को इसका महत्व भी समझाया कि पृथ्वी दिवस पर लाखों लोग मिलकर प्रदूषण और पृथ्वी को खतरा पहुंचाने वाली चीजों जैसे वनों की कटाई लगातार बढ़ती जा रही है। ऐसे गंभीर पर्यावरणीय मुद्दों पर चर्चा करने के लिए खड़े होते हैं। इस मौके पर दुनियाभर में तरह तरह के कार्यक्रमों की मदद से लोगों को पर्यावरण को होने वाले खतरों के बारे में अवगत किया जाता है और पृथ्वी को बचाने के लिए किए प्रयासों के लिए जागरूक किया जाता है। इस अवसर पर पोस्टर मेकिंग विनर्स में काजल सातवीं बी प्रथम, खुशी सातवीं ए द्वितीय तथा रितेश आठवीं संकल्प से तृतीय रहे। पृथ्वी, हिमांशु, संगम, परीक्षा पांचवी कक्षा, अभय, सोनम, पाखी, सोनिका, प्राची, अंजली, शिवानी, दीपांशी, श्रुति छठी कक्षा, मनी, स्नेहा, हर्षित, करण, सातवीं कक्षा आदि ने प्राइज प्राप्त कर अपना नाम स्कूल पटल पर लिखवाया। सभी छात्र छात्राओं ने अर्थ डे पर स्कूल ड्राइंग अध्यापक हितेश कुमार शर्मा का धन्यवाद किया। स्कूल प्रबंधक विरेंद्र गहलौत, चेयरमैन बीरपाल गहलौत ने वर्ल्ड अर्थ डे पर अपने सभी अध्यापकों, स्कूल छात्रों तथा उनके अभिभावाकों को बधाई देते हुए बताए गए सभी तथ्यों पर अनुकरण करने की सलाह दी। जिससे समस्त प्राणी एक सुखी जीवन जी सकें और अपनी इस धरातल की रक्षा कर सकें।

## केसीएम ओम इंटरनेशनल स्कूल में पृथ्वी दिवस मनाया



**पलवल।** रसूलपुर रोड पर स्थित केसीएम ओम इंटरनेशनल स्कूल में सोमवार को वर्ल्ड अर्थ डे मनाया गया। अर्थ वीक विद्यालय में 22 अप्रैल से 26 अप्रैल तक मनाया जाएगा। यह कार्यक्रम कक्षा-केजी-1 से मेधस्विनी (नौवीं) के सभी विद्यार्थियों के लिए आयोजित किया गया था। इस मौके पर विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया व पर्यावरण से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर कार्यक्रम आयोजित किए। विद्यार्थियों ने कविता, कल्चरल प्रोग्राम, स्किट, ग्रुप डांस, गीत व कविता के जरिए पर्यावरण को बचाने का संदेश अलग-अलग गतिविधि द्वारा दिया। स्किट के माध्यम से यह बताया कि प्लास्टिक का प्रयोग न करें, क्योंकि इससे प्रदूषण का स्तर ऊंचाई पर पहुंच गया है। विद्यालय में अर्थ वीक के उपलक्ष पर इस सप्ताह कोई न कोई विशेष एक्टिविटी आयोजित की जाएगी। इसमें विद्यार्थियों की भूमिका बहुत अहम है, क्योंकि उनके ही प्रयास से यह मुहिम कामयाब होगी। इस मौके पर सीएए, पौष्टिक टिफिन व एसएसटी ओलंपियाड प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विजेताओं को पुरस्कार भी दिए गए। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. नम्रता कुंडू ने सभी विद्यार्थियों को इस मौके पर पर्यावरण बचाने की शपथ भी दिलाई व न केवल पेड़ लगाने के लिए प्रोत्साहन किया, बल्कि उनकी देखभाल के लिए भी प्रेरित किया।

## पृथ्वी दिवस के अवसर पर पौधारोपण तथा संरक्षण का संदेश दिया

**पलवल।** शहीद रामबीर सिंह राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सीहा में पृथ्वी दिवस के अवसर पर भारत स्काउट्स एंड गाइड्स तथा यूथ एंड इको क्लब यूनिट के द्वारा पौधारोपण तथा वृक्ष संरक्षण अभियान चलाया गया। अभियान का संचालन कोऑर्डिनेटर डीओसी योगेश सौरोत द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्या दीपिका ने कहा पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण तथा उनका संरक्षण बहुत आवश्यक है। पृथ्वी दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों को जल संरक्षण, पॉलिथीन का प्रयोग न करने तथा पृथ्वी को पूर्णतया स्वच्छ करने का आवाह्न किया गया है। विद्यार्थियों ने पौधारोपण के साथ-साथ अन्य पौधों को पानी देकर, कटिंग व साफ सफाई के माध्यम से संरक्षित किया।

# भूटान के शिक्षा अधिकारियों व प्रोग्राम लीडर्स ने किया वेग स्कूल का दौरा

**सरपंच सुंदर लाल यादव ने किया दल का प्रतिनिधित्व**

**स्कूल की डायरेक्टर कोमल सूद ने स्कूल परिसर में किया दल का स्वागत**



वेगा विद्यालय में 29 जिला शिक्षा अधिकारियों व प्रोग्राम लीडर्स के दल के साथ सरपंच सुंदर लाल यादव।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**भूटान** देश से 29 जिला शिक्षा अधिकारियों व प्रोग्राम लीडर्स का दल गुरुग्राम पहुंचा। यहां वेगा विद्यालय में पहुंचे इस दल का प्रतिनिधित्व बीजेपी किसान मोर्चा के संयोजक सरपंच सुंदर लाल यादव ने किया। इस दौरे के दौरान भूटान देश के जिला शिक्षा अधिकारियों ने वेगा विद्यालय की शिक्षा प्रणाली के विषय में जाना। वेगा विद्यालय की प्रधानाचार्या व शिक्षक/शिक्षिकाओं ने महत्वपूर्ण रूप से शिक्षा प्रणाली के आदान-प्रदान में अपना कार्य किया। विद्यालय के छात्रों ने प्रतिनिधियों को विद्यालय का भ्रमण करवाया, जिसमें विद्यालय की शिक्षा व्यवस्था के विषय में भूटान के जिला शिक्षा अधिकारियों को अवगत करवाया गया। सरपंच सुंदर लाल यादव ने कहा कि शिक्षा पद्धति ऐसी होनी चाहिए, जो बच्चों को सिर्फ किताबी ज्ञान ना देकर उन्हें भविष्य के लिए आत्मनिर्भर बनने का मार्गदर्शन करे। अब वह समय बीत चुका है जब सिर्फ डिग्री को ही महत्वपूर्ण माना जाता था। अब तकनीकी ज्ञान बहुत जरूरी है। बच्चों को तकनीकी रूप से अपडेट रहना चाहिए। सरपंच सुंदर लाल यादव ने कहा कि भारत की नई शिक्षा नीति तैयार की गई है। यह नीति अपने आप में ऐतिहासिक है। इस शिक्षा नीति में हमारे देश की सांस्कृतिक, आध्यात्मिक धरोहरों को भी महत्वपूर्ण माना गया है।

उन्होंने कहा कि दुनियाभर की शिक्षा पद्धति का आदान-प्रदान भी होना चाहिए, ताकि एक-दूसरे देश के बच्चे और शिक्षक यह जान सकें कि हमारी और विदेशों की शिक्षा नीति में क्या अंतर है। वेगा स्कूल की डायरेक्टर कोमल सूद ने कहा कि स्कूल का सदा यही प्रयास रहता है कि अपने कैंपस में शिक्षा ले रहा हर विद्यार्थी शिक्षा के साथ हर तरह से मजबूत बन सके। शिक्षा के साथ संस्कारों के समावेश पर स्कूल का जोर रहता है। क्योंकि अच्छे संस्कार सर्वप्रथम बच्चे में होने जरूरी हैं।

# लोकसभा चुनाव-2024 : धार्मिक परिसर में नहीं खोल सकते चुनाव कार्यालय




**गुरुग्राम।** लोकसभा चुनाव के दौरान राजनीतिक पार्टियों तथा प्रत्याशियों को निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों की पालना करना आवश्यक है। किसी भी राजनीतिक दल या उम्मीदवार को सार्वजनिक अथवा निजी संपत्ति का अतिक्रमण कर कार्यालय नहीं खोलना है। किसी भी धार्मिक परिसर में चुनावी कार्यालय नहीं खोला जाएगा। यह निर्देश डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी निशांत कुमार यादव ने निर्देश जारी करते हुए कही।

डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी निशांत कुमार यादव ने कहा कि जिला प्रशासन की ओर से पारदर्शी और निष्पक्ष ढंग से ये चुनाव करवाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि चुनाव के लिए किसी राजनीतिक दल व उम्मीदवार को कोई रैली या रोड शो आयोजित करना है तो सहायक निर्वाचन अधिकारी से उसकी अनुमति लेनी जरूरी है। रोड शो के दौरान सडक़ पर यातायात जाम नहीं होना चाहिए। जहां पर अस्पताल व ट्रोमा सेंटर होगा, वहां से कोई भी राजनीतिक पार्टी रोड शो का काफिला नहीं निकाल सकेगी। इसके अतिरिक्त रात के समय 10 बजे से सुबह 6 बजे तक लाउडस्पीकर का प्रयोग नहीं किया जाएगा। चुनाव प्रचार के दौरान उम्मीदवारों व पार्टी नेताओं को अपनी भाषा शैली संयमित रखनी होगी। इसके अलावा शैक्षणिक संस्थान व अस्पताल के समीप कोई कार्यालय नहीं खोला जाएगा। जिला में स्थापित किए गए मतदान केंद्र के आसपास 200 मीटर के दायरे में कोई कार्यालय नहीं खोला जाएगा। कार्यालय में पार्टी के प्रतीक फोटो के साथ केवल पार्टी का झंडा और बैनर ही प्रदर्शित किया जा सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### हनुमान जयंती आज, निकाली जाएगी शोभा यात्रा



सोहना की छोटी बगीची में आज मनाई जाएगी हनुमान जयंती को लेकर जबरदस्त तैयारियां शुरू।

**सोहना।** शहर की हनुमान बगीची में हनुमान जयंती धूमधाम से मनाने की तैयारी जोरों से की जा रही है। हनुमान बगीची मंदिर में सुबह 8 बजे हवन तथा दोपहर बाद शहर में शोभा यात्रा निकाली जाएगी। इस बार मंगलवार को शहर के सिद्ध पीठ हनुमान छोटी बगीची में हनुमान जयंती को धूमधाम से मनाने की तैयारियों जोरों से की जा रही है। कमेटी के प्रधान विजय कुमार ने बताया कि सुबह 8 बजे मंदिर में हवन कराया जाएगा। दोपहर 12 बजे संत-महात्माओं का सम्मान समारोह और भंडारा तथा तीन बजे शोभा यात्रा निकाली जाएगी। यह शोभा यात्रा शहर के विभिन्न बाजार और वार्डों में से होकर निकाली जाएगी। जिसकी शुरुआत शिव कुंड से शुरु की जाएगी और समापन भी मंदिर में किया जाएगा। प्रधान ने बताया कि प्रदेश सरकार में खेल एवं वन पर्यावरण मंत्री संयज सिंह मुख्य अतिथि होंगे। शोभा यात्रा में सैकड़ों की संख्यां में हनुमान भक्त शामिल होंगे। शोभा यात्रा निकालने की सूचना स्थानीय पुलिस को दे दी है। ताकि शोभा यात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनी रहे।

### आईएएस बनीं छात्रा का स्कूल में हुआ भव्य स्वागत



**गुरुग्राम।** यूपीएससी में 39वां रैंक हासिल करने वाली दीप्ति रोहिल्ला का डी.पी.एस. मारुति कुंज में भव्य स्वागत किया गया। दीप्ति रोहिल्ला (बैच 2018) ने यूपीएससी सिविल सर्विसेज परीक्षा में ऑल इंडिया रेंक 39वां स्थान प्राप्त कर अपने विद्यालय का भी नाम रोशन किया। होनहार तथा बहुमुखी प्रतिभा की धनी छात्रा दीप्ति रोहिल्ला ने डी.पी.एस. मारुति कुंज में नर्सरी से लेकर 12वीं तक पढ़ाई करते हुए कक्षा बारहवीं में विद्यालय में प्रथम स्थान अर्जित किया। अन्य शिक्षेतर गतिविधियों में भी सभी बच्चों के लिए प्रेरणा स्त्रोत रहीं। इस अवसर पर दीप्ति ने अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय को देते हुए अध्यापकों द्वारा पढ़ाते समय प्रदान की गई अध्ययन की बारीकियों, उनसे प्राप्त संस्कारों और स्वयं के जिज्ञासा परक स्वभाव को दिया। प्रधानाचार्य अखिलेश चंद्र चतुर्वेदी ने दीप्ति को विद्यालय का गौरव बतलाते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अध्यापकों ने उन्हें ढेर सारी शुभकामनाएं दीं।

### श्मशान भूमि सुधार समिति के प्रधान समेत तीन गिरफ्तार



दीवार गिरने से हादसे के समय की तस्वीर। फाइल फोटो।

**गुरुग्राम।** यहां वीर नगर (मदनपुरी) स्थित श्मशान घाट की अर्जुन नगर की तरफ की 20 अप्रैल को दीवार गिरने से दीवार के पास बैठे 3 व्यक्तियों व 2 बच्चियों की दीवार के नीचे दबने से मौत के मामले में पुलिस ने श्मशान भूमि सुधार समिति के प्रधान समेत तीन लोग गिरफ्तार किए गए हैं। इस हादसे में दिलीप कुमार घायल हुआ था। जिसके बयान पर ही पुलिस ने केस दर्ज किया है। इस हादसे में श्मशान भूमि सुधार समिति के खिलाफ केस तो पुलिस ने दर्ज कर लिया था, लेकिन गिरफ्तारी नहीं की गई थी। इस विरोध में रविवार को परिजनों व क्षेत्र के लोगों ने पटौदी चौक पर जाम लगाया था। पुलिस ने रविवार शाम तक आरोपियों की गिरफ्तारी की बात कही थी। देर रात तीन आरोपियों को काबू कर लिया गया। आरोपियों की पहचान परमजीत सिंह ओबेरॉय निवासी न्यू कॉलोनी गुरुग्राम (प्रधान), सुभाष चंद खरबंदा निवासी शिवाजी नगर गुरुग्राम (सेक्रेटरी) व कृष्ण कुमार निवासी सेक्टर-15 पार्ट-2 गुरुग्राम (सदस्य) के रूप में हुई। तीनों आरोपी क्रमश- श्मशान भूमि सुधार समिति प्रधान, सेक्रेटरी तथा सदस्य हैं। घायल दिलीप कुमार ने पुलिस को शिकायत देकर कहा कि उन्होंने शमशान भूमि सुधार समिति के सदस्यों को दीवार टेढ़ी होने के संबंध में जानकारी दी थी। दीवार को ठीक कराने के लिए कहा था, लेकिन श्मशान भूमि सुधार समिति के सदस्यों ने इस संबंध में कोई ध्यान नहीं दिया। उनकी लापरवाही से यह हादसा हुआ। इस हादसे में तान्या पुत्री विनोद निवासी वीर नगर, देवीदयाल उर्फ पप्पू निवासी अर्जुन नगर, मनोज गाबा निवासी अर्जुन नगर, कृष्ण कुमार निवासी अर्जुन नगर , व खुशबू पुत्री सुनील कुमार निवासी वीर नगर की मृत्यु हो गई थी।

### पर्यावरण संरक्षण के लिए दिए कलाग्राम ग्रीन अवार्ड



**गुरुग्राम।** विश्व पृथ्वी दिवस-2024 को लेकर जिला प्रशासन, गुरुग्राम व नगर निगम के तत्वावधान में कलाग्राम सोसायटी के माध्यम से एक दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजित किया गया। डीसी निशांत कुमार यादव के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में इस बार के थीम प्लेनेट वर्सेज प्लास्टिक थीम पर आधारित विभिन्न जागरूकता गतिविधियां आयोजित हुई। कलाग्राम संस्था की ओर से यह कार्यक्रम उरुस्वती म्यूजियम व सेक्टर-50 स्थित निर्वाणा क्लब में आयोजित हुआ। कार्यक्रम के अंतिम दिन कलाग्राम ग्रीन अवॉर्ड इवेंट का भी आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर निगम, गुरुग्राम के संयुक्त आयुक्त (स्वच्छ भारत मिशन) डा. नरेश कुमार ने विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया। कलाग्राम संस्थान की निदेशक शिखा गुप्ता ने बताया कि पृथ्वी दिवस समारोह के पहले दिन, कलाग्राम ने जिला प्रशासन और नगर निगम गुरुग्राम के साथ मिलकर पहली बार स्कूली बच्चों के लिए पृथ्वी दिवस महोत्सव का आयोजन किया, जिसके अगले दिन कलाग्राम ग्रीन इम्पैक्ट अवार्ड का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 16 सरकारी व निजी व एनजीओ के माध्यम से संचालित स्कूलों के 250 से अधिक स्कूली छात्रों ने भाग लिया। इन स्कूली विद्यार्थियों ने दो दिवसीय कार्यक्रम में पृथ्वी के संरक्षण से जुड़ी गतिविधियों में भागीदारी करते हुए अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। वाद-विवाद, इको आर्ट कोलाज, कबाड़ से जुगाड़ और स्ट्रीट प्ले प्रतियोगिता उरस्वती मुसियम में आयोजित की गई और कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच कुछ सरकारी स्कूल के छात्र भी विजेता बने। शहर में पर्यावरण को लेकर अनवरत प्रयास करने वाले विभिन्न समुदायों, कॉरपोरेट, आरडब्ल्यूए, शैक्षिक संस्थानों, एनजीओ, एकल और होस्पिटलिटी जैसे वर्गों में उनके उत्कृष्ट, निरंतर और अथक योगदान का जश्न मनाने के लिए कलाग्राम ग्रीन इंपैक्ट अवार्ड आयोजित किए।

# मानेसर क्षेत्र में हरियाली बढ़ाने पर जोर दें अधिकारी



गुरुग्राम के मानेसर सेक्टर-8 स्थित डंपिंग साइट का दौरा करते हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के चेयरमैन पी. राघवेंद्र राव।

**प्रदूषण से निपटने के लिए कार्य योजना तैयार करने के निर्देश**

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**हरियाणा** राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के चेयरमैन पी. राघवेंद्र राव ने सोमवार को नगर निगम मानेसर के कार्यालय में नगर निगम, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, पुलिस व अन्य विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को मानेसर व आस-पास के क्षेत्रों में प्रदूषण को नियंत्रण करने के लिए जरूरी कार्य योजना बनाने के आदेश दिए। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को मानेसर क्षेत्र में हरियाली बढ़ाने पर भी जोर देने की बात कही।

चेयरमैन पी. राघवेंद्र राव ने कहा कि नगर निगम मानेसर के आयुक्त अशोक कुमार गर्ग की अध्यक्षता में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, एचएसआईआईडीसी, ट्रैफिक पुलिस, जीएमडीए और पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों की एक संयुक्त कमेटी बनाकर प्रदूषण को नियंत्रित करने का एक्शन प्लान बनाए।

उन्होंने नगर निगम अधिकारियों से कहा कि मानेसर व आसपास हॉटस्पॉट एरिया को चिन्हित करके उसे ग्रीन स्पॉट में तब्दील किया जाना चाहिए। बैठक में उन्हें बताया गया कि नगर निगम की ओर से नगर निगम क्षेत्र में कुल 183 बल्क वेस्ट जनरेटर्स (बीडब्ल्यूजी) हैं, जिनमें 76 सोसाइटियां, 12 होटल, 23 बैंक्वेट हॉल, 47 शिक्षण संस्थान और 25 रेस्टोरेंट हैं। नगर निगम की टीम द्वारा समय-समय पर इन बीडब्ल्यूजी का निरीक्षण किया जाता है। यदि इनमें प्रोसेसिंग को लेकर अनियमितता मिलती है तो चालान किया जाता है। इसपर चेयरमैन ने कहा कि सभी विभाग मिलकर इन बीडब्ल्यूजी संचालकों के साथ मिलकर एक संयुक्त बैठक करें और इन्हें प्रोसेसिंग के लिए प्रेरित करे। उन्होंने पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि गुरुग्राम में ऐसी सडक़ और चौराहों को चिन्हित करें जहां पैदल चलने वाले यात्रियों के कारण यातायात प्रभावित होता है, ताकि वहां पर फुट ओवर ब्रिज आदि विकल्प की संभावना तलाशी जा सके। इस पर पुलिस विभाग के अधिकारी ने बताया कि कुछ जगह को चिन्हित किया जा चुका है अन्य जगहों की सूची जल्द ही बना ली जाएगी।

उन्होंने अवैध रूप से सीएंडडी और इंडस्ट्रियल वेस्ट डालने वालों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश भी दिए। साथ ही उन्होंने कहा कि ऐसी जगहों को चिन्हित किया जाए जहां पर इस प्रकार का कचरा ज्यादा पड़ा हुआ है। इससे निपटने के लिए औद्योगिक संगठनों को शामिल किया जाना चाहिए। साथ ही कूड़े डालने वाली जगहों पर सीसीटीवी लगाए जाने चाहिए, ताकि कूड़े, कचरा डालने वाली गाडियों को ट्रेस करके उसे पकड़ा जा सके। उन्होंने बैठक में शामिल अधिकारियों को निर्देश दिए कि ओपन स्पेस, सेंट्रल वर्ज और पार्कों में ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाएं। हरियाली बढ़ाने के लिए निजी कंपनियों का सहयोग लेने का सुझाव भी दिए।

# केंद्र की भाजपा सरकार अब कुछ दिनों की मेहमान

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गांवों में चुनाव प्रचार के दौरान ग्रामीणों के बीच चर्चा करते संदीप सिंह।

**अखिल** भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य संदीप सिंह ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार अब कुछ दिनों की मेहमान है। आगामी 4 जून के बाद देश में कांग्रेस इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी। वे सोमवार को बादली विधानसभा के कोका, कुलाना, पाटोदा, बाबरा आदि गांवों में दीपेंद्र सिंह हुड्डा के पक्ष में मतदान को लेकर चुनाव प्रचार कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का 400 पार का नारा है। बाबा साहेब डॉ. भीम राव अंबेडकर का संविधान हटाकर आरएसएस और भाजपा का संविधान लाना है। इसलिए उनके नेता संविधान बदलने की बात कर रहे हैं। यह लोकसभा की लड़ाई एक विचारधारा की लड़ाई है, जिसमें कांग्रेस पार्टी और इंडिया गठबंधन के सहयोगी दल मिलकर संविधान बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी ने पहले विपक्ष के नेताओं पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया और आज वे उन्हें भाजपा की वॉशिंग मशीन से साफ कर रहे हैं। ईडी, सीबीआई, आयकर विभाग विपक्ष के पीछे पड़े हैं।

संदीप सिंह ने कहा कि लोकसभा के पहले चरण में 102 सीटों पर हुए मतदान से साफ हो गया है कि ये बीजेपी सरकार के आखिरी दिन हैं। जनता भाजपा के हथकंडों में न फंसे, जनता ने 10 साल के अन्याय का जवाब वोट के माध्यम से दिया है। दक्षिण और मध्य भारत में बीजेपी का सूपड़ा साफ है और उत्तर और पूर्वी भारत में आधा और बाकी चरण में भी यही रुझान जारी रहेगा। राहुल गांधी के नेतृत्व में भारत जोड़ो यात्रा और भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकाली गई और इस यात्रा से 5 न्याय और 25 गारंटी बने। इसमें मुख्य रूप से किसानों के लिए कर्ज माफी और एमएसपी कानून बनाने, केंद्र सरकार के 30 लाख खाली पदों को भरने, संविधान में संशोधन करके 50 प्रतिशत आरक्षण की सीमा हटाने, गरीब महिलाओं को हर साल 1 लाख रुपये देने, एजुकेशन लोन माफ् करने जैसी महत्वपूर्ण गारंटी शामिल हैं। कांग्रेस पार्टी इस गारंटी को देशभर के 8 करोड़ परिवारों तक पहुंचाएगी। इस मौके पर पूर्व सरपंच सुखपाल सिंह, राजेन्द्र धानक, चन्द्रदीप सिंह, जोगेंद्र चौहान, जयंत परमार, सचिन चौहान, हंसराज, ओमप्रकाश, जयभगवान सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

# हमारे खिलाड़ियों ने विदेशी धरती पर देश का नाम रोशन किया : सुंदर लाल यादव

**खेलों को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं: संजय यादव**

**बच्चों को खेलों में आगे बढ़ाएं अभिभावक: दिनेश**

**सेक्टर-82 में सोसायटीज एमेच्योर फुटबॉल कप सीजन-6**




सोसायटीज एमेच्योर फुटबॉल कप सीजन-6 में विजेता खिलाड़ी ट्राफी के साथ।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**गुरु** द्रोणाचार्य स्पोर्ट्स फाउंडेशन (जीडीएसएफ) सेक्टर-82 में सोसायटीज एमेच्योर फुटबॉल कप सीजन-6 आयोजित किया गया। इस प्रतियोगिता के समापन अवसर पर इस प्रतियोगिता के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बीजेपी किसान मोर्चा के संयोजक सरपंच सुंदर लाल यादव, फिल्बी रियल एस्टेट के एमडी एवं बीजेपी एनआरआई सेल के सह-संयोजक संजय यादव ने शिरकत की। स्पॉन्सर मेदांता मेडिसिटी की ओर से डा. दिनेश यादव विशिष्ट अतिथि रहे। खिलाड़ी मनीषा को बेस्ट इमर्जिंग प्लेयर का खिताब दिया गया।

इस प्रतियोगिता के अंडर-10 एवं अंडर-14 आयु वर्ग के खिलाडिय़ों ने हिस्सा लिया। अंडर-10 आयु वर्ग में टीम जी-21 और अंडर-14 में टीम डीएलएफ अल्टिमा में ट्रॉफी जीती। टूर्नामेंट में लगातार दूसरी बार ऋषभ यादव ने सबसे ज्यादा गोल दागकर बेस्ट प्लेयर का खिताब जीता। बीजेपी किसान मोर्चा के संयोजक सरपंच सुंदर लाल यादव ने अपने संबोधन में कहा कि चाहे खेल का मैदान हो या जंग का मैदान हो, हमारे युवाओं, जांबाज सैनिकों ने हमेशा डटकर मुकाबला किया है। अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। उन्होंने कहा कि खिलाडिय़ों को हमेशा खेल की भावना से ही खेलना चाहिए। उनके मन में किसी तरह का द्वेष नहीं होना चाहिए।

फिल्बी रियल एस्टेट के एमडी एवं बीजेपी एनआरआई सेल के सह-संयोजक संजय यादव ने बच्चों को फिजिकल और मेंटल हेल्थ के बारे में जागरुक किया। उन्होंने कहा कि बचपन से ही बच्चों को किसी न किसी खेल में रुचि रखनी चाहिए। बड़े होकर इन खेलों को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर अतिथियों ने खिलाड़ियों को सम्मानित किया। इस प्रतियोगिता में कुल 16 टीमों ने हिस्सा लिया। सभी खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। इन टीमों में दो लड़कियां भी शामिल रही। संजय यादव ने कहा कि नए गुरुग्राम को बसाने के लिए सरकार की नीतियों और बिल्डर्स का योगदान महत्वपूर्ण रहा है। कंक्रीट के शहर में खेलों में जान फूंकने का काम गुरु द्रोणाचार्य स्पोर्ट्स फाउंडेशन ने किया है। इसमें फाउंडेशन के अध्यक्ष ललित का बहुत बड़ा योगदान है। दिनेश यादव ने कहा कि बच्चों, युवाओं को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ाने का काम गुरु द्रोणाचार्य स्पोर्ट्स फाउंडेशन की ओर से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि खेलों में अभिभावक भी बच्चों को आगे बढ़ाने की सोच के साथ उनमें खेल के प्रति रुचि पैदा करें।

# क्रिप्टो करेंसी निवेश में दिल्ली के युवा अव्वल तो अहमदाबाद के युवा सबसे पीछे- मुद्रेक्स सर्वे रिपोर्ट में हुआ खुलासा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**वाई**-कॉम्बिनेटर के ग्लोबल क्रिप्टो इन्वेस्टमेंट प्लेटफार्म मुद्रेक्स ने फाइनेंशियल ईयर 2023-24 में इन्वेस्टमेंट ट्रेंड्स भारतीय क्रिप्टो पुनर्जागरण (द इंडियन क्रिप्टो रेनैस्संस) टाइटल से अपने सर्वे की रिपोर्ट प्रेजेंट की। इस सर्वे में भारत में निवेश करने के तरीकों में हुए बदलावों को दर्शाया गया है, जिसमें दिल्ली-एनसीआर 25 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ क्रिप्टो को अपनाने में सबसे आगे हैं। इसके बाद बेंगलुरु 16 प्रतिशत, मुंबई 9 प्रतिशत, हैदराबाद 8.9 प्रतिशत, चेन्नई 8 प्रतिशत, कोलकाता 7 प्रतिशत, पुणे 5 प्रतिशत, लखनऊ 3 प्रतिशत और सबसे आखिर में अहमदाबाद 2 प्रतिशत पर है।

सर्वेक्षण में जून 2023 से जनवरी 2024 तक 6 महीनों के लिए देशभर में 8,976 लोगों से बात की गई। इसमें पाया गया कि 20 से 35 वर्ष के बीच के युवा क्रिप्टो करेंसी में निवेश करने में अधिक रुचि ले रहे हैं। 20-35 आयु वर्ग के लगभग 63.06 प्रतिशत लोगों ने क्रिप्टोकरेंसी में निवेश करने का फैसला किया है, जिससे इस आयु वर्ग में क्रिप्टो करेंसी को लेकर काफी ज्यादा रुचि दिखाई दे रही है। दिलचस्प बात यह है, कि 58.5 प्रतिशत निवेशकों ने अपने निवेश को स्टॉक और क्रिप्टोकरेंसी दोनों में फैलाया है, जिससे पता चलता है कि क्रिप्टोकरेंसी एक सामान्य प्रकार के निवेश के रूप में अधिक स्वीकार्य हो रही है। साथ ही, सर्वे में शामिल 45 प्रतिशत लोगों ने अपनी रिटायरमेंट बचत में क्रिप्टो करेंसी को शामिल किया है, जिससे पता चलता है, कि वे इसे लॉंग टर्म निवेश के रूप में देखते हैं। क्रिप्टो करेंसी सभी आय स्तर के लोगों के लिए निवेश का एक सुलभ माध्यम है। हालांकि इसके निवेश को लेकर उच्च, मध्यम और निम्न आय वाले लोगों के बीच थोड़ा अंतर देखा जाता है। दिलचस्प बात यह है, कि सालाना 5 लाख रुपए से कम कमाने वाले लोग भी क्रिप्टो निवेश में शामिल हो रहे हैं। इससे पता चलता है, कि क्रिप्टो करेंसी 5 से 50 लाख तक के विभिन्न आय स्तरों पर अधिक व्यापक रूप से उपयोग और स्वीकार्य हो रही है।

मुद्रेक्स के सीईओ श्री एडुल पटेल ने सर्वे परिणामों पर टिप्पणी करते हुए कहा, हमारे सर्वे से पता चलता है, कि भारत में क्रिप्टो करेंसी निवेश अधिक महत्वपूर्ण होता जा रहा है। खासकर दिल्ली-एनसीआर में, जहां बहुत सारे क्रिप्टो प्रशंसक हैं। तथ्य यह है, कि सभी आय स्तरों के लोग क्रिप्टो में शामिल हो रहे हैं। यह दर्शाता है, कि फाइनेंस ज्यादा आसान होता जा रहा है। इसका मतलब यह है, कि हर कोई, चाहे उनकी आय कुछ भी हो, डिजिटल अर्थव्यवस्था में भाग ले सकता है। भारत के लोग क्रिप्टो रुचि में एक नया अनुभव कर रहे हैं।

# महिलाओं के उल्लेखनीय योगदान के लिए आलेख फाउंडेशन द्वारा 'वीमेन एचीवर्स अवार्ड्स' के दूसरे एडिशन का सफल आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली




**महिला** सशक्तिकरण और लैंगिक समानता के लिए समर्पित जानी-मानी गैर-लाभकारी संस्था आलेख फाउंडेशन ने सफलतापूर्वक 'वीमेन एचीवर्स अवार्ड्स' के दूसरे एडिशन का आयोजन किया। यह कार्यक्रम नई दिल्ली के दि लीला पैलेस में हुआ, जिसमें उन महिलाओं को सम्मानित किया गया जिन्होंने समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान दिया है।

'वीमेन एचीवर्स अवार्ड्स', जो कि आलेख फाउंडेशन की एक पहल है, उन महिलाओं की उपलब्धियों और साहस को पहचान दिलाता है जिन्होंने अपने क्षेत्रों में उत्कृष्ट काम किया है और अपनी लगन और नेतृत्व से नई पीढ़ी को प्रेरित किया है। इस वर्ष के कार्यक्रम में हमने अपनी संस्था की उस प्रतिबद्धता को दिखाया है, जिसके तहत हम उन महिलाओं को सम्मान करते हैं, जिन्होंने अपने कार्यों से समाज के विभिन्न समुदायों के उत्थान पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाला है। इस बार के समारोह में भारत के अटॉर्नी जनरल श्री आर वेंकटरमणी, पूर्व सुप्रीम कोर्ट जज, जस्टिस श्री अनिल दवे, ओडिसी नर्तकी शेरॉन लोवेन, पूर्व CBIC सदस्य बालेश कुमार, टीवी एंकर और पत्रकार मनीष अवस्थी, पूर्व NBCC चेयरमैन अनूप मित्तल, पूर्व MEA सचिव और छत्र ICCR अमरेंद्र खटुआ जैसे प्रतिष्ठित अतिथियों की उपस्थिति रही। हमारे प्रतिष्ठित जूरी पैनल में श्रीमती नीलम प्रताप रूडी, श्री डी के पाठक, श्री प्रथाप सुथान, डॉ. नीरा अग्निमित्र, और श्री के पी आर नायर जैसी हस्तियाँ शामिल थीं, इन्होंने 2024 के वीमेन एचीवर्स अवार्ड्स के योग्य पात्रों का चयन किया।

इस मौके पर आलेख फाउंडेशन की संस्थापक डॉ. रेनी जॉय ने महिलाओं को सशक्त बनाने के महत्व पर जोर दिया और कहा, महिलाओं को सशक्त बनाना केवल नैतिक आवश्यकता नहीं है, बल्कि समाज की उन्नति के लिए एक रणनीतिक आवश्यकता भी है। महिलाएं हमारे जीवन के हर पहलू में महत्वपूर्ण हैं, और उनका योगदान अमूल्य है। आलेख फाउंडेशन ऐसी महिलाओं की उपलब्धियों को पहचानने और उस पहचान को लोगों तक पहुंचाने को प्राथमिकता देता है।

# पीएचसी घासेड़ा को मिली हाईटेक एम्बुलेंस की सौगात

**घासेड़ा, छपेड़ा, छ्छेरा, आलदोका, बाजडका, सलम्बा आदि के गांव को लोगों को लाभ होगा**

पायनियर समाचार सेवा। नूंह



**नूंह** जिले के ऐतिहासिक गांधी ग्राम घासेड़ा में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए सोमवार को आईआरसीटीसी तथा मैट्रिक्स समिति एनजीओ की तरफ से अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस एंबुलेंस की सौगात मिली। अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस यह एंबुलेंस ही नहीं बल्कि चलता फिरता मिनी अस्पताल है। जिसमें तमाम सुविधाएं मौजूद हैं। इससे पहले जिले में जो स्वास्थ्य विभाग के पास एंबुलेंस थी, उनमें इस प्रकार की सुविधा उपलब्ध नहीं थी।

सीएसआर योजना के तहत मिली इस सौगात से गांधी ग्राम घासेड़ा, छपेड़ा, छ्छेरा, आलदोका, बाजडका, सलम्बा इत्यादि आसपास के गांव को लोगों को लाभ होगा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर शिवम ने कहा कि अब इस इलाके के जच्चा, नवजात शिशु से लेकर अन्य मरीजों के लिए सभी सुविधाओं से लैस एंबुलेंस की सौगात मिल गई है। इसके अलावा मैट्रिक्स सोसाइटी एनजीओ के सीईओ आर के सिंह के अलावा स्थानीय ग्रामीण मास्टर अशरफ खान ने कहा कि यह बड़ी सौगात इलाके के लोगों को मिली है। मैट्रिक्स संस्था के सीईओ आर के सिंह ने कहा कि उनकी कोशिश है कि तकरीबन 11 एम्बुलेंस इस इलाके के लोगों के स्वास्थ्य को बेहतर करने के लिए दी जाएं।

उन्होंने यह भी कहा कि आने वाले समय में नूंह जिले के सरकारी स्कूलों में पीने के पानी की समस्या को दूर करने के लिए वाटर कूलर तथा आरओ इत्यादि का भी इंतजाम किया जाएगा। तकरीबन 35 लाख रुपए की लागत इस एंबुलेंस पर आई है। इस एंबुलेंस में एनजीओ की तरफ से कई स्वास्थ्य कर्मियों का स्टाफ भी नियुक्त किया जाएगा, जो लोगों की जांच भी उन गांव में जाकर करेगा। जो दूरदराज के गांव हैं और वहां पर स्वास्थ्य सुविधाएं लोगों को नहीं मिल रही हैं। अब दवाई व इलाज के अभाव में इस इलाके में किसी की जान नहीं जाएगी। समाजसेवी संगठन ने सीएसआर परियोजना के तहत आईआरसीटीसी की मदद से यह सौगात इलाके के लोगों को मिली है।

इस अवसर पर घासेड़ा के गणमान्य लोगों के अलावा स्वास्थ्य विभाग के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घासेड़ा में कार्यरत सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे और इस सौगात को मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों से लेकर ग्रामीणों तक के चेहरे पर खुशी देखने को मिली। इस अवसर पर आमिर सरपंच बीबीपुर, जमशेद खान घासेड़ा, खुर्शीद घासेड़ा, मुबीन घासेड़ा, मास्टर अशरफ, इस्लामुदिन टाई, शाकिर घासेड़ा, नफीस अहमद, नदीम खान इत्यादि मौजूद थे।

## संक्षिप्त समाचार

### यू आर द वन लिखकर सोशल मीडिया पर फोटो अपलोड करें नव वोटर : जिला निर्वाचन अधिकारी



**नूंह।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धीरेंद्र खड़गटा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा युवाओं को अपना वोट बनवाने और लोकतंत्र के महापर्व में बढ़चढ़ कर मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए 'टर्निंग 18' और 'यू आर द वन' जैसे स्लोगन देकर सोशल मीडिया के जरिए एक अनूठी पहल की शुरूआत की गई है। उन्होंने बताया कि टर्निंग 18 का अर्थ है कि युवा अब अपनी नई भूमिका निभाते हुए जिम्मेदारी के साथ वोट करें और अपने मनपसंद जनप्रतिनिधि को चुनें। मतदाताओं की जागरूकता के लिए निर्वाचन आयोग इस बार फील्ड में ही नहीं, सोशल मीडिया पर भी पूर्णत: सक्रिय है। निर्वाचन आयोग का इस बार मतदान के लिए नए मतदाताओं को आकर्षित करने पर पूरा जोर है। जो युवा 18 से 30 साल की आयु के हैं, उनके लिए आयोग ने मतदान करने पर यू आर द वन के नाम से नया स्लोगन दिया है। ये युवा आगामी 18वें लोकसभा आम चुनाव में अपने मत का प्रयोग कर उंगली पर लगे स्याही के निशान सहित यू आर द वन लिखकर सोशल मीडिया में फोटो अपलोड कर सकते हैं।

### पाड़ा गांव में पौधरोपण कर मनाया विश्व पृथ्वी दिवस



**तावडू।** उपमंडल के गांव पाडा में सोमवार को विश्व पृथ्वी दिवस के मौके पर पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें अखिल भारतीय ग्रामीण उत्थान समिति संस्था और स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। संस्था से जुड़े गोपाल बजिया ने बताया कि विश्व पृथ्वी दिवस 2024 की थीम प्लांट वर्सेस प्लास्टिक पर काम करते हुए सभी के सार्थक प्रयासों से धरती को हराभरा बनाया जा सकता है। इसी कड़ी में ग्रामीण उत्थान समिति संस्था भी प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि सभी का दायित्व बनता है कि अधिक से अधिक पौधरोपण कर जलवायु परिवर्तन से लड़े। प्राकृतिक जैव विविधता को सुरक्षित करें। इसके अलावा कहा कि पृथ्वी दिवस 192 से अधिक देशों में प्रतिवर्ष 22 अप्रैल को मनाया जाता है। इस दौरान विश्व स्तर पर अलग-अलग तरीके से कार्यक्रम आयोजित होते हैं। उन्होंने कहा कि विश्व पृथ्वी दिवस का मुख्य उद्देश्य वातावरण को संरक्षण करने के लिए लोगों को जागरूक करना है। कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में खाली जगह पर अधिक से अधिक पौधारोपण कर हम प्रकृति को सजाने में अपनी सहभागिता दिखाएं। पौधरोपण कार्यक्रम में अशोक कुमार, सुरेश कुमार, विकास, सीमा रानी, अवनी देवी, ललिता और स्वयं सहायता समूह से जुड़ी दो दर्जन से अधिक महिलाएं उपस्थिति रही।

# बाल विवाह नहीं करने की दिलाई शपथ

## कल्याण स्कूल उजीना में लगाया जागरूकता कैंप

पायनियर समाचार सेवा। नूंह



कल्याण सीनियर सेकेंडरी स्कूल में जागरूकता शिविर के दौरान मुख्य अतिथि की बातों को ध्यान से सुनते स्कूल के बच्चे।

**जिले** के उजीना में बाल विवाह जागरूकता के लिए कैंप लगाया। मुख्य अतिथि महिला संरक्षण अधिकारी मधु जैन नूंह ने महिलाओं के अधिकारो व बच्चों के अधिकारों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बाल अधिकारों व मानव तस्करी के प्रति जिले के लोगों को गांव गांव जाकर जागरूक करने का कार्य रही एम डीडी ऑफ इंडिया शक्ति वाहिनी संस्था की भी प्रशंसा की। सोमवार को नूंह जिले के उजीना के कल्याण सीनियर सेकेंडरी स्कूल में जागरूक शिविर लगाया गया, जिसमें स्कूल के बच्चों ने भाग लिया। कैंप में नरेश कुमार, ने महिलाओं को बाल अधिकारों और डायल 112 के बारे में विस्तार से जानकारी दी और बाल विवाह न करने के लिए शपथ ग्रहण कराई गई।

मधु जैन ने बताया की उनकी संस्था पूरे भारत में काम कर रही है जो बाल विवाह,बाल श्रम, पर जिले में लगातार कार्य कर रही है जिसका असर अब देखने को मिल रहा है लोग जागरूक हो रहे हैं। उन्होंने टेंट वाले, हलवाई,और डोली में गाड़ी ले जाने वाले और मौलाना, पंडित व विवाह सम्मेलन करने वाली संस्थाओं से अपील करते हुए कहा की किसी भी शादी में बुकिंग करते समय वर-वधु का जन्म पत्री या स्कूल सर्टिफिकेट जरूर देख ले। अगर इनकी उम्र कम है तो को बुकिंग न करें। कल्याण सीनियर सेकेंडरी स्कूल के संपादक मदन साहू ने बताया की इस तरह की जानकारी बच्चों को मिलनी चाहिए।

# सरकारी संपत्ति पर वॉल पेटिंग की होगी कार्रवाई: डीसी खड़गटा

**निजी भवन पर भी पोस्टर आदि लगाने से पहले भूस्वामी की लेनी होगी अनुमति**

पायनियर समाचार सेवा। नूंह

**उपायुक्त** एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धीरेंद्र खड़गटा ने कहा है कि लोकसभा चुनाव-2024 के मद्देनजर आदर्श आचार संहिता को जिला में प्रभावी ढंग से लागू किया गया है।

उन्होंने कहा कि सार्वजनिक संपत्ति यानि सरकारी और अर्ध सरकारी संपत्ति पर चुनाव से संबधित वॉल पेंटिंग करने की पूरी तरह से मनाही रहेगी। ऐसा करने के आरोपी के विरुद्ध डिफेसमेंट ऑफ पब्लिक प्रोपर्टी एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी। उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान जिला में आदर्श आचार संहिता की पालना के लिए अधिकारियों की गठित की गई सर्विलेंस टीमों को निर्देश दिए गए हैं कि कहीं सरकारी भवन की दीवार पर चुनावी नारे लिखे नजर आते हैं तो संबधित राजनीतिक पार्टी या लिखवाने वाले कार्यकर्ता के खिलाफ संपत्ति विरूपण अधिनियम के तहत कार्यवाही की जाए।

ऐसे मामलों में पूरी सख्ती बरती जाएगी। उन्होंने कहा कि निजी संपत्ति पर वॉल पेंटिंग करने के लिए संपत्ति मालिक की लिखित में पूर्व अनुमति लेना जरूरी है। उन्होंने कहा कि निजी संपत्ति पर वॉल पेंटिंग करने वाले पेंटर को अपना नाम व मोबाइल नंबर भी पेंटिंग के नीचे लिखना होगा।

# रोइंग खेल में चयनित खिलाड़ियों को दी शुभकामनाएं

**कुरुक्षेत्र।** भगवान परशुराम कॉलेज के प्राचार्य प्रो. शीश पाल शर्मा ने रोइंग खेल में विश्वविद्यालय खेल, नीदरलैंड- 2024 में चयनित होने वाले महाविद्यालय के तीनों खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। रोइंग का एक खिलाड़ी मनदीप पहले भी आल इंडिया यूनिवर्सिटी में एक पदक प्राप्त करके कॉलेज व विश्वविद्यालय का नाम रोशन कर चुका है। साथ ही कॉलेज की दो छात्राएं सविता और सुमन को भी इन खेलों में चयनित होने पर प्राचार्य ने शुभकामनाएं दी। ये तीनों ही छात्र बीए प्रथम वर्ष के हैं, जिनका दाखिला कॉलेज में स्पोर्ट्स कोटे के आधार पर किया गया है। खेल समिति के संयोजक डॉ. हीरा लाल ने तीनों बच्चों को आगामी खेल प्रतियोगिता के लिए खेल समिति की ओर से शुभकामनाएं दी।

# नवयुग स्कूल नें निकाली पृथ्वी दिवस पर जागरूकता रैली

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र





रैली को झंडी दिखा कर रवाना करते अतिथिगण।

**नवयुग** सीनियर सैकेंडरी स्कूल मोहन नगर द्वारा पृथ्वी दिवस पर पर्यावरण जागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें विद्यार्थियों ने शहर के विभिन्न भागों में लोगों को पर्यावरण सम्बन्धित समस्याओं पर जागरूकता के सन्देश दिए। विशिष्ट अतिथि नील इंद्रजीत कौर संधू डायरेक्टर प्रिंसिपल एसडी विद्या स्कूल अंबाला ने हरी झंडी दिखा कर रैली को रवाना किया।

संधू वैश्विक स्तर पर ग्रीन स्कूल प्रोजेक्ट पर काम कर रहीं हैं और शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास की हरियाणा की पर्यावरण प्रभारी हैं, ने अपने विचारों के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रकृति के प्रति जागरूक किया। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से अनुरोध किया कि पृथ्वी दिवस पर एक पेड़ अवश्य लगाएं। उन्होंने बच्चों को रूफटॉप गार्डनिंग के तरीके व लाभ भी बताए। उन्होंने चारों ओर हरियाली फैलाने का संदेश दिया। उन्होंने कंपोस्ट बनाना और उसके फायदे बताए। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ देवेंद्र अरोड़ा ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि आप देश का भविष्य हैं , यदि वर्तमान में हम धरती की रक्षा करेंगे तो हमारी धरती भविष्य में अच्छी बनेगी। इसलिए प्लास्टिक का इस्तेमाल कम से कम करें और अपनी दिनचर्या की गतिविधियों में छोटा छोटा बदलाव करके हम पृथ्वी को ग्लोबल वार्मिंग से बचा सकते हैं। इसके इलावा विद्यालय में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया।

कक्षा प्री नर्सरी से द्वितीय के विद्यार्थियों ने पृथ्वी की आकृति में रंग भरकर पृथ्वी को बचाने का संदेश दिया। कक्षा तृतीय से चतुर्थ के विद्यार्थियों ने भिंडी की सहायता से पेड़ की आकृति बनाई और हरियाली फैलाने का संदेश दिया।कक्षा पंचम के विद्यार्थियों ने ग्लेज पेपर की सहायता से पृथ्वी की बनाई और प्रकृति के प्रति अपनी जागरूकता को दर्शाया। कक्षा षष्ठम से द्वादश के विद्यार्थियों ने पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।

# किड्जी, किड्स प्लेनेट प्रेम पब्लिक स्कूल में मनाया पृथ्वी दिवस

**कुरुक्षेत्र।** किड्जी, किड्स प्लेनेट प्रेम पब्लिक स्कूल सेक्टर- 3 कुरुक्षेत्र में पृथ्वी दिवस मनाया गया। इस मौके पर स्कूल में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा चौथी और पांचवी के लिए स्लोगन प्रतियोगिता व कक्षा छठी से आठवीं कक्षा के लिए पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कक्षा पांचवी से आठवीं कक्षा के बच्चों ने स्किट के द्वारा दशार्या कि प्रदूषण के कारण धरती कितनी प्रभावित हुई है और अपनी रक्षा के लिए पुकार रही है।कक्षा नर्सरी से सीनियर के जी के बच्चो द्वारा भी पृथ्वी संरक्षण के लिए प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में स्कूल की एकेडमिक इंचार्ज मेघा बठला, कोआर्डिनेटर सुनीता अरोड़ा, ज्योति खनेजा तथा एचआर पूजा तथा अन्य शिक्षक भी शामिल हुए। स्कूल प्रबंधक परमिंदर सिंह बाठ ने कहा कि आज जिस तरह से प्रकृति का दोहन हो रहा है उससे वैश्विक स्तर पर भविष्य की चिंता होना स्वाभाविक है। उन्होंने कहा कि 22 अप्रैल को दुनिया भर में पर्यावरण संरक्षण के लिए समर्थन प्रदर्शित करने के लिए पृथ्वी दिवस का आयोजन किया जाता है। इस दिवस को मनाए जाने का उद्देश्य लोगों के भीतर पर्यावरण के प्रति जागरुकता फैलाना और धरती को बचाने के लिए किए जा रहे प्रयासों को प्रोत्साहित करना है।

# राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान कुरुक्षेत्र में शिक्षांगन 2024 का शानदार समापन

**कुरुक्षेत्र।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान कुरुक्षेत्र में शिक्षांगन 2024 का आखिरी दिन भी उत्साह और उमंग से भरा रहा। दिन की शुरूआत में छात्रों को उनकी कला और प्रतिभा को सांझा करने का मौका मिला, जिसे ट्रेजर हंट, स्पीच, और न्यूजरूम जैसी प्रतियोगिताओं के माध्यम से आयोजित किया गया। इसके साथ ही शिक्षा गॉट टैलेंट जैसे कार्यक्रमों में भी छात्रों को अपनी कला का प्रदर्शन करने का मौका मिला। इसके बाद, जुबली हॉल में वैलिडिक्टरी फंक्शन का आयोजन किया गया, जिसमें दो दिन तक चले समारोह में आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही सभी कक्षाओं के टॉपर्स को स्कॉलरशिप प्रदान की गई। शिक्षा क्लब के फाइनल ईयर के सदस्यों को भी इस सफल आयोजन के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान जुबली हॉल में तालियों की गूंज से माहौल उत्साहपूर्ण था। इस दौरान मुख्य अतिथि ग्रुप कैप्टन एस.सी गौड़ शौर्य चक्र व विशिष्ट सेवा मैडल, संस्थान के अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ दीक्षित गर्ग, संकाय प्रभारी प्रोफेसर डॉ शैली वधेरा भी मौजूद रहे। साथ ही मंजीत गुज्जर, प्रीत, विभा आदि शिक्षा के वॉलंटियर्स ने कार्यक्रम को पूर्ण रूप से सफल बनाने में बहुत मेहनत की।

**पायनियर क्लासीफाइड**

**नाम परिवर्तन**

I, Kamal Jeet Sembhi W/o Kulvir Singh R/o A-22, Sainik Colony, Sector-49 Faridabad have changed my name to Kamaljeet Kaur.

**खोया-पाया**

मैं, Bedo w/o Ramkrishan निवासी मकान नम्बर 750, गांव मुंडलाना, तहसील गोहाना, सोनीपत बयान करता/करती हूं। मेरे मकान नम्बर 750, गांव मुंडलाना, तहसील गोहाना, सोनीपत sale deed No.4183 दिनांक 06.09.2011 जो की दिनांक- 06.04.2024 को कहीं पर गुम हो गया है, अगर किसी को मिले तो कृपया इस पते पर संपर्क करें।


**बेदखल सूचना**

मैं, राम मेहर धीमान (आधार नम्बर 2599 2642 3964) पुत्र स्वर्गीय श्री चंदगी राम निवासी मकान नम्बर एमसीएफ-253, माता वैष्णो देवी मंदिर के पास, संजय कॉलोनी, सेक्टर 22, फरीदाबाद का हूं। मैं अपने पुत्र सुमित धीमान (आधार नम्बर 8031 0805 0479) को अपनी चल-अचल सम्पत्तियों से बेदखल करता हूं, जो कि मेरी आज्ञा में नहीं है। हर समय मुझसे झगड़ा करता है, मुझे प्रताड़ित करता है उसके द्वारा किए गये किसी सम्बन्ध, किसी से रिश्तेदारी बनाना, पुराना व नया पैसे का लेन-देन, झगड़ा, मार पीट, पुलिस केस, कोर्ट केस व उसी जाब आदि से मेरा व मेरे परिवार के किसी सदस्य का कोई सरोकार नहीं होगा। मेरा जीते जी व मरने के बाद भी उससे कोई कानूनी रिश्ता नही होगा।

**सार्वजनिक सूचना**

मेरा मुवक्किल सतीश कुमार पुत्र स्व0 सरदा राम निवासी गाँव फूलवाडी, जिला पलवल हरियाणा का पुत्र सागर पोसवाल व सुमित पोसवाल व पुत्रवधू पिंकी पत्नी सागर व वर्षा पत्नी सुमित पोसवाल जो मेरे मुवक्किल के कहने से बाहर हैं, गाली गलौच, मारपीट व झूठे केसों में फंसाने की धमकी देने के कारण मेरे मुवक्किल ने इनको अपनी तमाम चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में इनसे लेनदेन करने वाले व्यक्ति स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरे मुवक्किल व उसके परिवार के किसी भी सदस्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। कर्मवीर सौरोत, अधिवक्ता, फरीदाबाद

# ड्रग इंस्पेक्टर ने छापेमारी के दौरान चार नूमने भरे



अनाज मंडी में दवा विक्रेता की दुकान में दवाइयों की जांच करते हुए।

**सोहना।** जिला ड्रग इंस्पेक्टर की टीम ने शहर के पांच दवा बिक्रेताओं की दुकानों पर छापामारी की। छापेमारी के दौरान दो दुकानों से दवाइयों के नमूने लिए गए तथा दुकानदार द्वारा मंगवाई जाने वाली दवाइयों के बिल की जांच करते हुए सबूत लिए गए। डीआई की छापामारी से शहर के दवा विक्रेताओं में हड़कंप मच गया। सोमवार को जिला औषधी निरीक्षक मुकेश कुमार की टीम ने शहर में खुली दवा विक्रेताओं की पांच दुकानों पर छापेमारी की गई।

डीआई के सोहना में छापामारी की सूचना दवा बिक्रेताओं ने एक दूसरे को फोन करके बताया दिया। जिससे सभी दुकानदार सचेत हो गए। शहर के जिस भी बाजार में डीआई मुकेश कुमार पहुंच कर दवा बिक्रेता की दुकान में जांच कर थे। उसके आसपास दवा विक्रेता अपनी दुकानों के शटर गिराते हुए भाग गए। कुछ दुकानदार अपनी ईमानदारी के बल पर दुकानें खोलकर बैठें रहे और जिला औषधि निरीक्षक की कार्यवाही करने के लिए तैयार रहे। डीआई ने मंडी परिसर में दो दवा बिक्रेता समेत शहर की तीन अलग-अलग दिशाओं में दुकानों पर जाकर जांच की। जांच के दौरान दवाओं से लेकर उनके बिल, उनकी एक्सपायर क्षमता को बारिकी से देखा।

> **दवा** बिक्रेताओं की दुकानों से लिए गए नमूनों को लैब में जांच के लिए भेजा जाएगा। लैब से रिपोर्ट आने पर ही उचित कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।
>
> **( मुकेश कुमार-जिला ड्रग इंस्पेक्टर )**

**चार नमूने लिए गए :** जिला औषधि निरीक्षक ने दो दवा बिक्रेताओं की दुकानों से चार नमूने लिए गए। इसके अलावा जिन पांच दुकानों के यहा पर जांच की गई है। उन्हें जल्द ही दुकान में मिली कमियों के आधार जल्द ही नोटिस दिए जाएंगे। जिनका जबाव जल्द से जल्द दुकानदार को देना होगा।

# पृथ्वी दिवस पर राजकीय विद्यालय में किया पौधारोपण

**कुरुक्षेत्र।** पृथ्वी दिवस पर राजकीय आदर्श संस्कृति प्राथमिक विद्यालय धूलगढ़ गुलडेहरा में पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के अध्यापक नीरज वर्मा ने किया। सबसे पहले विद्यालय मे पौधारोपण किया गया और साथ ही उपस्थित बच्चों और ग्रामीणों को ज्यादा से ज्यादा पौधे लगवाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हमारी पृथ्वी ने हमें वो समस्त संसाधन तथा सुविधाएं प्रदान की है, जो सुखी जीवन के लिए आवश्यक होती हैं। बिना कुछ लिए हमें पृथ्वी से अनगिनत बहुमूल्य उपहार प्राप्त हुए हैं। इसलिए हमारा भी यह फर्ज बनता है कि हम भी पृथ्वी को स्वच्छ और हरा भरा बनाने के लिए पेड़ लगाएं। विद्यालय के मुख्याध्यापक व सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया के जिला कोआर्डिनेटर पवन मित्तल ने विद्यार्थियों को पर्यावरण के प्रति सजग होने और स्वच्छ बनाने के लिए प्रेरित किया। बच्चों को पर्यावरण की देखभाल के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि मनुष्य के क्रियाकलापों के कारण पर्यावरण को लगातार नुकसान हो रहा है।

# सामूहिक प्रयास से बनेगी पृथ्वी प्लास्टिक मुक्त : डॉ पवन



प्लास्टिक के इस्तेमाल कम कर पृथ्वी को बचाने की बच्चों ने ली शपथ।

पायनियर समाचार सेवा। फिरोजपुर झिरका

**पीएम** श्री स्कूल पाठखोरी में पृथ्वी दिवस इको क्लब द्वारा कैवल्य एजुकेशन फाउंडेशन के सहयोग मनाया गया जिसमें नोडल अध्यापक डॉ पवन यादव ने कहा कि अगर हमें प्लास्टिक मुक्त धरती करना है तो हमें प्लास्टिक मुक्त जीवन शैली अपनानी होगी और प्लास्टिक का उपयोग कम से कम करना होगा तभी हम पृथ्वी को बचाने मे सफल रहेगे।

कार्यक्रम बालगीत के साथ शुरू किया जिसमे बच्चो ने सिंगल उपयोग प्लास्टिक को कम करने का संदेश दिया द्व छाया, कंचन, सबरुना, इरसाना, सारमीन आदि द्वारा प्लास्टिक हटाओ, पृथ्वी बचाओ पर स्लोगन बनाये गये वही छात्रा कोसर ने पर्यावरण संरक्षण पर गीत प्रस्तुत किया। गांधी फ़ेलो पवन देशमुख यादव ने सभी को प्लास्टिक को कम करने के लिए और पृथ्वी को बचाने के लिए बच्चों को शपथ दिलवाई। कार्यक्रम मे रामोतार शास्त्री, अनीता देवी, राजीव मित्तल, गीता, अंजू , विकास, रिहाना, हरिओम गोयल, मौहम्मद सहित समस्त अध्यापक उपस्थित रहे।

# भाविप के नए सदस्यों के लिए शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन

**कुरुक्षेत्र।** भारत विकास परिषद् के सम्वत 2081 की नई कार्यकारणी के दायित्वधारियों एवम नए सदस्यों के लिए शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ अमित सोबती, कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ परमजीत पाहवा क्षेत्रीय संयुक्त महासचिव भाविप उत्तर क्षेत्र 2, दायित्व प्रदाता मनीष मलिक, विशिष्ट अतिथि करतार सिंह धीमान पवन गुप्ता अध्यक्ष कुरुक्षेत्र शाखा ने वंदे मातरम के गायन तथा भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन व पुष्प अर्चना से की।

AU SMALL FINANCE BANK
A SCHEDULED COMMERCIAL BANK

**एयू स्मॉल फाईनेन्स बैंक लिमिटेड**

रजिस्टर्ड ऑफिस: 19-A, धुलेश्वर गार्डन, अजमेर रोड़, जयपुर-302001 (CIN:L36911RJ1996PLC011381)

**प्राइवेट ट्रिटी सेल द्वारा सरफेसी नियम 8 (5)-डी के तहत सूचना**

प्राइवेट ट्रिटी के माध्यम से बैंक द्वारा विक्रय की जाने वाली बंधक सम्पत्ति और उसके आरक्षित मूल्य व विवरण नीचे तालीका में दी जा रही है।

| ऋण खाता संख्या / ऋणी/ सहऋणी/बन्धकर्ता/ गारन्टर का नाम | सम्पत्ति का विवरण | प्रस्ताव मूल्य | क्रेता द्वारा प्राप्त राशि |
|---|---|---|---|
| **कृष्णा ट्रेडिंग कंपनी (ऋणी)**, लक्ष्मण सिंह (सह-ऋणी), बैशाली लक्ष्मण (सह-ऋणी) खाता संख्या : L9001060125589710 | सम्पत्ति ग्राम पंचायत खेवट नंबर 393, खतौनी 482, पुराना बस स्टैंड, मोजा डोंगरा अहीर, तहसील-नारनौल, जिला-महेंद्रगढ़, हरियाणा **क्षेत्रफल 300 वर्ग गज**, सम्पत्ती की चारों सीमाएँ इस प्रकार हैं: पूर्व - कलावती खैरनार और सुनीता जाधव का शेष एरिया, पश्चिम - कलावती खैरनार और सुनीता जाधव का शेष एरिया, उत्तर - कॉलोनी रोड, दक्षिण - राखी बठिया का एरिया | रु. 17,11,000/- (सत्रह लाख ग्यारह हजार मात्र) | रु. 17,11,000/- (सत्रह लाख ग्यारह हजार मात्र) |

सुरक्षित लेनदार/प्राधिकृत अधिकारी को उपरोक्त संपत्ति को क्रय करने का प्रस्ताव प्राप्त हुआ है। यदि ऋणी के पास उपरोक्त प्रस्ताव से अधिक राशि का कोई खरीददार है तो उसे नोटिस की तारीख से पंद्रह दिवस के भीतर अपनी प्रस्तावित राशि के 10% के डीडी/पे ऑर्डर के साथ भेजने का अनुरोध किया जाता है और शेष राशि को उसका प्रस्ताव स्वीकार करने की दिनांक से पंद्रह दिवस में जमा करना आवश्यक होगा। अन्यथा प्राधिकृत अधिकारी द्वारा उपरोक्त प्रस्ताव पर ही सम्पत्ति का बेचान किया जाएगा जो प्रस्तावित है।

**स्थान : हरियाणा** **दिनांक: 22-04-2024** **प्राधिकृत अधिकारी एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड**

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद (हरियाणा) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर - 201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। प्रधान संपादक : शोबोरी गांगुली, स्थानीय संपादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : (0129) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

# केजरीवाल का स्वास्थ्य

## राजनीति का विषय

**अरविंद केजरीवाल का स्वास्थ्य** राजनीति का विषय बन गया है। इससे राजनीति की इस स्तर तक गिरावट स्पष्ट है जहां राजनीतिक लाभ के लिए जीवन को दांव पर लगाया जा सकता है। राजनीति के क्षेत्र में प्रशासन और जन-कल्याण को सर्वोच्च स्थान मिलना चाहिए, लेकिन यहां यह परेशान करने वाली प्रवृत्ति उभर रही है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से संबंधित घटनायें इस प्रवृत्ति का उदाहरण हैं। यहां स्वास्थ्य संकट एक प्रकार से 'नायकत्व' का प्रतीक बन गया है और स्वास्थ्य समस्याओं को संबोधित करने के बजाय यह संकुचित राजनीतिक विमर्श विकसित करने के काम आ रहा है। प्रवर्तन निदेशालय-ईडी ने दावा किया कि केजरीवाल जानबूझ कर उच्च शर्करा वाला भोजन ले रहे हैं ताकि अपनी जमानत का आधार तैयार कर सकें। लेकिन केजरीवाल की सहयोगी आतिशी ने इसे खारिज करते हुए आरोप लगाया है कि जेल में बंद मुख्यमंत्री को आवश्यक इंसुलिन तथा घर में बने खाने से वंचित करने के लिए एक षडयंत्र किया गया है जिससे उनका जीवन भी संकट में पड़ सकता है। दोनों दावे एकदम विपरीत होने के बावजूद स्वास्थ्य संकट का राजनीतीकरण रेखांकित करते हैं। सत्ता की राजनीति में जहां नैतिकता को पीछे छोड़ दिया जाता है, अब मानव जीवन की पवित्रता की भी अनदेखी होने लगी है। ऐसे में किसी व्यक्ति की बेहतरी के बजाय संकुचित लाभ के लिए उसके संकटों का लाभ उठाया जा रहा है। ऐसा विमर्श न केवल राजनीतिक विमर्श की निष्ठा पर, बल्कि प्रशासन से जुड़े लोगों की नैतिकता पर भी गंभीर सवाल उठाता है। ईडी ने जोर दिया है कि केजरीवाल जानबूझ कर अपने स्वास्थ्य से छेड़छाड़ कर रहे हैं ताकि उसका कानूनी लाभ उठाया जा सके। इससे पता चलता है कि कोई राजनेता अपने विरोधियों को बदनाम करने के लिए किस सीमा तक गिर सकता है। इससे वह संस्कृति रेखांकित होती है जहां लोगों के व्यक्तिगत संघर्षों को राजनीतिक लाभ के लिए हथियार बना दिया जाता है। इसके उलट, केजरीवाल का जीवन संकट में डालने के आतिशी के आरोपों से बेलगाम राजनीतिक लफ्फाजी के खतरनाक परिणाम रेखांकित होते हैं। यदि बिना किसी प्रमाण के हत्या के प्रयास के आरोप लगाए जाते हैं तो इससे न केवल अविश्वास के बीज उगते हैं, बल्कि ऐसे जघन्य अपराधों की गंभीरता भी कम होती है।



मुख्य रूप से 'केजरीवाल प्रकरण' राजनीति का गहरा संकट रेखांकित करता है जहां मानव गरिमा पर राजनीतिक सुविधा को वरीयता मिलती है। सत्ता और प्रभाव की अथक खोज में अक्सर निहित स्वार्थों की बलिवेदी पर मानव जीवन के महत्वपूर्ण मूल्य बलिदान कर दिए जाते हैं। इस प्रकार संवेदना और गरिमा की कमी न केवल लोकतंत्र का ढांचा कमजोर करती है, बल्कि नागरिकों के मूलाधिकारों व स्वतंत्रताओं को भी खतरे में डालती है। मामले में सच और झूठ पर ज्यादा गौर किए बिना सभी लोगों की तरह केजरीवाल को भी सर्वोत्तम इलाज मिलना चाहिए, भले ही यह बीमारी स्वयं उनके द्वारा पैदा की गई हो। राजनीति के प्रति निष्ठा को बढ़ावा देने के लिए राजनेताओं को अपनी प्राथमिकतायें पुनः निर्धारित कर उनमें सद्भावना, निष्ठा तथा जवाबदेही को प्राथमिकता देनी चाहिए। व्यक्तियों के कल्याण को कभी 'राजनीतिक दांवपेंच' का आधार नहीं बनने देना चाहिए। राजनेताओं को हर नागरिक की गरिमा व बेहतरी के प्रति प्रतिबद्धता प्रदर्शित करनी चाहिए, भले ही उसका राजनीतिक जुड़ाव कुछ भी हो। 'केजरीवाल प्रकरण' मानवता को कुचल कर राजनीति करने के जोखिम की ओर संकेत करता है।

# सूकी की सुरक्षा पर संकट

**आंग सान सूकी की सुरक्षा पर ऐसे समय संकट मंडरा रहा है, जब म्यांमार में सैनिक शासक पराजय की कगार पर पहुंच गए हैं। भारत सरकार पूरे घटनाक्रम पर गहरी नजर रखे है।**



**हिरण्यमय कार्लेकर**
(लेखक, द पायनियर के सलाहकार संपादक हैं)



म्यांमार में लोकतांत्रिक चुनाव से निर्वाचित आंग सान सूकी के जेल में बंद होने या अपने ही घर में नजरबंद होने के बारे में अफवाहों का बाजार गर्म है। आंग सान सूकी की सुरक्षा पर ऐसे समय संकट मंडरा रहा है, जब म्यांमार में सैनिक शासक पराजय की कगार पर पहुंच गए हैं। न्यूज वेबसाइट 'द इरावडी' ने 'नैपीटा व यंगून में विश्वस्त सूत्रों' का संदर्भ देते हुए कहा है कि म्यांमार में लोकतांत्रिक संघर्ष की प्रतीक 78 वर्षीय आंग सान सूकी तथा देश की लोकतांत्रिक तरीके से निर्वाचित सरकार के जेल में बंद 72 वर्षीय राष्ट्रपति विन मिंट जेल में बंद हैं। इनको 1 फरवरी, 2021 में हुए सैनिक विद्रोह के बाद सत्ता से हटा दिया गया था। वेबसाइट की उच्च स्तरीय विश्वसनीयता को देखते हुए यह बात वास्तव में सही हो सकती है। इस संबंध में उसके द्वारा दी गई खबर को भी विश्वसनीय माना जा रहा है। लेकिन 16 अप्रैल की दोपहर के बाद से स्थिति अनिश्चित बनी हुई है, जब सरकार-समर्थक मीडिया ने कहा कि दोनों को नए ठिकाने पर ले जाया गया है।

इसके बाद सरकार के प्रवक्ता मेजर जनरल जा मिन तुन ने वीओए व बीबीसी की बर्मा सेवाओं को बताया कि 'मौसम के बहुत अधिक गरम होने के कारण न केवल डा आंग सान सूकी और यू विन मिंट, बल्कि कुछ अन्य वृद्ध बंदियों की आवश्यक देखभाल की जा रही है।' लेकिन उसने यह नहीं बताया कि क्या सूकी को एक नए स्थान पर ले जाया गया है। जब मीडिया संगठनों ने ज्यादा सूचनाओं के लिए उन पर दबाव डाला तब भी उन्होंने कोई विस्तृत विवरण नहीं दिए। इस बात के कोई फोटोग्राफिक या अन्य प्रमाण उपलब्ध नहीं हैं जिनमें उनको 'हाउस अरेस्ट' में ले जाने का विवरण मिलता हो। लेकिन इसके बावजूद स्थानीय व अंतरराष्ट्रीय स्रोत तथा खबरिया एजेंसियां उनके हाउस अरेस्ट के बारे में खबरें प्रसारित करते रहे। लेकिन यह सच नहीं है। आंग सान सूकी के बेटे किम एरिस ने एक ब्रेकफास्ट इंटरव्यू के दौरान 'स्काई न्यूज़' के के बर्टले को बताया, 'वे हाउस अरेस्ट की बात करते हैं। लेकिन सूकी के पास केवल एक घर है और वे वहां नहीं हैं।' सैनिक शासक तथा उनके प्रवक्ता के रूप में काम करने वाली खबरिया एजेंसियों की अत्यधिक अविश्वसनीयता को देखते हुए यह भ्रम बना रहने की संभावना है। शायद दोनों जानबूझ कर इस बारे में भ्रम बने रहने देना चाहते हैं। यदि वास्तव में ऐसा है तो सवाल उठता है कि इस कृत्य के पीछे उनका क्या उद्देश्य है? इसका सर्वाधिक उपयुक्त जवाब यह छवि बनाना हो सकता है कि सैनिक शासक उनकी देखभाल कर रहे हैं। लेकिन ऐसा अचानक क्यों बताया जा रहा है? कुछ समय से खबरें आ रही थीं कि आंग सान सूकी जेल में बहुत बीमार हैं और सैनिक शासक उनको आवश्यक चिकित्सकीय सहायता नहीं दे रहे हैं। यह अनुमान भी लगाया जा रहा है कि सैनिक शासक सूकी की जेल में हत्या करवा कर यह दावा कर सकते हैं कि उनकी मौत वृद्धावस्था या अन्य किसी प्राकृतिक कारण से हो गई है।

जो भी हो, वर्तमान प्रकरण से स्पष्ट है कि जनरल यह छवि बनाने का प्रयास कर रहे हैं कि यदि सुश्री सूकी के साथ कोई अवांछित घटना हो जाती है तो वे उसके जिम्मेदार नहीं होंगे। इसका एक और कारण सैनिक शासकों के बीच व्याप्त मतभेद हैं। ये मतभेद बढ़ रहे हैं और सैनिक शासकों का एक वर्ग सुश्री सूकी के साथ समझौता कर देश में व्याप्त गृह युद्ध समाप्त करवाना चाहता है। सैनिक शासक गृह युद्ध में लगातार पराजित हो रहे हैं और वे इस स्थिति से बाहर निकलना चाहते हैं। म्यांमार सेना का असली नाम टटमाडा के बजाय सिट-टैट है और वह निकट भविष्य में ही पराजित होने वाली है। विपक्षी 'थ्री ब्रदरहुड एलायंस' द्वारा 27 अक्टूबर, 2023 से छेड़े वर्तमान युद्ध में सरकारी सेनायें एक के बाद दूसरी पराजयों का सामना कर रही हैं। इस युद्ध को 'आपरेशन 1027' का नाम दिया गया है। सैनिक शासकों की नवीनतम पराजय 11 अप्रैल, 2024 को म्यावाडी को खो देना है जो एक महत्वपूर्ण सीमान्त कस्बा है। करेन नेशनल लिबरेशन आर्मी-केएनएलए व करेन नेशनल आर्मी के हाथों हुई यह पराजय सैनिक शासकों की सर्वाधिक अपमानजनक पराजय है, जबकि पराजयों का सिलसिला एलायंस के वर्तमान आपरेशन के बाद से ही शुरू हो गया था। म्यावाडी म्यांमार के पूर्वी सिरे पर थाईलैंड की सीमा के निकट प्रमुख व्यापार केन्द्र है। यहां से होकर गुजरने वाला कुल आयात और निर्यात 2023 में 1 बिलियन डालर था। इसे दक्षिण-पूर्व आशियान देशों के लिए म्यांमार का प्रवेश द्वार भी माना जाता है।

बताया जाता है कि म्यांमार के सैनिक शासक एक जवाबी युद्ध छेड़ने की तैयारी कर रहे हैं। अभी यह तय नहीं है कि इसकी शुरुआत होगी। यह भी देखना होगा कि यदि ऐसा कोई जवाबी युद्ध शुरू हो जाता है तो भी वह किस सीमा तक सफल होगा। लेकिन यदि यह सफल हो जाता है तो भी आशंका है कि क्या सिट-टैट शहर पर फिर कब्जा करने के बाद इसका कब्जा अपने पास बनाए रखने में सफल होगा। लेकिन इन सबके बावजूद केवल यह एक युद्ध व्यापक रूप से चल रहे गृह युद्ध में कोई महत्वपूर्ण भूमिका नहीं निभा सकेगा। वर्तमान समय में म्यांमार के सैनिक शासक एक व्यापक जन-विद्रोह का सामना कर रहे हैं। अपने मौजूदा चरण में गृह युद्ध पूरी तरह विद्रोही सैनिक एलायंस के पक्ष में है। इस एलायंस में उत्तरी शान राज्य के कोकांग विशेष क्षेत्र में सक्रिय म्यांमार नेशनल डेमोक्रेटिक एलायंस आर्मी-एमएनडीएए की प्रमुख भूमिका है।

म्यांमार के सैनिक शासक के खिलाफ एलायंस में शान राज्य में सक्रिया टांग नेशनल लिबरेशन आर्मी-टीएनएलए तथा देश के पश्चिमी भाग में राखीन राज्य में सक्रिय अराकान आर्मी-एए भी शामिल हैं। म्यांमार में सैनिक शासक के खिलाफ जन-विद्रोह में शामिल विभिन्न राष्ट्रीय मुक्ति सेनाओं के बीच निकट समन्वय स्थापित है। म्यांमार की अपदस्थ लोकतांत्रिक सरकार ने एक निर्वासित सरकार बनाई है तथा उसकी सशस्त्र शाखा भी सैनिक शासन के खिलाफ जन-विद्रोह व विभिन्न सैनिक गतिविधियों में समन्वय बनाने का प्रमुख काम कर रही है। विपक्षी सरकार की सैनिक शाखा पीपुल्स डिफेंस फोर्स-पीडीएफ म्यांमार के सैनिक शासन के खिलाफ सक्रिय अनेक नस्ली सेनाओं के साथ ही केएनएलए व केएलए के साथ समन्वय बना रही है।

म्यांमार में सैनिक शासन के खिलाफ चल रहे व्यापक व तेज गृह युद्ध की स्थितियों पर गौर करें तो अनेक चीजें स्पष्ट होती हैं। विश्वस्त सूत्रों के अनुसार वर्तमान समय में एए ने देश के पूरे राखीन राज्य पर अपना नियंत्रण स्थापित कर लिया है। 1 अप्रैल तक उसने सैनिक शासकों द्वारा संचालित सेना सिट-टैट के 170 शिविरों और चौकियों पर कब्जा कर लिया था। इसके साथ ही उसने सरकारी सेना के अनेक बड़े अड्डों, बटालियन मुख्यालयों तथा प्रशिक्षण सुविधाओं पर भी कब्जा कर लिया है। अत्यधिक महत्वपूर्ण रूप से अराकान आर्मी-एए ने 15 जनवरी, 2024 को पलेटवा के महत्वपूर्ण कस्बे पर कब्जा कर लिया था। यहां चीन एक बंदरगाह तथा 1,600 हेक्टर क्षेत्र में फैले विशेष आर्थिक क्षेत्र का विकास कर रहा था।

एए के कब्जे के बाद अब चीन की इन परियोजनाओं का निर्माण असंभव हो गया है। चीन प्रत्यक्ष व परोक्ष रूप से म्यांमार में लोकतांत्रिक सत्ता का तख्ता उलटने तथा आंग सान सूकी की गिरफ्तारी के बाद से ही म्यांमार के सैनिक शासक का समर्थन कर रहा है और देश के विशाल भूभाग पर अपनी विभिन्न परियोजनाओं के माध्यम से कब्जा करना चाहता है। चीन की इस विशाल परियोजना को गहरा धक्का देने के साथ ही अराकान आर्मी सितवे पर भारी दबाव डाल रही है। सितवे एक महत्वपूर्ण बंदरगाह शहर है। एए ने पहले इस महत्वपूर्ण कस्बे के आसपास बसे छोटे महत्वपूर्ण शहरों पर कब्जा किया और सड़कों तथा जलमार्गों के माध्यम से सितवे तक पहुंच को काट दिया है। म्यांमार में जारी गृह युद्ध को देखते हुए भारत ने अप्रैल, 2024 की शुरुआत में ही यंगून से अपने कौंसुलेट कर्मचारियों को हटा दिया था।

पहले यह सोचा जाता था कि अपरिहार्य होने के बावजूद म्यांमार के सैनिक शासन का पतन होने में लंबा समय लगेगा। लेकिन अब ऐसा लगता है कि म्यांमार सैनिक शासन का पतन अनुमानित समय के बहुत पहले ही हो जाएगा। भारत ने हमेशा म्यांमार में लोकतांत्रिक सरकार तथा वहां लोकतांत्रिक संघर्ष की प्रतीक आंग सान सूकी का समर्थन किया है। ऐसे में भारत सरकार की स्वाभाविक रूप से म्यांमार में तेजी से बदल रहे घटनाक्रम पर नजर है।

# प्लास्टिक से भी ज्यादा खतरनाक माइक्रोप्लास्टिक

**डॉ सुशील द्विवेदी**
(लेखक, पर्यावरण मामलों के जानकार हैं)



पृथ्वी दिवस हर साल 22 अप्रैल को मनाया जाता है। यह दिन पृथ्वी और इसके पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और इसकी सुरक्षा के लिए कार्रवाई करने का प्रतीक है। पहला पृथ्वी दिवस मनाने की शुरुआत 22 अप्रैल 1970 को अमेरिकी सीनेटर गेराल्ड नेल्सन ने की जिसमें लगभग दो करोड़ अमेरिकियों ने पृथ्वी दिवस के पहले आयोजन में हिस्सा लिया था। तब से हर साल पृथ्वी दिवस का आयोजन एक विशेष थीम के साथ 22 अप्रैल को होता आ रहा है इस वर्ष 2024 की थीम, गृह बनाम प्लास्टिक है। इस थीम, के साथ अर्थ दिवस मनाने का उद्देश्य मानव और ग्रह स्वास्थ्य के लिए प्लास्टिक प्रदूषण के नुकसान के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। पिछले वर्षों मैं पृथ्वी दिवस की थीम के रूप मैं जलवायु परिवर्तन और स्वच्छ ऊर्जा से लेकर प्रजातियों की रक्षा और वृक्षारोपण के लाभों तक कई पर्यावरणीय मुद्दों को शामिल किया जा चुका है। इस वर्ष की थीम, गृह बनाम प्लास्टिक, इसलिए और भी प्रासांगिक है क्योंकि प्लास्टिक पर 2024 के अंत तक एक ऐतिहासिक संयुक्त राष्ट्र संधि हेतु दुनिया के देशों की सहमति होने की उम्मीद है। प्लास्टिक को लेकर ब्रिटेन सहित दुनिया के 50 से अधिक देशों ने 2040 तक प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करने का आह्वान किया है।

धरती पर आज इन्सान प्लास्टिक से बुरी तरह घिर चुका है वह प्लास्टिक खा रहा है, पी रहा है और पहन भी रहा है जहां इसने हमें आगे बढ़ने का रास्ता दिया, पर साथ ही यह अपने साथ अनेको समस्याएं भी साथ लाया। उन्हीं में से एक इसके प्रदूषण की समस्या है। दुनिया के सामने यह समस्या कोई नयी नहीं है, काफी समय से हम इसके बढ़ते प्रदूषण से जूझ रहे हैं। यह न केवल पर्यावरण के लिए बल्कि हमारे स्वास्थ्य के लिए भी हानिकारक है। आज हम हर साल करीब 30 करोड़ टन प्लास्टिक कचरा फैला रहे हैं, जो कि संपूर्ण मानव जाति के भार के बराबर है। आज दुनिया भर के लिए अब प्लास्टिक एक बड़ा सिरदर्द बन चुका है। समुद्र की गहराई से लेकर पहाड़ की चोटियों तक इंसान ने प्लास्टिक के छोटे-छोटे टुकड़ों से ग्रह को पाट दिया है अगर आप अपने आसपास नजर दौड़ाएंगे तो आपको प्लास्टिक की कई सारी चीजें नजर आएंगी। ऐसी ही चीज़ों के बारीक टुकड़े जब बहुत छोटे आकार में टूट जाते हैं तो उन्हें माइक्रोप्लास्टिक कहा जाता है। आमतौर पर पाँच मिलीमीटर से छोटे टुकड़े माइक्रो प्लास्टिक कहलाते हैं। कुछ टुकड़े इससे भी छोटे होते हैं, जिन्हें नैनो स्केल में ही मापा जा सकता है। उन्हें नैनो प्लास्टिक कहा जाता है। ये प्लास्टिक के बारीक-महीन कण, हर उस चीज में पहुंच रहे हैं जो हम खाते हैं और जिसमें हम सांस लेते हैं। ऐसा अनुमान है कि इस पृथ्वी पर मौजूद हर एक व्यक्ति औसतन हर साल 50 हजार से ज्यादा प्लास्टिक कणों का उपभोग करता है, और अगर इसमें सांसों के जरिए हमारे भीतर पहुंचने वाले कणों को भी शामिल कर लिया जाए, तो इनकी संख्या और भी बढ़ जाती है। जब कभी हम यात्रा कर रहे हों या ऐसी जगह हो, जहां साफ पानी न मिल पाए, वहां हमारी कोशिश रहती है कि बोलतबंद पानी मिल जाए। हम यह मानते हैं कि इस पानी में गंदगी नहीं होंगी, लेकिन इस पानी के अंदर माइक्रोप्लास्टिक यानी प्लास्टिक के असंख्य महीन कण हो सकते हैं। आज धरती पर धरती पर रहने वाला हर एक व्यक्ति कम से कम 5 ग्राम अर्थात एक क्रेडिट या डेबिट कार्ड के भार जितना प्लास्टिक पानी से, खाने से या माइक्रोप्लास्टिक युक्त हवा से अपने शरीर मैं ले रहा है। पीने का साफ पानी हम सभी की बुनियादी ज़रूरतों में से एक है। आईआईटी पटना के एक शोध में बारिश के पानी में भी माइक्रोप्लास्टिक कण मिले थे. इसी तरह एक अन्य शोध में पाया गया कि भारत में ताजा पानी की नदियों और झीलों तक में माइक्रोप्लास्टिक मिल रहा है। इनमें फाइबर, छोटे टुकड़े और फोम शामिल हैं। इस शोध के मुताबिक, फैक्ट्रियों से निकलने वाले गंदे पानी और शहरी इलाक़ों से निकलने वाले प्लास्टिक वेस्ट जैसे कई कारणों से ये हालात बने हैं। माइक्रो प्लास्टिक पानी के अलावा यह उस जमीन में भी बहुतायत में पाए जाने लगे हैं, जहां खेती होती है।

अमेरिका में साल 2022 में एक पड़ताल की गई थी। इसके मुताबिक, सीवर की जिस गाद को वहां फसलों के लिए खाद के तौर पर इस्तेमाल किया जाता है, उसमें माइक्रोप्लास्टिक होने के कारण 80 हजार वर्ग किलोमीटर खेती योग्य जमीन दूषित हो गई थी। इस गाद में माइक्रोप्लास्टिक्स के अलावा, कुछ ऐसे केमिकल भी थे, जो कभी विघटित नहीं होते यानी उसी अवस्था में बने रहते हैं। वहीं, ब्रिटेन में कार्डिफ यूनिवर्सिटी ने पाया था कि यूरोप में हर साल खेती वाली जमीन में खरबों माइक्रोप्लास्टिक कण मिल रहे हैं जो हर निवाले के साथ लोगों के शरीर के अंदर पहुंच रहे हैं। कुछ पौधे ऐसे हैं, जिनमें बाकियों की तुलना में माइक्रोप्लास्टिक ज्यादा होता है। दरअसल, कुछ शोध बताते हैं कि जड़ों वाली सब्जियों में माइक्रोप्लास्टिक ज्यादा पाए जाते हैं। यानी पत्ते वाली सब्जियों में कम माइक्रोप्लास्टिक होंगे, जबकि मूली और गाजर जैसी सब्जियों में ज्यादा देखे गए हैं। वैज्ञानिकों ने हाल ही में शरीर में माइक्रोप्लास्टिक की मौजूदगी की पहचान की है, संभावना है कि इंसान वर्षों से प्लास्टिक के छोटे कण को खा रहे हैं, पी रहे हैं या सांस के जरिए शरीर में ले रहे हैं। हालांकि मनुष्यों पर स्वास्थ्य अध्ययन अभी तक विकसित नहीं हुए हैं, कुछ जानवरों में विषाक्तता चिंताओं को पुष्ट करती है।

यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया, रिवरसाइड द्वारा किए एक नए अध्ययन से पता चला है कि प्लास्टिक में मौजूद हानिकारक केमिकल्स अगली दो पीढ़ियों में मेटाबॉलिक डिजीज का कारण बन सकते हैं। माइक्रोप्लास्टिक के खतरों को लेकर अभी सीमित शोध सामने आए हैं। कुछ शोध ऐसे भी हैं कि ये हमारे एंडोक्राइन ग्रंथियों (हारमोन पैदा करने वाली ग्रंथियों) के काम में समस्या पैदा करती हैं। हो सकता है भविष्य में पता चले कि माइक्रोप्लास्टिक बहुत गंभीर नुकसान कर सकते हैं, इसलिए अभी से सजग रहने की जरूरत है। हर दिन ऐसे नए अध्ययन सामने आ रहे हैं जिनमें इनके इंसानों और अन्य जीवों के स्वास्थ्य पर पड़ते दुष्प्रभाव उजागर हो रहे हैं।

संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि इस समस्या से निपटने के लिए उपलब्ध विज्ञान और समाधानों के मद्देनजर, देशों की सरकारों, कम्पनियों और अन्य हितधारकों से, इस संकट को सुलझाने के लिए कार्रवाई की गति और दायरा बढ़ाने होंगे। आज प्लास्टिक का इस्तेमाल कम करने या प्लास्टिक के विकल्प के रूप मैं अन्य प्रकृति हितैषी वस्तुओं का इस्तेमाल करने की जरूरत है इस पृथ्वी दिवस पर पृथ्वी और प्लास्टिक के 100 साल पुराने रिश्ते को अलविदा कहने के बारे मैं गंभीरता से विचार करके कदम उठाना होगा।

पृथ्वी दिवस पर आप छोटे छोटे काम करके पृथ्वी को बचाने में जैसे महत्पूर्ण योगदान दे सकते हैं। प्लास्टिक का उपयोग कम करें, कपड़े के थैले का उपयोग करें और पुनः प्रयोज्य पानी की बोतल लें। ऊर्जा को बचाने का काम करें। इसके लिए जरूरी है बत्तियां बंद करें और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को अनप्लग करें। जब आप उनका उपयोग नहीं कर रहे हों। पानी जीवन के लिए बहुत जरुरी हैं, इसलिए पानी बचाएं इसके लिए आप कम समय तक शॉवर लें और नल को बंद कर दें। साथ ही न पौधे लगाएं और पेड़ों की रक्षा करें बल्कि तीज त्योहार जन्मदिन शादी की वर्षगांठ व अन्य महत्वपूर्ण अवसरों पर हरे भरे पौधे लोगों को भेंट में दें।

## आप की बात

### यात्री सुविधा

**रेलवे** ने मनपसंद सीट पाने के लिए एक सॉफ्टवेयर तैयार किया है ताकि हवाईजहाज और सिनेमा की तरह रेलयात्री भी अपनी सीट बुक करवा सकें। लेकिन हर ट्रेन में सीमित सामान्य बोगियों के कारण इस श्रेणी के यात्रियों को बहुत ही कष्टमय यात्रा करनी पड़ती है। कम दूरी की बात छोड़ें किन्तु लम्बी दूरी की यात्रा तो और भी अधिक दिक्कत भरी हो जाती है। सामान्य बोगियों में पैर रखने तक की जगह नहीं मिलती तब बैठकर सुकून से यात्रा करना तो उनके लिए दूभर सपना बन जाता है। अत्याधुनिक और सुविधाजनक ट्रेनें बेशक रेलवे चलाये किन्तु सामान्य श्रेणी के यात्रियों के बारे में भी सोचे ताकि उनकी दुखभरी यात्रा में थोड़ा सुकून आ सके। हालांकि, आधुनिक रेलें हमारे विकास की प्रतीक हैं परन्तु विकास का लाभ सबको मिलना चाहिए, फिर चाहे वह कम पैसे खर्च करने वाला सामान्य यात्री ही क्यों न हो। रेलें आम जनता की यात्रा का आज भी प्रमुख साधन हैं। अतः तुलनात्मक रूप से अमीरों की तुलना में गरीब व सामान्य रेल यात्रियों को कम से कम मानवीय ढंग से यात्रा करने का अवसर मिलना चाहिए। गरीबों की यात्रा को विशिष्ट सेवायें प्राप्त करने वाले अमीरों से प्राप्त धनराशि या माल भाड़े की आमदनी से फाइनेंस करने पर भी विचार किया जाना चाहिए। यह सरकार का दायित्व भी है।

– **शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

### फर्जी मतदाता

**निर्वाचन** आयोग ने हैदराबाद जिले की मतदाता सूची से 5.41 लाख मतदाताओं के नाम हटा दिए हैं। इस जिले में 15 विधानसभा क्षेत्र आते हैं। सूची से मतदाताओं के नाम हटाने का कारण उनकी मौत होना, निवास बदलना और दो बार नाम दर्ज होना है। इस प्रकार यह सारे के सारे मतदाता फर्जी थे। जब घर-घर जाकर वेरिफिकेशन किया गया तब पता चला कि यह सब तो डमी है। हैदराबाद की इस घटना से देश भर में फर्जी मतदाताओं की संख्या का अनुमान लगाया जा सकता है। अब आज निर्वाचन पद्धति में एक-एक वोट महत्वपूर्ण है। ऐसे में पांच लाख से अधिक फर्जी मतदाता किसी भी हारने वाले उम्मीदवार को जिता सकते हैं और जीते हुए उम्मीदवार को हरा सकते हैं। हैदराबाद के इस प्रकरण को देखते हुए अब समय आ गया है कि वोटर आईडी को आधार कार्ड से जोड़ना अनिवार्य किया जाए और जो ऐसा नहीं करें उन्हें मतदान से वंचित रखने का सख्त नियम बनाया जाए। देश में लोकसभा, विधानसभा तथा स्थानीय निकायों के लिए समान मतदान सूची बनाना तथा उसे सार्वजनिक रूप से वेबसाइट पर उपलब्ध कराना जरूरी है। इसके साथ ही जनता को फर्जी मतदाताओं के बारे में जानकारी देने के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए।

– **सुभाष बुडावन वाला,** रतलाम

### उपभोक्ताओं से ठगी

**दुनिया** भर के आम नागरिक बढ़ती महंगाई की मार सह रहे हैं। ऐसे में अनेक देशों के खाद्य एवं उपभोक्ता वस्तुओं के निर्माताओं ने ठकी की नई तरकीब निकाली है। ग्राहकों से बढ़े दाम लेने के बदले पुरानी कीमत पर डब्बाबंद चीजें दी जाती हैं, मगर उनका वजन कम कर दिया जाता है। इससे ग्राहकों को लगता है कि कीमत नहीं बढ़ी है, मगर उसे ये समझने में काफी समय लगता है के सामान का वजन कम कर उससे ज्यादा पैसे ले लिए गए हैं। फ्रांस ने इसे लेकर सख्त कानून बनाने का ऐलान किया है। वहां के वित्तमंत्री ने कहा कि 1 जुलाई से ऐसे मामलों के बारे में दुकानदारों को स्पष्ट रूप से अपने ग्राहकों को बताना होगा। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं को उत्पादों के वास्तविक मूल्य विकास को समझना चाहिए। ऐसा ही नियम इस समय भारत जैसे दुनिया के सबसे बड़े उपभोक्ताओं वाले देश में भी बनना चाहिए। पश्चिमी देशों की तुलना में भारत में उपभोक्ता आंदोलन कमजोर रहा है। इसके साथ ही ऐसी स्वतंत्र एजेंसियों की बहुत कमी है जो अपनी आय के लिए विज्ञापनों पर निर्भर न हों तथा विभिन्न उत्पादों के निर्माण में आने वाले खर्च, उपभोक्ता से लिए जाने वाले मूल्य तथा उत्पादों की गुणवत्ता का तुलनात्मक अध्ययन कर जागरूकता फैलाएं।

– **जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

### सराहनीय कदम

**विद्युत कंपनी** द्वारा नई तकनीक के जरिए विद्युत लाइन में फाल्ट की जानकारी तत्काल मोबाइल पर मिल जाएगी। यह सराहनीय कदम है। वर्तमान में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के चलते सभी तरह के कामकाज में चमत्कारी सुधार व सुविधाएं उपलब्ध हैं। प्राइवेट सेक्टर तो इनको हाथों हाथ अपना रहा है। मगर शासकीय कार्यालय इस बारे में कोई उत्सुकता व तत्परता नहीं दिखा रहे हैं। इसका एक कारण रिश्वतखोरी भी है। जब उपभोक्ताओं का सारा काम ऑनलाइन होने लगेगा तो भ्रष्ट तत्वों को मौका नहीं मिलेगा। सिर्फ तकनीकी ही नहीं, बातचीत व लोक व्यवहार में भी शासकीय कर्मचारियों में एक प्रकार का सूपेरियारिटी कंपलेक्स है। वहीं प्राइवेट सेक्टर के सभी विभागों के कर्मचारी जिस सम्मान व नम्रता से उपभोक्ताओं से व्यवहार करते हैं वह अनुकरणीय व अभिनंदनीय है। हालांकि, सरकार इस दिशा में निरंतर प्रयासरत हैं। सभी शासकीय विभागों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस द्वारा उपलब्ध आधुनिक तकनीकों को शीघ्रता से अपनाना और व्यर्थ की औपचारिकताओं को खत्म करना चाहिए। यह सराहनीय कदम होगा।

–**विभूति बुपक्या**, खाचरोद

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

# लोकसभा चुनाव में भाजपा लगाएगी जीत की हैट्रिक : फणींद्रनाथ शर्मा

### संगठन मंत्री ने अंबाला शहर विधानसभा के मंडल स्तर के कार्यकर्ताओं की ली बैठक

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़/अंबाला



**भाजपा** के संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा ने रविवार को अंबाला शहर विधानसभा के मंडल स्तर के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की संगठनात्मक बैठक ली। बैठक में श्री शर्मा ने लोकसभा चुनाव को लेकर रणनीति व बूथ प्रबंधन आदि विषयों पर विस्तार से चर्चा की।

संगठन मंत्री ने सभी कार्यकर्ताओं से कहा कि आप सभी को एकजुट होकर हर एक बूथ को बड़े मार्जिन से जिताना है। श्री शर्मा ने कहा कि कार्यकर्ता तीसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए दिन-रात कड़ी मेहनत करें। उन्होंने कहा कि जनता के समर्थन और कार्यकर्ताओं की मेहनत के दम पर भाजपा की जीत की हैट्रिक लगना तय है।

फणीन्द्रनाथ शर्मा ने कहा कि सभी पदाधिकारी बूथ पर बनी प्रबंधन समिति, त्रिदेव के सदस्यों व आम जनता के बीच सक्रिय संवाद रखें। उन्होंने कहा कि पन्ना प्रमुख भाजपा संगठन की एक महत्वपूर्ण कड़ी है। लोकसभा चुनाव में शक्ति केंद्र प्रमुख, केंद्र पालक आदि सभी एकजुट होकर भाजपा प्रत्याशी बंतो कटारिया को प्रचंड बहुमत से जिताने का काम करें।

श्री शर्मा ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है और कार्यकर्ताओं के दम पर ही लगातार चुनाव जीतती आ रही है। सभी कार्यकर्ताओं की मेहनत और आम जनता के आशीर्वाद से मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार केंद्र में भाजपा की सरकार बनने जा रही है। कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करते हुए संगठन मंत्री ने कहा कि चुनाव के समय बूथ प्रबंधन को ध्यान में रखते हुए अपने-अपने बूथों पर विशेष ध्यान रखें।

बूथ जीता चुनाव जीता के मंत्र को आत्मसात करते हुए सभी कार्यकर्ता अपने बूथों पर अधिक से अधिक मतदान कराएं और लोगों को मोदी तथा नायब सरकार की उपलब्धियां बताकर उन्हें पार्टी से जोड़ने का काम करें। उन्होंने कहा कि आप लोगों की मेहनत के दम पर हरियाणा में दस के दस कमल खिलने तय है। कार्यकर्ताओं से चर्चा करते हुए संगठनमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि 25 मई को लोकसभा चुनाव होना है। इसके लिए सभी पदाधिकारियों को अभी से जुट जाना है।

उन्होंने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने आज देश को विश्व के विकसित देशों के कतार में खड़ा किया है। मोदी के नेतृत्व में देश का चहुंमुखी विकास हो रहा है। भाजपा का लक्ष्य आम लोंगो की सेवा करना है। गरीबों, युवाओं, अन्नदाता, महिलाओं के लिए मोदी सरकार द्वारा चलाई गई योजनाएं लोगों के घर-घर तक पहुंची है। मोदी की गारंटी पर जनता को विश्वास है। इसलिए सभी कार्यकर्ता लोगों से संपर्क कर उन्हें भाजपा के पक्ष में मतदान करने के लिए प्रेरित करें।

## एकाग्रता बढ़ाने का ध्यान एक सशक्त माध्यम : आचार्य पवन



छात्रों को संबोधित करते हुए आचार्य पवन।

**कैथल।** एमडीएन ग्लोबल स्कूल में टॉपर मंत्रा ऑफ सक्सेस विषय पर प्रसिद्ध मनोवैज्ञानिक आचार्य पवन कुमार द्वारा सेमिनार का आयोजन किया गया। विद्यालय के निदेशक डॉ विनोद कुमार और चेयरपर्सन निधि कंसल ने बताया कि आज के समय में विद्यार्थियों का सोशल मीडिया की रूझान अत्यधिक है जो उन्हें विभिन्न मनोवैज्ञानिक समस्याओं की ओर धकेल रहा है। ऐसे में टाइम मैनेजमेंट और स्ट्रेस मैनेजमेंट जैसे विषयों पर विद्यार्थियों को शिक्षित करना अत्यंत आवश्यक हो जाता है।

आचार्य पवन कुमार ने विद्यार्थियों को द टॉपर मंत्रा ऑफ सक्सेस 2.4 विषय पर कहा कि टॉपर में जीवनशैली, उपयुक्त योजना, उपयुक्त आंकलन और रिटेंशन थेरेपी शामिल हैं। एक उपयुक्त रणनीति एवं बेहतर रिटेंशन के लिए जो सबसे अधिक आवश्यक है वह है एकाग्रता, पूर्ण एकाग्र चित्त से वर्तमान में उपस्थित होना। साथ ही कहा कि एकाग्रता का एकमात्र एवं सशक्त माध्यम केवल ध्यान साधना है। ध्यान न केवल मस्तिष्क को शांत कर एकाग्रता को बढ़ाता है अपितु बेहतर निर्णय लेने में भी सहायक होता है। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को फास्ट फूड और फोन के अधिक प्रयोग से दूर रह कर स्वयं को ध्यान एवं शारीरिक गतिविधियों में शामिल करने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर उपस्थित असिस्टेंट डायरेक्टर ऑफ गीता यूनिवर्सिटी रजत ने विद्यार्थियों को ब्रेन डायरी जैसे आधुनिक तकनीकों से परिचित करवाया और बताया कि किस प्रकार यह बेहतर मांइड मैनेजमेंट के लिए उपयोगी है। विद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर संत कौशिक और मैनेजर गौरव गर्ग ने कहा कि ज्ञान एवं योग प्राचीनतम भारतीय संस्कृति की सबसे महत्वपूर्ण धरोहर है जो हमें शारीरिक तौर पर स्वस्थ रखने के साथ ही हमारे मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी अत्यंत उपयोगी है। इन्हें अपनी दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा बनाकर प्रत्येक विद्यार्थी जीवन के किसी भी लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है। कार्यक्रम के अंत में आचार्य पवन को स्मृति चिह्न भेंट कर धन्यवाद ज्ञापन किया।

## कैथल में तबादला होने वाले सभी जजों का कार्यकाल बेहतरीन रहा: सेशन जज




**कैथल।** यहां से चार जजों के ट्रांसफर होने पर जिला बार एसोसिएशन की ओर से उनके सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया।

सबसे पहले बार रूम में पहुंचने पर बार एसोसिएशन के प्रधान बलजिंदर सिंह मलिक, उप प्रधान विनय गर्ग, सचिव गौरव वधवा, सह सचिव सुमन ठाकुर और कोषाध्यक्ष इंद्रजीत माटा ने उनका स्वागत किया। आपको बता दें कि कैथल के तीन अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीशों के तबादले अलग अलग जिलों में हो गए हैं जबकि एक न्यायाधीश को प्रमोशन मिला है। एडीजे डा. गगनदीप कौर सिंह को एडीजे और प्रिंसीपल जज पारिवारिक न्यायालय करनाल में नियुक्त किया गया है। एडीजे कृष्ण कांत को इंडस्ट्रियल ट्रिब्यूनल और लेबर कोर्ट तथा एडीजे रोहतक भेजा गया है। उनके पास हिसार के पोओएलसी का भी अतिरिक्त चार्ज रहेगा। इसी प्रकार संगीता राय सचदेव एडीजे कैथल को एडीजे और प्रिंसीपल जज फैमिली कोर्ट रोहतक नियुक्त किया गया है।

## प्रतियोगिता में समनप्रीत कौर रही अव्वल, मन्नत द्वितीय व चांदनी रही तृतीय

**शाहाबाद मारकंडा।** श्री गुरु नानक प्रीतम गर्ल्ज़ सीनियर सेकेंडरी स्कूल शाहाबाद में आज पृथ्वी दिवस पर पोस्टर मेकिंग व स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन करते हुए अनेक सुंदर चित्र बनाए। प्रतियोगिता के दौरान सभी विद्यार्थी बहुत उत्साहित थे और अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रतिबद्ध थे।

इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने पृथ्वी दिवस विषय पर सुंदर चित्र बनाए। जिसमें कक्षा छठी से आठवीं तक के सभी विद्यार्थियों ने भाग लिया। कक्षा छठी के समनप्रीत कौर पहले, कक्षा आठवीं की मन्नत दूसरे और चांदनी तीसरे स्थान पर रही। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों की कला को प्रोत्साहित करना और उनकी इस क्षेत्र में रुचि उत्पन्न करना था।

## गंदे पानी का शुद्धिकरण करने के बाद विभिन्न कार्यों के लिए करें उसका उपयोग



ट्रिटिड वेस्ट वाटर स्कीम के तहत बैठक लेते जिला उपायुक्त।

**सोनीपत।** जल संरक्षण को समर्पित उपायुक्त मनोज कुमार ने पानी की हर एक बूंद के सदुपयोग पर बल दिया है। उन्होंने निर्देश दिए कि गंदे पानी का शुद्धिकरण करने उपरांत उसका विभिन्न कार्यों के लिए उपयोग करें। इसके लिए उन्होंने स्थापित किये जा रहे एसटीपी तथा सीटीपी की प्रगति रिपोर्ट लेते हुए समयबद्धता के साथ कार्य को पूर्ण करने के निर्देश भी दिए।

सोमवार को ट्रिटिड वेस्ट वाटर स्कीम के तहत बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता उपायुक्त कर रहे थे। उन्होंने जिले में विभिन्न स्थानों पर स्थापित किये जा रहे विभिन्न एसटीपी-सीटीपी की प्रगति रिपोर्ट तलब करते हुए गंभीरता से मंथन किया। एसटीपी खरखौदा, सीटीपी बड़ी-गन्नौर, एसटीपी राठधना इत्यादि से संभावित पानी की शुद्धिकरण को लेकर उन्होंने चर्चा की। उन्होंने संभावनाएं तलाशी की गंदे पानी को शुद्ध करने के उपरांत उसका प्रयोग कहां-कहां किस प्रकार से किया जा सकता है। उपायुक्त ने कहा कि गंदे पानी की निकासी व शुद्धिकरण के लिए मजबूती से प्रयास किये गये हैं, जिसके तहत एसटीपी स्थापना का कार्य गति पर है। एसटीपी राठधना में बड़े स्तर पर गंदे पानी का शुद्धिकरण किया जाएगा, जिसका उपयोग ग्रीन बेल्ट के लिए किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि अमृत 2.0 में भी इस दिशा में विशेष कदम बढ़ाये जा रहे हैं।

## अनिल बने कर्मचारी यूनियन के ब्रांच प्रधान



**कैथल।** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग मैकेनिकल कर्मचारी यूनियन संबंधित हरियाणा कर्मचारी महासंघ ब्रांच कैथल का त्रिवार्षिक चुनाव गांव दिवाल के जल घर पर चुनाव पर्यवेक्षक प्रांतीय प्रधान विश्वनाथ शर्मा, प्रांतीय महासचिव नरेंद्र धीमान व जिला प्रधान कर्मचंद मलिक की उपस्थिति में संपन्न हुआ। चुनाव में ब्रांच के सभी कर्मचारियों ने भाग लिया। ब्रांच की पुरानी कार्यकारणी को भंग करते हुए सर्वम्मति से नई कार्यकारणी को चुना गया। नई कार्यकारिणी में ब्रांच प्रधान अनिल कुमार, सचिव राजवीर फौजी, चेयरमैन रामफल शर्मा, कैशियर जय भगवान, सह संयोजक ऋषि पाल, वरिष्ठ उप प्रधान धमर्पाल, मुख्य सगठनकर्ता विजय, सह सचिव राहुल शर्मा को चुना गया।

# आरटीई को लेकर छात्र अभिभावक संघ ने सौंपा जिला प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन

### आरटीई को पूरी तरह लागू करने की मांग

### आरटीई कानून को तोडने वाले स्कूलों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**पायनियर समाचार सेवा।** सोनीपत



जिला प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन सौंपती संघ की अध्यक्ष।

**छात्र** अभिभावक संघ की अध्यक्ष के नेतृत्व में अभिभावकों को आरटीई के तहत स्कूलों में बच्चों को दाखिला होने में आ रही दिक्कतों को लेकर जिला प्रशासन को आरटीई को पूरी तरह लागू करवाने की मांग को लेकर जिला प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। छात्र अभिभावक संघ की अध्यक्ष प्रवेश कुमारी ने ज्ञापन में बताया कि आरटीई को लेकर उनके पास बहुत से अभिभावकों की शिकायतें आ रही है। आरटीई के तहत गरीब परिवारों के बच्चों को प्राईवेट स्कूलों में दाखिला करवाने के लिए फार्म भरते हैं, स्कूलों की ओर से ड्रा निकाला जाता है, जिस बच्चे का ड्रा में नाम आता है, उसका स्कूल में दाखिला होता है, लेकिन प्राईवेट स्कूल संचालक अपनी मनमर्जी कर रहे हैं, जिस कारण अभिभावकों को बहुत सी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

उन्होंने कहा कि अभिभावक डीईओ, बीईओ आफिस में चक्कर काट कर थक चुके हैं। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की कि गरीबों को न्याय दिलाते हुए प्राईवेट स्कूलों में दाखिला करवाया जाए, जो प्राईवेट स्कूल आरटीई कानून को तोड़ रहे हैं, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने ज्ञापन में मांग की कि आरटीई को पूरी तरह से लागू किया जाए, जिन स्कूल का ड्रा हो चुका है, उनकी लिस्ट डीईओ, बीईओ आफिस में लगाई जाए, जिन बच्चों का लिस्ट में नाम आ गया है, उनसे एडमिशन के नाम पर जो फीस ली है, वो वापस करवाई जाए आदि मांगें शामिल हैं। ज्ञापन देने के दौरान इस दौरान काफी संख्या में अभिभावक मौजूद रहे।

## अभिमन्यु ने यूपीएससी की परीक्षा में 60वीं रैंक हासिल कर बढ़ाया विद्यालय का गौरव



**सोनीपत।** जितना कठिन संघर्ष उतनी ही शानदार जीत इस बात को चरितार्थ करते हुए लिटल एंजल्स स्कूल के पूर्व छात्र अभिमन्यु ने यूपीएससी का 60वां रैक हासिल किया। अभिमन्यु मलिक की यह सफलता विद्यालय व सोनीपतवासियों के लिए बड़े ही गर्व की बात है। अभिमन्यु मलिक ने रैंक में सुधार करते हुए पांचवी बार परीक्षा देकर 60वां स्थान प्राप्त किया।

अभिमन्यु बचपन से ही बेहद शांत स्वभाव के हैं। इन्होंने वर्ष 2014 में वाईएमसीए, फरीदाबाद से बीटेक किया। उसके बाद वर्ष 2016 में नाबार्ड के रोहतक कलस्टर में सहायक महाप्रबंधक के पद पर तैनात हुए। अभिमन्यु मलिक का हमेशा से ही सपना आईएएस बनना था। इसके लिए वे लगातार प्रयासरत रहे। अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति व लगन से सभी बाधाओं को पार किया और अपने अंतिम प्रयास में रैंक में सुधार करते हुए देशभर में अपनी सफलता का परचम लहरा दिया। विद्यालय के चेयरमैन तरसेम कुमार गर्ग, सेक्रेटरी डॉ. विशाल गर्ग, प्रधानाचार्या आशा गोयल, उपप्रधानाचार्या गीता अरोड़ा व सभी अध्यापकों ने अभिमन्यु मलिक की इस सफलता पर बधाई दीं। विद्यालय में उसकी इस सफलता पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

## नेशनल स्टॉक एक्सचेंज 24 अप्रैल 2024 से निफ्टी नेक्स्ट 50 इंडेक्स पर डेरिवेटिव लॉन्च करेगा

**पायनियर समाचार सेवा।** हिसार

**नेशनल** स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया (एनएसई), जो वर्ष 2023 में कारोबार किए गए अनुबंधों के आधार पर दुनिया का नंबर 1 डेरिवेटिव एक्सचेंज है, को भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) से निफ्टी नेक्स्ट 50 इंडेक्स पर डेरिवेटिव के लिए मंजूरी मिल गई है। इन अनुबंधों को 24 अप्रैल, 2024 से लॉन्च किया जाएगा।

एक्सचेंज 3 सिलसिलेवार मासिक सूचकांक वायदा और सूचकांक विकल्प अनुबंध चक्र की पेशकश करेगा। कैश सैटल्ड डेरिवेटिव कॉन्ट्रेक्ट समाप्ति माह के अंतिम शुक्रवार को समाप्त हो जाएंगे। निफ्टी नेक्स्ट 50 इंडेक्स निफ्टी 50 कंपनियों को छोड़कर निफ्टी 100 से 50 कंपनियों का प्रतिनिधित्व करता है। मार्च 2024 तक, सूचकांक में वित्तीय सेवा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व 23.76 प्रतिशत के साथ शीर्ष क्षेत्र में था, इसके बाद 11.91 प्रतिशत के साथ पूंजीगत सामान क्षेत्र और 11.57 प्रतिशत के साथ उपभोक्ता सेवाओं का नंबर आता है।

सूचकांक 1 जनवरी, 1997 को पेश किया गया था, जिसकी आधार तिथि और आधार मूल्य क्रमश: 03 नवंबर, 1996 और 1000 था। पिछले कुछ वर्षों में, सूचकांक पद्धति में संशोधन हुआ है। सूचकांक गणना पद्धति को 4 मई 2009 से फ्री फ्लोट मार्केट कैपिटलाइजेशन भारित पद्धति में संशोधित किया गया था। इसके बाद, उन घटक शेयरों के लिए वेट कैपिंग शुरू की गई थी, जिन पर डेरिवेटिव उपलब्ध नहीं थे। इसे 2023 में संशोधित कर नॉन-एफएंडओ शेयरों के संचयी भार को 10 प्रतिशत तक सीमित कर दिया गया था और सूचकांक में नॉन-एफएंडओ शेयरों को तिमाही पुनर्संतुलन तिथियों पर प्रत्येक को 4.5 प्रतिशत तक सीमित कर दिया गया था।

## गलतियों से जादू तक : W.i.S.H के 'गलती' ने पॉप की दुनिया में एक नई क्रांति पेश की

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली




**नियमों** के अनुपालन की दुनिया में W.i.S.H. अपने नए सिंगल, गलती में आजाद होकर पॉप संगीत के परिदृश्य में एक नई क्रांति लेकर आई हैं। यह नया इलेक्ट्रिफाइंग ट्रैक सभी युवाओं के लिए निडरता से जीने का मैनिफेस्टो लेकर आया है।

गलती केवल एक गाना ही नहीं, बल्कि एक सोनिक सफर है, जो सामाजिक अपेक्षाओं से बेफिक्र होकर अपने दिल की तानों पर झूमने के लिए आमंत्रित करता है। अपनी आकर्षक बीट्स और आत्मविश्वास से भरे बोलों के साथ यह लोगों को अपनी मौलिकता अपनाने और हर पल का पूरा आनंद लेने की प्रेरणा देता है।

'गलती' की प्रेरणा कैसे मिली, इस बारे में W.i.S.H. गर्ल्स ने कहा, हम जिस दुनिया में रहते हैं वहाँ बंधनों को मानने और नियमों का पालन करने के लिए कहा जाता है। 'गलती' इसी भावना के खिलाफ हमारा विद्रोह है। यह हमारी कमियों को स्वीकार करने और गलतियों का जश्न मनाने के बारे में है। इस गीत में स्वतंत्रता की भावना के साथ सहजता और सौहार्द का जश्न मनाया गया है। हम 'गलती' को चुलबुले विद्रोह का प्रतीक बनाना चाहते हैं, जो लोगों को बेझिझक डांस करने और हर पल का जादू महसूस करने की प्रेरणा दे। गर्ल्स ग्रुप के दूसरे सिंगल के बारे में मिकी मैकक्लेरी ने कहा, गलती एक मनोरंजक पार्टी गीत है, जिसमें स्वीकार किया गया है कि गलती हम सभी करते हैं। इसमें एक अन्य नए बे म्यूजिक हाउस कलाकार M&RZI ने रैप भी दिया है। मुझे और मेरी टीम को इस आकर्षक पॉप गीत पर गर्व है। हमें उम्मीद है कि यह सुनकर लोग डांस करने लगेंगे, और अपनी गलतियों की फिक्र करना छोड़ देंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### हरियाणा के लोकसभा उम्मीदवार 29 से पहले घोषित किए जाएंगे

**चंडीगढ़।** हरियाणा में कांग्रेस की गुटबाजी के कारण लोकसभा की सभी नौ सीटों के उम्मीदवारों की घोषणा लगातार टल रही है। हरियाणा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष चौधरी उदयभान ने सोमवार को कहा कि पर्याप्त मंथन के बाद उम्मीदवारों की घोषणा 29अप्रैल से पहले की जाएगी। उन्होंने पार्टी की मोहर से जारी हरियाणा लोकसभा उम्मीदवारों की सूची पर कहा कि पार्टी का सोशल मीडिया विंग जांच कर रहा है। जरूरत हुई तो एफआईआर दर्ज करवाई जाएगी। उदयभान ने कहा कि सही समय पर सही उम्मीदवारो की सूची जारी की जाएगी। उन्होंने कहा कि 29 अप्रैल से पहले कांग्रेस सूची जारी करेगी। सभी उम्मीदवारों का चयन हो चुका है। उदयभान के इस बयान से संभावना है कि कांग्रेस की सूची 26 अप्रैल को वायनाड चुनाव के बाद राहुल गांधी के फुरसत में होने पर उनसे विचार विमर्श के बाद 28 अप्रैल को जारी की जाएगी। कांग्रेस पार्टी की मोहर और पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल के हस्ताक्षर से जारी हरियाणा के लोकसभा उम्मीदवारों की फर्जी सूची पर उदयभान ने कहा कि पार्टी का सोशल मीडिया विंग जांच कर रहा है कि किस आईपी एड्रेस और सोशल मीडिया हैंडल से यह फर्जी सूची जारी की गई। जरूरत हुई तो एफआईआर दर्ज करवाई जाएगी।

### पर्यावरण की सुरक्षा हम सब की जिम्मेदारी है : सुशील कुमार




**कैथल।** अंबाला रोड स्थित दर्शन अकादमी में वर्ल्ड अर्थ डे मनाया गया। इस अवसर पर पर्यावरण से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। सभी कक्षाओं के छात्रों ने इस इवेंट में भाग लिया। बच्चों ने स्लोगन लेखन व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में भाग लिया। अपने पर्यावरण को साफ सुथरा रखने का संदेश देते हुए बच्चों ने स्कूल गार्डन की सफाई की। नन्हें-नन्हें बच्चों ने हैंड प्रिंटिंग कर सुंदर चार्ट बनाए। स्कूल प्रिंसिपल सुशील कुमार ने बच्चों को धरती माता की रक्षा करने की शपथ दिलाई। उन्होंने छात्रों को बताया कि हम कैसे पर्यावरण की सुरक्षा करने में मदद कर सकते हैं। अगर लाइट व्यर्थ में जल रही है तो बंद करके, कॉपी के पेज न फाडुने से पर्यावरण को सुरचित रख सकते हैं। उन्होंने सभी को अपने जन्मदिन पर एक पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर वंदना, निकिता, नैंसी, रितिका, संजम, सोनिया, अनुप्रिया, रेनू, नेहा, रिशु, वीरम, खुशबू, अभिमन्यु, ललिता उपस्थित रहे।

### भागवत कथा में सभी ग्रंथों का सार : जैन




**सोनीपत।** दहिया कालोनी आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में पहुंचे मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने व्यास गद्दी पर विराजमान वैभव भारद्वाज महाराज का आशीर्वाद लेने के बाद कहा कि भागवत कथा में सभी ग्रंथों का सार है, इसलिए ध्यान से श्रवण करने वाले श्रद्धालुओं पर भगवान की सीधी कृपा बरसती है। राजीव जैन ने कहा कि धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र से निकला गीता के ज्ञान से पूरी दुनिया के लोग धर्म मार्ग पर चलने की प्रेरणा ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि जो अनमोल मानव जीवन हमें मिला है उसको सार्थक करने के लिए जिस तरह संत कबीर कपड़े बुनते समय और संत रविदास जुती बनाते समय प्रभु का स्मरण करते रहते थे, हमें भी हर समय भगवान को याद करते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम केवल भगवान एवं महापुरूषों के चित्र की पूजा करते हैं, जबकि हमें उनके चरित्र को भी जीवन में धारण करना चाहिए।

### बिजनेस प्लान प्रतियोगिता में आरकेएसडी कालेज को दूसरा स्थान



**कैथल।** आरकेएसडी कॉलेज के बीकॉम द्वितीय वर्ष के मृदुल, शीना और विशाल मेहता ने यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मैनेजमेंट कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित फेस्ट में भाग लेते हुए बिजनेस प्लान प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसके साथ ही उन्होंने 2100 रुपये की राशि भी जीती। प्राचार्य डॉ. संजय गोयल ने विजेताओं को बधाई देते हुए कहा व्यापारिक योजना जैसी प्रतियोगिता छात्रों को उद्यमी बनने में सहायता प्रदान करती है। यह छात्रों को नए और नवाचारी विचारों को समझने, विकसित करने और प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान करती है। इस प्रकार की प्रतियोगिता उन्हें व्यापारिक दक्षता, नेतृत्व कौशल और व्यावसायिक संवेदनशीलता विकसित करने का अवसर प्रदान करती है, जिससे वे विशेषज्ञता और स्वावलंबन प्राप्त करके आत्मनिर्भर और सफल उद्यमी बन सकते हैं। प्रबंधन समिति ने वाणिज्य विभाग को उनके इस प्रयास के लिए बधाई दी। प्रतियोगिता में छात्रों का मार्गदर्शन डॉ. रचना सरदाना ने किया। प्रो. नेहा और प्रो. पल्लवी ने छात्रों का सहयोग किया। विभागाध्यक्ष प्रोफेसर अजय शर्मा ने छात्रों का मनोबल बढ़ाते हुए उन्हें और अधिक प्रतियोगिताओं मे भाग लेने के लिए कहा। डॉ विशाल आनंद ने भी विधार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

### सतलुज स्कूल में पृथ्वी दिवस पर हुई पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता



**शाहाबाद मारकंडा।** सतलुज सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रांगण में पृथ्वी दिवस के अवसर पर सोमवार को पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा छठी से बारहवीं तक के लगभग 280 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. आरएस घुम्मन के संबोधन से हुआ। उन्होंने कहा कि आज जिस तरह से प्रकृति का दोहन हो रहा है उससे वैश्विक स्तर पर हमारे भविष्य के लिए चिंता होना स्वाभाविक है। उन्होंने विद्यार्थियों को धरती की सुरक्षा के लिए जागरूक किया और कहा कि 22 अप्रैल को दुनिया भर में पर्यावरण संरक्षण के लिए समर्थन प्रदर्शित करने के लिए पृथ्वी दिवस का आयोजन किया जाता है। इस प्रतियोगिता में कक्षा छठी की जसप्रीत प्रथम, दीक्षा द्वितीय, सिमरन तृतीय, कक्षा सातवीं में चहक और संजना प्रथम, सैनप्रीत कौर द्वितीय, नव्या काजल तृतीय, कक्षा आठवीं में खुशप्रीत, प्रियंशा प्रथम, गीत द्वितीय, वंदिता तृतीय,खुशप्रीत कौर और पवनदीप को सांत्वना पुरस्कार, कक्षा नौवीं में ऐश्वर्या प्रथम, शगुन द्वितीय, दीपिका तृतीय, कक्षा दसवीं में प्रियंका को प्रथम, गीतिका द्वितीय, लकी को तृतीय और कक्षा ग्यारहवीं में रिशभजोत को प्रथम, श्वेता को द्वितीय, भूमि को तृतीय और ज़ैनब खातुन को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया।

# दम है तो नायब सैनी शराब और रजिस्ट्री घोटालों की जांच रिपोर्ट सार्वजनिक करें : अभय चौटाला

**इनेलो ने सिरसा, फरीदाबाद और सोनीपत के लिए प्रत्याशी किए घोषित**

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**इंडियन** नेशनल लोकदल ने सोमवार को यहां पार्टी मुख्यालय पर हरियाणा में लोकसभा की तीन और सीटो के उम्मीदवारों की घोषणा कर दी। इसके साथ ही तेवर कड़े करते हुए इनेलो के प्रधान महासचिव अभय सिंह चौटाला ने शिकायत मिलने पर पूर्व उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के खिलाफ जांच कराने के मुख्यमंत्री नायब सैनी के बयान पर कहा कि दम है तो नायब सैनी शराब और रजिस्ट्री घोटालों की जांच रिपोर्ट सार्वजनिक करें।

इस दौरान महिला सर्व खाप की अध्यक्ष डॉ संतोष दहिया की अगुआई में सर्व खाप की पदाधिकारियों ने इनेलो को अपना समर्थन भी घोषित किया। लोकसभा चुनाव को लेकर पूर्व सैनिक एसोसिएशन ने भी अपना समर्थन इनेलो पार्टी को दिया। अभय सिंह चौटाला ने कहा कि पूर्व सैनिक एसोसिएशन के पदाधिकारी इनेलो मुख्यालय में आए और उनकी मांगों को इनेलो के घोषणापत्र में शामिल करने की अपील की। हम उनकी मांगों को अपने घोषणापत्र में शामिल करेंगे। पूर्व सैनिकों के लिए एक बोर्ड बनाएंगे। वन रैंक वन पेंशन में कई खामियां है जिसको पूरा करने में इनेलो इनका साथ देगी। ये लोग अग्निवीर योजना के खिलाफ हैं और हम इसे खत्म करवाने में इनका साथ देंगे। भाजपा सैनिक स्कूलों का जो निजीकरण कर रही है, इसे बंद कराएंगे। अभय सिंह चौटाला ने एक मई को कुरुक्षेत्र से नामांकन दाखिल करने की भी घोषणा की।

डा. संतोष दहिया ने कहा कि इनेलो को समर्थन देने के कई कारण हैं। जैसे 13 महीने किसान आंदोलन चला जिसमें 700 से उपर किसानों की मौत हुई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसानों से जो वादे किए वो पूरे नहीं किए। जब किसान दोबारा बैठे तब फिर उनका दमन किया गया। दूसरा कारण था खिलाड़ी बेटियों को सडक़ों पर घसीटा गया। उनकी किसी ने नहीं सुनी। तीसरा कारण हैं पूर्व मंत्री संदीप सिंह ने महिला खिलाड़ी के साथ जबरदस्ती की। बजाय उस मंत्री को बर्खास्त करने के मुख्यमंत्री कहते थे संदीप सिंह के



खिलाफ कार्रवाई नहीं होगी। सरकार ने हमारे युवाओं को मरने के लिए इजरायल भेज दिया। क्या सरकार उन्हें यहां नौकरियां नहीं दे सकती। हमें आज ऐसी सरकार की जरूरत है जो चौधरी देवीलाल की नीतियों पर चले। इनेलो प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा ने तीन उम्मीदवारों की घोषणा करते हुए बताया कि बल्लभगढ़ रियासत के राजा नाहर सिंह के प्रपौत्र सुनील तेवतिया को फरीदाबाद, सेवानिवृत्त एसपी, राष्ट्रपति पुलिस मेडल से सम्मानित एवं द्रोणाचार्य अवार्डी अनूप सिंह दहिया को सोनीपत और सिरसा से संदीप लोट को उम्मीदवार बनाया गया है। संदीप लोट के पिता रामफल लोट ने 2009 में कांग्रेस की टिकट पर नरवाना से चुनाव लड़ चुके हैं। इनके दादा फकीर चंद दो बार विधायक रह चुके हैं। अभय सिंह चौटाला ने पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि बीजेपी और जेजेपी लुटेरों का गिरोह है जिन्होंने साढ़े चार साल प्रदेश को लूटा। आज मुख्यमंत्री कह रहे हैं कि कोई अर्जी आएगी तो दुष्यंत के खिलाफ जांच करेंगे। शराब घोटाले और रजिस्ट्री घोटाले की जांच हो चुकी है। अगर मुख्यमंत्री में दम है तो इस रिपोर्ट को सार्वजनिक करे और उन लोगों के नाम उजागर करे। आज भी ये लोग भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहे हैं। अब ये दोनों एक दूसरे पर भड़ास निकाल रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल भी इस भ्रष्टाचार में शामिल हैं। ऐसे 19 घोटाले हैं जिनमें सरकार शामिल हैं। मुख्यमंत्री नायब सैनी खुद घोटालों में शामिल हैं।

पीएम मोदी के बयान पर कहा कि कांग्रेस ने देश पर लंबे समय राज किया। प्रधानमंत्री को इतने छोटे बयान नहीं देने चाहिए। जेजेपी से नेताओं के इस्तीफे पर कहा कि पांच साल पहले कहा था कि जेजेपी नाम लेने वाला कोई नहीं बचेगा। आज उसका नाम कोई नहीं ले रहा। भाजपा ने किसानों को दिल्ली नहीं जाने दिया अब किसान भाजपा के नेताओं को गांव में घुसने नहीं दे रहे। अभय चौटाला ने कहा कि वीरेंद्र मराठा जिस भी पार्टी से चुनाव लड़ेंगे उनको समर्थन देता हूं।

# मलेरिया की रोकथाम के लिए बरतें सावधानियां, स्वच्छता पर विशेष ध्यान दें जिला वासी : एसडीएम जगाधरी सोनू राम

पायनियर समाचार सेवा। यमुनानगर

**जिलेभर** में गर्मी के मौसम में मलेरिया व डेंगू जैसी बीमारी न फैलने पाएं इसके लिए स्वास्थ्य विभाग तन्मयता से स्वास्थ्य सुरक्षात्मक कदम उठाएं। आमजन को जागरूक किया जाए कि मलेरिया व अन्य जल जनित बीमारियों से बचाव के लिए सभी को सजग रहने की आवश्यकता है। एसडीएम जगाधरी सोनू राम जिला सचिवालय सभागार में स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ मलेरिया व डेंगू सरीखी बीमारियों से बचाव के लिए उठाए जा रहे कदमों की समीक्षात्मक बैठक ले रहे थे।

उन्होंने बैठक में कहा कि जिला में कोरोना संक्रमण रोकथाम के साथ ही अब बदलते मौसम में मलेरिया व



डेंगू जैसी बीमारियों पर रोक लगाने के लिए स्वास्थ्य विभाग पूर्ण रूप से गंभीरता से कदम उठाएं। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के सहयोगी के रूप में जिला प्रशासन टीम भावना के साथ कार्य करेगा। उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों को शहरी क्षेत्रों तथा डीडीपीओ को ग्रामीण क्षेत्रों में मलेरिया से बचाव की दिशा में फॉगिंग कराने के निर्देश दिए।

**मलेरिया उन्मूलन की दिशा में उठाए सार्थक कदम :** एसडीएम जगाधरी सोनू राम ने बताया कि जिला में ब्रीडिंग चेकर, फील्ड वर्कर द्वारा घर-घर जाकर मलेरिया उन्मूलन संबंधी मच्छर के लार्वा की ब्रीडिंग की जांच की जाए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जिले में फॉगिंग का कार्य तेज गति से करवाएं। उन्होंने डीडीपीओ को निर्देश दिए कि वे गांवों में मलेरिया से जागरूकता बारे तथा फॉगिंग का कार्य को शीघ्रता से पूरा करवाएं। उन्होंने कहा कि गांवों में तालाबों व जोहड़ो में गम्बुजिया मछली भी छोड़ी जाए जो मच्छरों को पनपने नहीं देती। उन्होंने निर्देश दिए कि मलेरिया उन्मूलन की सभी टीम ठहरे हुए पानी में काला तेल व टेमिफोस की दवाई का छिड़काव करें, जिससे मच्छर का लार्वा खत्म हो सके और जानलेवा बीमारी फैलाने वाले मच्छरों की उत्पत्ति पर पूर्ण रूप से रोक लग सके। उन्होंने जिला के नागरिकों से आह्वान करते हुए कहा कि वे स्वच्छता पर विशेष ध्यान दें। एक जगह पर पानी को इक्ट्ठा न होने दें। उन्होंने बताया कि मच्छर ठहरे (एकत्रित) हुए पानी मे अंडे देते हैं, जिससे मलेरिया व डेंगू की बीमारी फैलाने वाले मच्छरों की बढ़ोतरी तेजी से होती है। उन्होंने कहा कि सभी लोग सप्ताह में एक दिन रविवार को ड्राइ डे के रूप मे मनाएं, इस दिन घर के सभी कूलर व टंकियों को अच्छी तरह से कपड़े से रगड़कर साफ कर लें।

# न्यायिक परिसर में 11 मई को लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत : सीजेएम

**आपसी समझौते के आधार पर किया जाएगा केसों का निपटारा**

पायनियर समाचार सेवा। यमुनानगर

**राष्ट्रीय** विधिक सेवा प्राधिकरण एवं हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से शनिवार 11 मई को यमुनानगर स्थित न्यायिक परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। परिवादी राष्ट्रीय लोक अदालत में आपसी सुलह व समझौते के आधार पर स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से केस का निपटारा करा सकते हैं।

सीजेएम एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव गुनित अरोड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंक लोन से संबंधित मामले, मोटर एक्सीडेंट, एनआई एक्ट, फौजदारी, रेवेन्यू, वैवाहिक विवाद का निपटारा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि न्यायालय में लंबित मामलों को परस्पर सहयोग व सौहार्दपूर्ण माध्यम से निपटाने के लिए राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाता है। उन्होंने बताया कि यदि किसी व्यक्ति का कोई मामला न्यायालय में लंबित है तो वह राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से उसका निस्तारण करा सकता है। उन्होंने बताया कि लोक अदालत में दोनों पक्षों की आपसी सहमति व राजीनामे से सौहार्दपूर्ण वातावरण में पक्षकारों की रजामंदी से विवाद निपटाया जाता है। इससे शीघ्र व सुलभ न्याय, कहीं कोई अपील नहीं, अंतिम रूप से निपटारा, समय की बचत जैसे लाभ मिलते हैं।

# स्कूल वाहनों को 10 मई तक पालिसी के मापदंडो के अनुसार करने के आदेश

**कहा, बच्चों की सुरक्षा में किसी भी तरह की लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त**

पायनियर समाचार सेवा। जालंधर

**स्कूल** बसों में जाने वाले बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के मद्देनजर डिप्टी कमिश्नर डा. हिमांशु अग्रवाल ने आज जिले के अलग-अलग स्कूलों के प्रबंधकों/प्रिंसीपलो को सेफ स्कूल वाहन नीति का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए। इस दौरान डा.अग्रवाल ने कहा कि 10 मई तक हर हाल में स्कूल वाहनों को सेफ स्कूल वाहन नीति के मापदंडो के अनुसार बनाया जाए। यहां जिला प्रशासकीय परिसर में जिले के विभिन्न स्कूलों के प्रबंधकों/प्रिंसीपलों के साथ बैठक दौरान डिप्टी कमिश्नर ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा जिला प्रशासन की प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की अनदेखी/लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उन्होंने कहा कि सेफ स्कूल वाहन नीति के मानदंडों के अनुसार स्कूल बसों में सीसीटीवी कैमरे लगे हो, वाहनों में अग्निशामक यंत्र, अटेंडेंट और स्टाफ की वर्दी, प्रदूषण नियंत्रण मंजूरी, फायर स्टेशन और पुलिस आदि का संपर्क नंबर, स्कूल वाहनों में स्पीड गवर्नर लगा हो, बसों में जाने वाली छात्राओं के लिए महिला अटेंडेंट होनी चाहिए, प्राथमिक उपचार में किट और बसों में ओवरलोडिंग नहीं करना शामिल है। डा. हिमांशु अग्रवाल ने सभी स्कूलों के प्रबंधको/प्रिंसीपलों को निर्देश दिए किया कि वे अपने-अपने स्कूलों में नीति नियमों की पालना सुनिश्चित करें।


उन्होंने कहा कि स्कूली वाहनों में यदि कोई कमी है तो उसे 10 मई तक दूर कर लिया जाए। डिप्टी कमिश्नर ने कहा कि तय समय सीमा में नियमों की पालना सुनिश्चित नहीं करने पर स्कूलों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। डॉ. अग्रवाल ने कहा कि जिला प्रशासन सेफ स्कूल वाहन नीति के बारे में लगातार जागरूकता फैला रहा है और आने वाले दिनों में स्कूलों में जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएंगी, जिसमें विषय विशेषज्ञ नीति के बारे में विस्तार से जानकारी देंगे। इस दौरान रिजीनल ट्रांसपोर्ट अथारिटी सचिव अमित महाजन, आर.टी.ए. अमनप्रीत सिंह भी मौजूद रहे।

# संकट मोचन सिद्ध बाला जी पीठ भैसरू कलां में मनाया जाएगा हनुमान जी का जन्मोत्सव

पायनियर समाचार सेवा। रोहतक

**भगवान** राम के भक्त उनके सेवक हनुमान का जन्मोत्सव भी बड़ी धूमधाम से मनाते है और हर बार की तरह इस बार भी संकट मोचन सिद्ध बाला जी पीठ भैसरू कलां में हनुमान जी का जन्मोत्सव बड़ी धुमधाम से मनाया जा रहा है। इस बारे में बताते हुए बाला जी महाराज पीठ के महामंडेलश्वर विद्यास्वरूप ने बताया कि मंगलवार 23 अप्रैल चैत्र पूर्णिमा को हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम और हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। हर साल हनुमान जन्मोत्सव चैत्र पूर्णिमा पर मनाया जाता है। इस बार 23 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव बहुत खास है, क्योंकि इस दिन कई शुभ योग का संयोग बन रहे है। इस दिन बजरंगबली की पूजा का दोगुना फल प्राप्त होगा।

उन्होंनें बताया कि इस बार भी हनुमान जी का प्रिय 56 प्रकार के व्यंजन का भोग लगेगा। जिसमें इमरती, चुरमा, गाजर का हलवा, मोतीचूर व गुड के लड्डू, सवामणी का प्रसाद, आनार, पेठा आदि होंगे। इस अवसर पर मंदिर में भक्तजन हनुमान चालीसा, सुंदरकांड पाठ कर रहे है। महामंडेलश्वर विद्यास्वरूप ने बताया कि हनुमान महोत्सव वर्ष में दो बार मनाया जाता है। प्रथम हनुमान जन्मोत्सव चैत्र की पूर्णिमा को मनाई जाती है। यह दिन हनुमान जी के बोध दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। इसलिए इसे



अध्यात्मिक जगत के साथ जोड़ा गया है। दूसरा दीपावली से पूर्व जिसे कार्तिक चौदस का नाम देते हैं। इस दिन हनुमान जी ने पृथ्वी पर मानव रूप धारण किया था। इस रूप में हनुमान जी ने मानव कल्याणार्थ कार्य किए। उन्होंने धर्म की रक्षा कर मानव मूल्यों को नई दिशा दी थी। इसे विजय अभिनंदन के तौर पर मनाया जाता है क्योंकि हनुमान जी ने भगवान श्रीराम को रावण पर विजय दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी।

महामंडेलश्वर विद्यास्वरूप ने बताया कि अंजली पुत्र हनुमान भगवान भोलेनाथ के रुद्र अवतार हैं। हनुमान जी की माता सीता ने अमरता का वरदान दिया था, इसलिए कलियुग में हनुमान जी ऐसे देवता हैं जो आज भी जीवित हैं. जो सच्चे मन से इनका सुमिरन करता है ये उसकी सारी चिंताएं हर लेते हैं। हनुमान जी राम भक्त हैं और इन्हें संकट मोचन भी कहा जाता है। हर साल हनुमान जन्मोत्सव चैत्र पूर्णिमा पर मनाया जाता है।

# आम आदमी पार्टी ने पंजाब को नशा मुक्त कराने का वादा कर के नशा युक्त कर दिया : अनुराग ठाकुर

**पंजाब में आम आदमी पार्टी कांग्रेस को कहती हैं हम आपके हैं कौन और दिल्ली में हम साथ-साथ हैं ये कैसा ठगबंधन है : मंत्री ठाकुर**

पायनियर समाचार सेवा। जालंधर

**केंद्रीय** सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने जालंधर में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी ने नशा मुक्त पंजाब की बात की थी, लेकिन नशा युक्त पंजाब बना दिया है। खेलों के लिए प्रसिद्ध जालंधर समेत पूरे पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार बनने के बाद यहां नशे का कारोबार, फिरौती, गैंगवार और भ्रष्टाचार का खेल चरम पर है। आजादी के बाद से शायद यह पहले पार्टी की सरकार होगी जिसका स्वास्थ्य मंत्री, शिक्षा मंत्री, उप मुख्यमंत्री और स्वयं मुख्यमंत्री जेल में हैं।



पंजाब में भी सरकार बनने के 2 महीने के अंदर स्वास्थ्य मंत्री का इस्तीफा हो जाता है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि सरकार बनने से पहले नैतिकता की दुहाई देने वाले आज कुर्सी से फेविकोल की तरह चिपके हैं और बेल के लिए तरह-तरह के षड्यंत्र रच रहे हैं। राजनीति में आने से पहले अरविंद केजरीवाल कहते थे कि भ्रष्टाचार खत्म करने आ रहे हैं। आज खुद भ्रष्टाचार के दलदल में डूबे हुए हैं। कहते थे इस कुर्सी में ही खोट है जो बैठता है भ्रष्टाचारी हो जाता है। आज स्वयं अपनी बात को चरितार्थ कर रहे हैं।

श्री ठाकुर ने आगे कहा कि इधर पंजाब में भगवंत मान जी कांग्रेस से कहते हैं कि हम आपके हैं कौन और उधर दिल्ली में अरविंद केजरीवाल जी कहते हैं हम साथ साथ हैं। यहां भगवंत मान जी कांग्रेसियों को भ्रष्टाचारी बताकर कपड़े फाड़ देते हैं वहां अरविंद केजरीवाल और सुनीता केजरीवाल जी कांग्रेस और सोनिया गांधी को गले लगाते हैं। अनुराग ठाकुर ने कहा कि इंडी गठबंधन में जेल वाले और बेल वाले तो साथ आए ही हैं इसके साथ ही इसमें देश विरोधी ताकते भी शामिल हैं। कांग्रेस का हाथ हर उस ताकत के साथ है जो देश के विरोधी हैं। उधर राहुल गांधी जी वायनाड से चुनाव लड़ने के लिए देश विरोधी और पाकिस्तान परस्त पीएफआई और एसडीपीआई का समर्थन ले रहे हैं और दिल्ली में भारत के टुकड़े करने की मंशा रखने वालों को टिकट दे रहे हैं तो इधर पंजाब में भी देश विरोधी ताकतों के साथ बंद कमरे में हाथ मिला रहे हैं। आज जब पूरे विश्व में युद्ध जैसे हालात बने हुए हैं तब यह लोग कहते हैं कि भारत से परमाणु हथियारों को समाप्त कर देना चाहिए। लेकिन देश आज नरेंद्र मोदी जी के हाथों में सुरक्षित है। हमने 10 वर्षों में 6800 किलोमीटर बॉर्डर सड़के बनाई हैं। आज हमारी सेना सशक्त है और बॉर्डर सुरक्षित है। आज हम भारत को रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की ओर अग्रसर हैं। पिछले वर्ष भारत ने एक लाख करोड़ से ज्यादा के रक्षा उत्पादन देश में बनाए और 16000 करोड़ के रक्षा उत्पाद विदेशों को निर्यात भी किए। आज तेजस, राफेल और ब्रह्मोस से लेकर अन्य कई उपकरण देश स्वयं बन रहा है।

पहले हमारा देश विश्व का दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल फोन आयातक था, आज हम विश्व के दूसरे सबसे बड़े मोबाइल फोन निर्माता हैं। मात्र पिछले वर्ष हमने 4 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा के मोबाइल बनाए। आज एप्पल जैसी बड़ी कंपनियां भारत में उत्पादन करती हैं और 1,20,000 लोगों को नौकरी दी है। आज हमारा देश खिलौने के क्षेत्र में आत्मनिर्भर है। आज हमारा मरीन एक्सपोर्ट 5 बिलियन से 9 बिलियन पहुंच गया है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में जहां एक ओर विकास हुआ है तो वहीं दूसरी ओर विरासत को भी बल मिला है। नेहरू जी की गलती के कारण हमारा ऐतिहासिक और सुप्रसिद्ध करतारपुर गुरुद्वारा हमें नहीं मिला।

# दुष्यंत के खिलाफ भ्रष्टाचार की जांच का ऐलान कर नायब सैनी ने जेजेपी को बचाव की हालत में किया खड़ा

**चंडीगढ़।** हरियाणा में भाजपा ने अपने पूर्व सहयोगी दल जेजेपी को लोकसभा चुनाव के दौरान राजनीतिक रूप से बचाव की हालत में खड़ा कर दिया है। एक दिन पहले ही मुख्यमंत्री नायब सैनी ने बयान दिया था कि अगर शिकायत मिलती है तो पूर्व उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के खिलाफ जांच करवाई जाएगी। सैनी ने कहा कि दुष्यंत के खिलाफ उन्ही की पार्टी के विधायकों ने भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं।

नायब सैनी के इस बयान कई मायने निकलते हैं। इसका मतलब यह भी है कि मनोहर लाल के मुख्यमंत्री रहते सरकार भ्रष्टाचार की अनदेखी कर रही थी और विपक्ष के आरोप सही थे। नायब सैनी ने पंचकूला में पत्रकारों से बातचीत करते हुए यह भी कहा कि दुष्यंत चौटाला अपने गिरेबान में झांकें। दुष्यंत ने क्या किया है, क्या नहीं किया। वह देखें। उनके विधायकों ने ही उन पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं। हम पारदर्शिता के आधार पर काम कर रहे हैं। दुष्यंत चौटाला की पार्टी के निशान पर चुनाव जीतकर आने वाले विधायक ही उन पर गंभीर आरोप लगा चुके हैं। उनके विधायक उनके खिलाफ खड़े हैं। हमारे पास कोई एप्लीकेशन आएगी, तो उसकी अवश्य जांच करवाई जाएगी। मनोहर लाल सरकार में उपमुख्यमंत्री रहे दुष्यंत चौटाला के पास 11 प्रमुख विभाग थे।

पूर्व उपमुख्यमंत्री के ऊपर शराब घोटाला, रजिस्ट्री घोटाला, धान घोटाला और हिसार एयरपोर्ट की जमीन खरीद में घोटाले के आरोप लग चुके हैं। इन आरोपों पर दुष्यंत चौटाला और दिग्विजय चौटाला कई बार सफाई भी दे चुके हैं। दिग्विजय चौटाला ने यहां तक कहा था कि भ्रष्टाचार के आरोपों की तमाम रिकार्डिंग पार्टी के पास मौजूद है। हम सिर्फ इसलिए चुप थे कि समय आने पर जवाब देंगे। जजपा के विधायक एवं पूर्व मंत्री देवेन्द्र बबली ने मनोहर सरकार को अब तक की सबसे भ्रष्ट सरकार बताया था। नारनौंद से जजपा विधायक रामकुमार गौतम ने टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग में सबसे ज्यादा भ्रष्टाचार होने का दावा करते हुए कहा था कि मुख्यमंत्री खट्टर ईमानदार आदमी है।

## संक्षिप्त समाचार

### समाज में सद्भाव और भाईचारे को बढ़ावा देने के लिए किया जा रहा कार्य भी प्रशंसनीय तथा आदर्श : डॉ. इंद्रेश कुमार



**करनाल।** श्री आत्म मनोहर जैन संस्थान समूह द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, चरित्र निर्माण, सुसंस्कार प्रदान करने के क्षेत्र में किया जा रहा कार्य समूचे इलाके के लिए वरदानस्वरुप है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक तथा केंद्रीय कार्यकारी परिषद सदस्य डॉ. इंद्रेश कुमार ने लगभग तेरह महीने से बाजार से कम दामों पर विश्वस्तरीय मानकों की मशीनों की सुविधा से संपन्न श्री आत्म मनोहर जैन चैरिटेबल हस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं का निरीक्षण करते हुए हर्ष प्रकट किया। उन्होंने कहा कि मेरा पिछले एक दशक से अधिक समय से इस संस्थान से आत्मीयतापूर्ण जुड़ाव है और इस संस्थान द्वारा सेवा कार्यों के साथ-साथ सर्व धर्म सम्मेलनों के द्वारा समाज में सद्भाव और भाईचारे को बढ़ावा देने के लिए किया जा रहा कार्य भी प्रशंसनीय तथा आदर्श है। उन्होंने हस्पताल के सभी विभागों दांत, आंख, शल्यक्रिया, अल्ट्रासाउंड, लैबोरेट्री, एक्सरे, हड्डी-जोड़, जनरल मेडिसन, बाल एवं महिला रोग आदि का निरीक्षण कर उपलब्ध सेवाओं की सराहना की जहां प्राकृतिक, प्रदूषणमुक्त वातावरण में उत्तम ढंग से उपचार उपलब्ध है। उन्होंने सभी सेवारत चिकित्सकों को सम्मानसूचक वस्त्र से रोगियों की तत्परतापूर्ण सेवा हेतु आशीर्वाद दिया और हस्पताल प्रबंधन को भी इस चिकित्सा संस्थान को ऊंचाइयों के अर्श तक पहुंचाने हेतु अनवरत परिश्रम करने की प्रेरणा दी। महासाध्वी माता श्री प्रमिला जी ने सभी को आशीर्वाद दिया। डॉ. इंद्रेश कुमार ने श्री घंटाकर्ण देवता, श्री ओसिया माता तथा गुरु मनोहर समाधि स्थल पर भी आराधना करते हुए श्रद्धा-पुष्प अर्पित किए। प्रबंधन की ओर से सुशील जैन, अनिल जैन, भूषण गोयल, डा. मोहनलाल, अशोक जैन, नवीन जैन, डा. राकेश मित्तल आदि उपस्थित रहे।

### पुलिस टीम ने बाइक चोर को किया गिरफ्तार



**जगाधरी।** पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना छप्पर पुलिस की टीम ने एक बाइक चोर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी से चोरी की बाइक बरामद की गई। आरोपी को कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना प्रबंधक तरसेम सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि आदर्श नगर कॉलोनी सरस्वती नगर निवासी रंजीत मल्होत्रा ने शिकायत दर्ज करवाई कि उसका गांव सुल्तानपुर में एक पोल्ट्री फार्म है। पोल्ट्री फार्म के पास ही गोदाम भी है। दिनांक 14 अप्रैल को उसके गोदाम में खड़ी उसकी बाइक कोई नाम पता ना मालूम कर चोरी करके ले गया है। इस सूचना पर मुख्य सिपाही सुखविंदर सिंह के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया। जिसकी पहचान हिमाचल के जिला हमीरपुर के गांव सिध पुरा भोटा निवासी राजकुमार उर्फ राजू पुत्र कुलदीप सिंह के रूप में हुई। आरोपी से चोरी की बाइक बरामद की गई। आरोपी को कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### सरकारी संपत्ति पर वॉल पेंटिंग की अनुमति नहीं होगी: डीसी



**यमुनानगर।** डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन मनोज कुमार ने कहा है कि लोकसभा चुनाव-2024 के मद्देनजर आदर्श आचार संहिता को जिला में प्रभावी ढंग से लागू किया गया है। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक संपत्ति यानी सरकारी और अर्ध सरकारी संपत्ति पर चुनाव से संबंधित वॉल पेंटिंग करने की पूरी तरह से मनाही रहेगी। ऐसा करने के आरोपी के विरुद्ध डिफेसमेंट ऑफ पब्लिक प्रॉपर्टी एक्ट के तहत कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। डीसी कैप्टन मनोज कुमार ने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान जिला में आदर्श आचार संहिता की पालना के लिए अधिकारियों की गठित की गई सर्विलांस टीमों को निर्देश दिए गए हैं कि कहीं सरकारी भवन की दीवार पर चुनावी नारे लिखे नजर आते हैं तो संबंधित राजनीतिक पार्टी या लिखवाने वाले कार्यकर्ता के खिलाफ संपत्ति विरूपण अधिनियम के तहत कार्यवाही की जाए। ऐसे मामलों में पूरी सख्ती बरती जाएगी। उन्होंने कहा कि निजी संपत्ति पर वॉल पेंटिंग करने के लिए संपत्ति मालिक की लिखित में पूर्व अनुमति लेना जरूरी है। उन्होंने कहा कि निजी संपत्ति पर वॉल पेंटिंग करने वाले पेंटर को अपना नाम व मोबाइल नंबर भी पेंटिंग के नीचे लिखना होगा। उन्होंने कहा कि किसी निजी भवन पर पोस्टर, बैनर लगाने के लिए भवन मालिक की अनुमति नहीं ली गई है तो वह अपने क्षेत्र के एसडीएम -कम-एआरओ ऑफिस में अपनी शिकायत दर्ज करवा सकता है।

### मोदी जी की माला का एक मोती करनाल का मनोहर लाल



**करनाल।** मुख्यमंत्री एवं करनाल विधानसभा प्रत्याशी नायब सैनी की धर्मपत्नी सुमन सैनी करनाल के नरसी विलेज में महिला मोर्चा की पूर्व उपाध्यक्ष रमा चौधरी के निवास पर पहुंची। इसके बाद वार्ड-5 संतूर सिटी में श्वेता मेहता व अंसल टाउन में दीपक बरेजा की ओर से आयोजित कार्यक्रम में भी शामिल हुई। जगह-जगह पर उनका स्थानीय निवासियों व महिलाओं ने जोरदार स्वागत किया। सुमन सैनी ने लोकसभा चुनाव और करनाल विधानसभा उप-चुनाव में भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। सुमन सैनी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि देश और प्रदेश में विकास की गति नहीं रूकेगी इसके लिए जनता ने भाजपा को चुना है। नरेद्र मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनेंगे और देश को विकास को नए आयाम देंगे। उन्होंने कहा कि जनता का एक-एक वोट विकास और देश के बेहतर भविष्य के लिए अहम होगा। मनोहर लाल ने पिछले 10 सालों में जो प्रदेश का विकास किया है वह पिछले कई दशकों से नहीं हुआ था। आज हर गांव, शहर कस्बों की सड़कें चकाचक और मजबूत बनाई गई हैं। पंक्ति में अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचा हैं। सरकार की योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचा हे। पिछले 10 सालों में जनता की परेशानियों को सुनकर हल किया गया है। सुमन सैनी ने कहा कि इस बार के चुनाव में भी जनता भाजपा को आशीर्वाद देगी और करनाल से मनोहर लाल और नायब सैनी की एक बड़ी जीत होगी। इस मौके पर पिछड़ा वर्ग कल्याण निगम की चेयरपर्सन निर्मला बैरागी, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष मीना कांबोज, निवर्तमान मेयर रेनूबाला गुप्ता, पूर्व पार्षद मेघा भंडारी, रमा चौधरी, मीना चौहान रायसन व रेखा आनंद सहित काफी संख्या में महिलाएं मौजूद रही।

# सीयूईटी-स्नातक, नेट के लिए अंकों का सामान्यीकरण खत्म किया जाएगा : यूजीसी प्रमुख

एजेंसी। नई दिल्ली

**संयुक्त** विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा-स्नातक (सीयूईटी-यूजी) और राष्ट्रीय अर्हता परीक्षा (नेट) में इस साल से अंकों का सामान्यीकरण समाप्त कर दिया जाएगा। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के अध्यक्ष जगदीश कुमार ने सोमवार को यह जानकारी दी। कुमार ने कहा, इस साल अंकों के सामान्यीकरण की आवश्यकता नहीं होगी क्योंकि किसी विषय की दोनों परीक्षा एक ही पाली में आयोजित की जाएगी। सामान्यीकरण एक छात्र के अंक को इस तरह से संशोधित करने की एक प्रक्रिया है कि वह दूसरे के अंक के साथ तुलनीय हो जाए। यह तब आवश्यक हो जाता है जब एक ही विषय की परीक्षा कई सत्रों में आयोजित की जाती है, प्रत्येक सत्र में अलग-अलग प्रश्नपत्र होते हैं।

छात्र परीक्षा में उनके प्रदर्शन पर अनुचित रूप से प्रभाव डालने वाले अंकों के सामान्यीकरण के बारे में चिंता जता रहे थे। कुमार ने कहा, पहले, हमें यथासंभव छात्रों को



पहली पसंद का केंद्र प्रदान करने के प्रयास में एक ही विषय के लिए दो या तीन दिनों में परीक्षा आयोजित करनी पड़ती थी। लेकिन इस वर्ष, ओएमआर प्रणाली अपनाने से बड़ी संख्या में केंद्र के रूप में विद्यालय और महाविद्यालय उपलब्ध होंगे, जिससे हम एक ही दिन में देश भर में परीक्षा आयोजित करने में सक्षम होंगे।

यूजीसी अध्यक्ष ने कहा, यदि एक ही विषय के लिए परीक्षा कई दिनों में आयोजित की जाती है, तो सामान्यीकरण की आवश्यकता होती है और यह एक वैज्ञानिक विधि है। सीयूईटी-यूजी के लिए इस बार 15 से 24 मई तक परीक्षाएं आयोजित किया जाएगा। कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी) में स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए महत्वपूर्ण परीक्षा आयोजित करने के पूर्व की व्यवस्था में बदलाव किया गया है जिसमें 15 विषयों के लिए सीयूईटी-यूजी पांरपरिक रूप से कागज और कलम आधारित परीक्षा होगी जबकि 48 विषयों के लिए ऑनलाइन परीक्षा आयोजित की जाएगी। इसी तरह यूजीसी-नेट की परीक्षा पहले सीबीटी प्रणाली के तहत होती थी लेकिन इस बार 16 जून को कलम और कागज आधारित परीक्षा होगी।

# अंतरराज्यीय गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार, हथियार बरामद

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**पंजाब** की मोहली पुलिस ने अंतरराज्यीय हथियार तस्करी गिरोह चलाने वाले एक अपराधी और उसके साथी को गिरफ्तार किया और उनके पास से हथियार बरामद किए हैं। पंजाब पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने कहा कि मोहाली पुलिस ने गोपी घनशामपुरिया और हैरी चट्ठा गिरोह के सदस्य मलकीत सिंह उर्फ नवाब को गिरफ्तार किया है। उन्होंने कहा कि नवाब के साथ गमदूर सिंह उर्फ विक्की को भी गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, एक बड़ी सफलता में सास नगर पुलिस ने गमदूर सिंह उर्फ विक्की और एक अंतरराज्यीय हथियार गिरोह चलाने वाले मलकीत सिंह उर्फ नवाब को पकड़ लिया और उनके पास से छह पिस्तौल, 10 कारतूस और 10 पिस्तौल मैगजीन बरामद कीं।

# मथुरा के शाही ईदगाह विवाद में वक्फ कानून के प्रावधान लागू नहीं होंगे: हिंदू पक्ष

एजेंसी। प्रयागराज



**मथुरा** के कृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह विवाद मामले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय में सोमवार को हिंदू पक्ष ने दलील दी कि वक्फ कानून के प्रावधान यहां लागू नहीं होंगे क्योंकि विवादित संपत्ति, वक्फ की संपत्ति नहीं है। इस मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति मयंक कुमार जैन द्वारा की जा रही है। उच्च न्यायालय ने इस मामले की अगली सुनवाई की तिथि 30 अप्रैल तय की। हिंदू पक्ष की ओर से यह भी कहा गया कि यह वाद पोषणीय है और वाद की गैर पोषणीयता के संबंध में आवेदन पर साक्ष्यों को देखने के बाद ही फैसला किया जा सकता है। हिंदू पक्ष ने यह दलील भी दी कि वह संपत्ति (शाही ईदगाह मस्जिद) एक मंदिर था जिसे बलपूर्वक कब्जे में लेने के बाद वहां नमाज अदा करना शुरू किया गया, लेकिन इस तरह से भूमि का चरित्र नहीं बदला जा सकता।

उसने कहा कि चूंकि वह संपत्ति वक्फ की संपत्ति नहीं है, इसलिए इस अदालत को इस मामले में सुनवाई करने का अधिकार है। इससे पूर्व, हिंदू पक्ष के वकील विष्णु शंकर जैन ने कहा था कि यह वाद पोषणीय है और पूजा स्थल अधिनियम एवं वक्फ अधिनियम के संबंध में अर्जी, पक्षों के साक्ष्यों से ही निर्धारित हो सकती है। जैन ने कहा था कि महज यह कहने से कि वहां एक मस्जिद है, वक्फ अधिनियम लागू नहीं होगा। उन्होंने कहा था कि संपत्ति का धार्मिक चरित्र महज ढांचे को ध्वस्त कर बदला नहीं जा सकता, यह देखना जरूरी है कि क्या कथित वक्फ डीड वैध है या नहीं। उन्होंने कहा कि ए सभी चीजें मुकदमे में देखी जानी चाहिए और यह कि मौजूदा वाद पोषणीय है। समय सीमा की बाध्यता के सवाल पर उन्होंने कहा था कि मौजूदा वाद समय सीमा के भीतर दाखिल किया गया है। उनका कहना था कि 1968 का कथित समझौता वादी के संज्ञान में 2020 में आया और संज्ञान में आने के तीन साल के भीतर यह वाद दायर किया गया है। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही यदि सेवायत या ट्रस्ट लापरवाह है और अपने दायित्व का निर्वहन नहीं कर रहा है तो देवता अपने करीबी मित्र के जरिए आगे आ सकते हैं और वाद दायर कर सकते हैं, ऐसे में समय सीमा का सवाल ही नहीं उठता।

इससे पूर्व, मुस्लिम पक्ष की ओर से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए अधिवक्ता तस्लीमा अजीज अहमदी ने कहा था कि मौजूदा वाद समय सीमा से बाधित है। अहमदी ने दलील दी थी कि यह वाद शाही ईदगाह मस्जिद के ढांचे को हटाने के बाद कब्जा लेने और मंदिर बहाल करने के लिए दायर किया गया है। उनका कहना था कि वाद में की गई प्रार्थना दर्शाती है कि वहां मस्जिद का ढांचा मौजूद है और उसका कब्जा प्रबंधन समिति के पास है। मुस्लिम पक्ष की वकील ने दलील भी दी थी, इस प्रकार से वक्फ की संपत्ति पर एक सवालाविवाद खड़ा किया गया है जबकि यहां वक्फ कानून के प्रावधान लागू होंगे। इस तरह से इस मामले में सुनवाई वक्फ अधिकरण के न्याय क्षेत्र में आता है न कि दीवानी अदालत के अधिकार क्षेत्र में।

## बीआरएस नेता के कविता की जमानत अर्जी पर आदेश सुरक्षित रखा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी की एक अदालत ने दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े भ्रष्टाचार के मामले में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता की जमानत अर्जी पर अपना आदेश सोमवार को सुरक्षित रख लिया। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के मामलों के लिए विशेष न्यायाधीश ने मामले की जांच कर रही सीबीआई की ओर से पेश हुए वकील और आरोपी के वकील की दलीलें सुनने के बाद आदेश सुरक्षित रख लिया। हालांकि, न्यायाधीश धन शोधन से जुड़े कथित मामले में कविता द्वारा दायर इसी तरह की एक अर्जी पर दलीलें सुनना जारी रखेंगे। इस मामले की जांच ईडी कर रही है। कविता ईडी और सीबीआई, दोनों द्वारा दर्ज किए गए मामलों में न्यायिक हिरासत में हैं। सीबीआई ने तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की बेटी एवं राज्य की विधानपरिषद सदस्य कविता को तिहाड़ जेल से गिरफ्तार किया था, जहां वह ईडी द्वारा गिरफ्तार किए जाने के बाद बंद थीं। ईडी ने कथित घोटाले से उपजे धन शोधन मामले में उन्हें गिरफ्तार किया था। सीबीआई आम आदमी पार्टी (आप) सरकार की आबकारी नीति को तैयार किए जाने और उसके क्रियान्वयन में हुए कथित भ्रष्टाचार की जांच कर रही है।

# कांग्रेस ने निर्वाचन आयोग से प्रधानमंत्री के खिलाफ कार्रवाई की मांग की

एजेंसी। नई दिल्ली

**कांग्रेस** ने सोमवार को निर्वाचन आयोग से आग्रह किया कि वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ ठोस कार्वाई करे, क्योंकि उन्होंने विभाजनकारी एवं दुर्भावनापूर्ण बयान देकर आचार संहिता का स्पष्ट रूप से उल्लंघन किया है। पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल ने निर्वाचन आयोग पहुंचकर प्रधानमंत्री मोदी की टिप्पणी और कुछ अन्य विषयों पर शिकायतें कीं। इस प्रतिनिधिमंडल में कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिंघवी और गुरदीप सप्पल शामिल थे। सिंघवी ने संवाददाताओं से कहा, हमने कुल 17 शिकायतें की हैं। ये सभी शिकायतें गंभीर हैं और देश के संविधान के मूल सिद्धांतों पर आघात करने वाली हैं। हम आशा करते हैं कि जल्द से जल्द ठोस और स्पष्ट कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री को इस प्रकार का वक्तव्य नहीं देना चाहिए। उनके एक्स हैंडल पर भी इस टिप्पणी को साझा किया गया है। मैं इसे नहीं दोहराऊंगा, क्योंकि यह भद्दा है। इसमें एक समुदाय का नाम लिया गया है। इसमें कहा गया है कि वह समुदाय संसाधनों को हड़प लेगा। उस समुदाय को घुसपैठिया बताया गया है। इसमें मंगल सूत्र की बात की गई है।



सिंघवी ने आरोप लगाया, प्रधानमंत्री के पद पर आसीन एक व्यक्ति ने जन प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 123 का उल्लंघन किया है। भारतीय संविधान की अस्मिता पर प्रहार किया गया है। उन्होंने कहा, भारत, संविधान, प्रधानमंत्री के पद और निर्वाचन आयोग की विश्वसनीयता का सवाल है, जो आम आदमी के विषय में करते हैं, वो प्रतिबंध लगाना पड़ेगा, चाहे कोई व्यक्ति कितना ही बड़ा है, क्योंकि यह संवैधानिक अस्मिता का सवाल है। कांग्रेस ने अपने ज्ञापन में प्रधानमंत्री की टिप्पणी को विभाजनकारी और दुर्भावनापूर्ण बताया है।

प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को राजस्थान की एक चुनावी सभा में कहा था कि अगर कांग्रेस केंद्र में सत्ता में आती है, तो वह लोगों की संपत्ति लेकर मुसलमानों को बांट देगी। मोदी ने यह बात पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के एक बयान का हवाला देते हुए कही, जिसमें उन्होंने कथित तौर पर कहा था कि देश के संसाधनों पर पहला हक अल्पसंख्यक समुदाय का है। कांग्रेस ने निर्वाचन आयोग से सूरत में कांग्रेस उम्मीदवार का नामांकन खारिज होने और भाजपा के अतिरिक्त अन्य सभी उम्मीदवारों के नामांकन वापस लिए जाने का विषय भी निर्वाचन आयोग के समक्ष उठाया और चुनाव स्थगित करने की मांग की। सिंघवी ने कहा कि सूरत में चुनाव स्थगित कर नई तिथि की घोषणा की जाए। कांग्रेस ने भाजपा पर सोशल मीडिया हैंडल पर धार्मिक प्रतीकों का इस्तेमाल कर इसके आधार पर वोट मांगने का आरोप भी लगाया। पार्टी ने कहा कि इस मामले में भी निर्वाचन आयोग को कार्रवाई करनी चाहिए।

# टीटीएएडीसी को अधिक अधिकार व त्रिपक्षीय समझौते के अहम मुद्दे : टिपरा मोथा

एजेंसी। आमबासा

**त्रिपुरा** के राजनीतिक दल टिपरा मोथा के अध्यक्ष बिजॉय कुमार हांगखॉल ने सोमवार को कहा कि केंद्र की ओर से जनजातीय क्षेत्र स्वायत्त जिला परिषद (टीटीएएडीसी) को सीधे वित्तपोषण और उसे अधिक अधिकार देना केंद्र और राज्य सरकार के साथ पार्टी द्वारा किए गए त्रिपक्षीय समझौते के प्रमुख मुद्दे हैं। त्रिपुरा विधानसभा चुनाव 2023 के बाद मुख्य विपक्षी दल के रूप में उभरे टिपरा मोथा ने गृह मंत्रालय के अधिकारियों के साथ कई दौर की चर्चा के बाद मार्च 2023 में केंद्र और राज्य सरकार के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। समझौते पर हस्ताक्षर करने के कुछ दिनों बाद, टिपरा मोथा त्रिपुरा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली सरकार में शामिल हो गई।

हांगखॉल ने कहा, त्रिपुरा जनजातीय क्षेत्र स्वायत्त जिला परिषद को केंद्र द्वारा सीधा वित्तपोषण और स्वायत्त जिला परिषद का सशक्तीकरण केंद्र के साथ हुए समझौते के प्रमुख बिंदुओं में से एक है। उन्होंने कहा कि केंद्र द्वारा स्वायत्त परिषद को सीधे वित्तपोषण राजनीतिक दलों की पुरानी मांग है। हांगखॉल ने कहा, हम चाहते हैं कि जनजातीय परिषद के पास अपना



पुलिस संगठन हो जिसका नेतृत्व अतिरिक्त डीजीपी (पुलिस महानिदेशक) या आईजीपी (पुलिस महानिरीक्षक) रैंक के अधिकारी करें और भूमि अधिकार हों ताकि टीटीएएडीसी सशक्तीकरण प्रक्रिया के तहत लोगों को पट्टे जारी कर सके। उन्होंने कहा कि टिपरा मोथा इस बात पर जोर देगी कि केंद्र त्रिपक्षीय समझौते को लागू करने के लिए लोकसभा चुनाव के बाद एक संयुक्त कार्य समूह की घोषणा करे। यह पूछे जाने पर कि टिपरा मोथा ने भाजपा को सहयोगी के रूप में क्यों चुना, 81 वर्षीय ह्वांगखॉल ने कहा, हमारा मानना है कि सिर्फ केंद्र सरकार ही हमारी समस्या - मूल लोगों के अधिकारों के लिए संवैधानिक गारंटी - का समाधान कर सकती है। चूंकि भाजपा दिल्ली और राज्य में सत्ता में है, वे हमारी समस्या का समाधान कर सकते हैं। डबल इंजन सरकार ने भी टिपरा मोथा को अपनी ओर खींचा।

## डीपफेक वीडियो का प्रसार करने वाले सोशल मीडिया हैंडल पर केस दर्ज

**नई दिल्ली।** अभिनेता रणवीर सिंह के डीपफेक वीडियो का प्रसार करने वाले सोशल मीडिया हैंडल के खिलाफ एक प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। उनके प्रवक्ता ने सोमवार को यह जानकारी दी। पिछले सप्ताह, सिंह का एक वीडियो इंटरनेट पर वायरल हुआ था, जिसमें उन्हें अपना राजनीतिक विचार प्रकट करते देखा जा सकता था। मूल क्लिप एक साक्षात्कार का हिस्सा है, जो उन्होंने फैशन शो के लिए वाराणसी में दिया था। ऐसा लगता है कि कृत्रिम मेधा (एआई) प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल कर मूल क्लिप में छेड़छाड़ की गई है। अभिनेता के प्रवक्ता के अनुसार, सिंह ने पुलिस में एक शिकायत दायर की थी और आगे की जांच के लिए साइबर अपराध प्रकोष्ठ ने प्राथमिकी दर्ज की है। प्रवक्ता ने बयान में कहा, हमने पुलिस में शिकायत दायर की और कृत्रिम मेधा प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल कर तैयार किए गए रणवीर सिंह के डीपफेक वीडियो का प्रसार करने वाले हैंडल के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

वीडियो के वायरल होने के शीघ्र बाद, अभिनेता ने एक्स पर चेतावनी देते हुए पोस्ट किया था, डीपफेक से बचो दोस्तों।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पार्टी उम्मीदवार उदित राज के नामांकन का विरोध किया

एजेंसी। नई दिल्ली

**कांग्रेस** की दिल्ली इकाई के कुछ कार्यकर्ताओं ने सोमवार को पार्टी द्वारा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से पाला बदलकर आए उदित राज को उत्तर पश्चिमी दिल्ली से लोकसभा उम्मीदवार चुने जाने के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी दीन दयाल उपाध्याय मार्ग पर पार्टी कार्यालय के बाहर एकत्र हुए और मौजूदा लोकसभा चुनावों में कांग्रेस द्वारा मैदान में उतारे गए उदित राज के खिलाफ नारे लगाए। उदित राज ने 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवार के रूप में उत्तर पश्चिम दिल्ली सीट जीती थी। वर्ष 2019 के चुनावों में भाजपा द्वारा उन्हें टिकट नहीं दिया गया, जिसके बाद वे कांग्रेस में शामिल हो गए। कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता राजेश राठौड़ ने कहा कि एक स्थानीय पार्टी नेता को उत्तर



पश्चिम दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र से मैदान में उतारा जाना चाहिए था।

उन्होंने कहा, कांग्रेस पार्टी के कई कार्यकर्ता यहां एकत्र हुए हैं। हमें उम्मीद थी कि पार्टी किसी स्थानीय पार्टी नेता को टिकट देगी, जो आगामी चुनावों में भाजपा को कड़ी टक्कर देगा लेकिन ऐसा नहीं हुआ। कांग्रेस की दिल्ली इकाई के प्रमुख अरविंदर सिंह लवली ने कहा कि सबसे पुरानी पार्टी में सभी को अपनी आवाज उठाने की इजाजत है। अरविंदर सिंह लवली ने पार्टी उम्मीदवारों कन्हैया कुमार, जेपी अग्रवाल और उदित राज के साथ पार्टी कार्यालय के अंदर एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने कहा, कांग्रेस एकमात्र ऐसी पार्टी है जहां हर किसी को अपनी आवाज उठाने की इजाजत है, इससे पता चलता है कि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के टिकटों की काफी मांग है।

## झुंझुनू के शापिंग कॉम्प्लेक्स में आग, कोई जनहानि नहीं

**जयपुर।** राजस्थान के झुंझुनू जिले में सोमवार को एक शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में आग लग गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। उसने बताया कि मंडावा मोड़ पर सिटी सेंटर मॉल में आग लग गई लेकिन इस घटना में जनहानि नहीं हुई है। उसने बताया कि आग पर काबू पा लिया गया है। पुलिस ने बताया कि सोमवार सुबह काम्प्लेक्स की दूसरी मंजिल पर एक कैफे में आग लग गई। उसके अनुसार आग की लपटों ने तीसरी और चौथी मंजिल के कुछ हिस्सों को भी अपनी चपेट में ले लिया। उसने बताया कि कई दमकल गाड़ियों की मददसे आग बुझाया जा सका। इस घटना के समय काम्प्लेक्स की अधिकतर दुकानें बंद थी। पुलिस ने बताया कि आग संभवत: शॉर्ट सर्किट के कारण लगी है।

# कांग्रेस के पूर्व सांसद मोहिंदर सिंह केपी शिअद में शामिल



एजेंसी। चंडीगढ़

**कांग्रेस के लिए गत दो दिन में यह दूसरा झटका**

**कांग्रेस** की पंजाब इकाई के पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व संसद सदस्य मोहिंदर सिंह केपी सोमवार को शिरोमणि अकाली दल (शिअद) में शामिल हो गए। शिअद अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल, मोहिंदर को पार्टी में शामिल कराने के लिए जालंधर स्थित उनके आवास पर गए। बादल ने इस अवसर पर जालंधर (सुरक्षित) लोकसभा सीट से केपी को शिअद उम्मीदवार बनाने की भी घोषणा की।

कांग्रेस के लिए गत दो दिन में यह दूसरा झटका है। इससे पहले दिवंगत कांग्रेस सांसद संतोख चौधरी की पत्नी करमजीत कौर भी दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गई थीं। केपी पंजाब के दोआबा क्षेत्र के प्रमुख दलित नेता हैं और वह 1992 और 1995 में कांग्रेस सरकार में मंत्री थे। वह 2009 में जालंधर लोकसभा सीट से निर्वाचित हुए और 2014 में होशियारपुर लोकसभा सीट से चुनाव लड़ा। केपी 1985, 1992 और 2002 में तीन बार जालंधर दक्षिण से विधायक निर्वाचित हुए। उन्हें 2017 के विधानसभा चुनाव में शिअद नेता पवन कुमार टिनू से आदमपुर सीट पर हार का सामना करना पड़ा। केपी के पास समृद्ध राजनीतिक विरासत है। उनके पिता दर्शन सिंह केपी जालंधर से पांच बार विधायक निर्वाचित हुए जिनकी हत्या 1992 में आतंकवादियों ने कर दी थी।

# भाजपा ने अनुच्छेद 370 हटाकर दर्द बढ़ाया, हम कश्मीर मुद्दे के समाधान के लिए प्रतिबद्ध : महबूबा

एजेंसी। बिजबेहरा

**पीडीपी** प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने सोमवार को कहा कि उनकी पार्टी कश्मीर मुद्दे के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने भाजपा पर आरोप लगाया कि उसने 2019 में संविधान के अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को निरस्त करके दर्द बढ़ाने का काम किया है। पूर्व मुख्यमंत्री ने एक विशेष साक्षात्कार में यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की यह टिप्पणी भाजपा के निचले स्तर को दर्शाती है कि कांग्रेस लोगों की मेहनत की कमाई और कीमती सामान घुसपैठियों तथा उन लोगों को देने की योजना बना रही है जिनके पास अधिक बच्चे हैं। राजस्थान के बांसवाड़ा में रविवार को एक रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने दावा किया, कांग्रेस का घोषणापत्र कहता है कि वे माताओं और बहनों के सोने-चांदी का भी हिसाब लेंगे, और फिर उस संपत्ति को वितरित करेंगे। वे इसे किसको वितरित करेंगे - मनमोहन सिंह की सरकार ने कहा था कि देश की संपत्तियों पर सबसे पहला अधिकार मुसलमानों का है।

अनंतनाग-राजौरी लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहीं पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की नेता अपनी पार्टी के गढ़ माने जाने वाले बिजबेहरा में थीं। उनसे पूछा गया कि क्या पीडीपी ने जम्मू-कश्मीर में स्वशासन के अपने एजेंडे को छोड़ दिया है। उन्होंने कहा, नहीं। हमारे लिए, ऐसा नहीं है। यदि आप हमारा घोषणापत्र पढ़ेंगे, तो हमने कहा है कि हम कश्मीर मुद्दे के समाधान के लिए प्रतिबद्ध हैं। भाजपा कश्मीर मुद्दे से अनुच्छेद 370, अनुच्छेद 370 से राज्य का दर्जा देने, राज्य का दर्जा देने से निकाय चुनाव तक मुद्दों को बदलना चाहती है। लेकिन ऐसा नहीं होगा।

पीडीपी प्रमुख ने कहा कि अगर



किसी मुद्दे को अनदेखा कर दिया जाता है तो यह एक बीमारी की तरह बन जाता है जो समय के साथ दर्दनाक हो जाता है। उन्होंने कहा, जब ऐसा कोई मुद्दा होता है, तो यह लोगों के दिल और दिमाग में रहता है। आप लोगों को जेल में डाल सकते हैं, लेकिन आप किसी विचारधारा को जेल में नहीं डाल सकते। आपको इसका समाधान करना होगा। महबूबा ने कहा, आप किसी की गर्दन नहीं पकड़ सकते और दावा नहीं कर सकते कि सबकुछ ठीक है। जब तक आप किसी मुद्दे का समाधान नहीं ढूंढ़ लेते। दर्द है और आप किसी का मुंह बंद करके दर्द को रोक नहीं सकते। जम्मू-कश्मीर मुद्दा एक दर्द है जिसे आपने अनुच्छेद 370 को निरस्त करके और अधिक जटिल बना दिया है।

यह पूछे जाने पर कि क्या पाकिस्तान अभी भी कश्मीर के संदर्भ में प्रासंगिक है, पीडीपी प्रमुख ने कहा, आप इसे अप्रासंगिक कैसे बना सकते हैं? भौगोलिक रूप से, वे आपके निकटतम पड़ोसी हैं। साथ ही, आप इतिहास नहीं बदल सकते। पाकिस्तान के साथ हमारा इतिहास रहा है। पाकिस्तान के साथ हम भूगोल साझा करते हैं, जम्मू-कश्मीर का एक हिस्सा अभी भी वहां है। इस आरोप पर कि पीडीपी, हुर्रियत कॉन्फ्रेंस द्वारा छोड़ी गई जगह पर कब्जा करने की कोशिश कर रही है, महबूबा ने कहा कि यह चलन रहा है कि जो कोई भी जम्मू कश्मीर और उसके लोगों के हितों के बारे में बात करता है उसे राष्ट्र-विरोधी करार दिया जाता है। उन्होंने कहा, हर कोई जानता है कि अलगाववादियों का एजेंडा जम्मू कश्मीर को देश से अलग करना है। हमारा एजेंडा है कि भारतीय संविधान के तहत जम्मू कश्मीर (मुद्दे) का समाधान आवश्यक है। जैसा कि (अटल बिहारी) वाजपेयी कहते थे।

महबूबा ने कहा कि जम्मू कश्मीर को बिजली परियोजनाओं के लिए छूट दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा, आप पूरे देश में मुफ्त बिजली देते हैं लेकिन जम्मू कश्मीर में शुल्क 10 गुना बढ़ा दिया है। क्यों? यह हमारी बिजली है। ये कुछ ऐसे मुद्दे हैं। मध्य एशिया और दक्षिण एशिया से गुजरने वाले हमारे पुराने मार्ग, जिसे रेशम मार्ग कहा जाता था, को जोड़ा जाना चाहिए ताकि जम्मू कश्मीर फिर से व्यापार का केंद्र बने और युवाओं को भविष्य के लिए कुछ मिले। महबूबा ने कहा, हमने इन मुद्दों को नहीं छोड़ा है, ये हमारे लिए अब भी हैं। अभी, जम्मू कश्मीर के लोगों का दम घुट रहा है, कैदी बिना किसी सुनवाई के इतने साल से जेलों में हैं, और उन्हें अपने परिवारों से मिलने का मौका नहीं मिलता है। क्या कोई इनके बारे में बात करने वाला है? जम्मू कश्मीर में हर दिन एनआईए (राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण), ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) या आईटी (आयकर) विभाग द्वारा छापे मारे जा रहे हैं, हमारा कारोबार बर्बाद हो गया है।

लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा के नारे अबकी बार 400 पार के बारे में महबूबा ने कहा कि अगर ऐसा होता तो पार्टी नवरात्र के दौरान मांसाहार के सेवन का मुद्दा नहीं उठा रही होती। उन्होंने कहा, अब वे कह रहे हैं कि आपका मंगलसूत्र भी छीन लिया जाएगा और मुसलमानों को दे दिया जाएगा। मुझे लगता है कि देश में ऐसा कोई माहौल नहीं है।

उन्होंने कहा कि लोग समझ गए हैं कि अगर देश और इसके संविधान को बचाना है तो भाजपा को हराना होगा। कांग्रेस के साथ 1990 के दशक के मध्य में अपना राजनीतिक कॅरियर शुरू करने वाली महबूबा ने दावा किया कि उनकी पार्टी अभी भी विपक्षी इंडिया गठबंधन का हिस्सा है, भले ही वह नेशनल कॉन्फ्रेंस के विपक्षी गठबंधन समर्थित उम्मीदवार के खिलाफ चुनाव लड़ रही हैं। उन्होंने कहा, हम दूर नहीं हैं। हम इसमें (इंडिया गठबंधन) विश्वास करते हैं और हम मानते हैं कि गठबंधन, विशेष रूप से राहुल (गांधी) एक बड़ी लड़ाई लड़ रहे हैं। देश के संविधान, इसकी धर्मनिरपेक्षता और गंगा-जमुनी तहजीब को बचाने के लिए उनका समर्थन करना जरूरी है जिसके लिए जम्मू कश्मीर के लोगों ने इस देश के साथ हाथ मिलाया था।

# चुनाव की तैयारी तेज, पोलिंग पार्टियां 25 से होंगी रवाना

## निर्वाचन कार्यालय मतदान की तैयारियों के लिए युद्ध स्तर पर जुटा, 15 हजार कर्मचारी लगाए गए

- केन्द्रीय विद्यालय कमला नेहरू नगर मैदान से साहिबाबाद, गाजियाबाद और धौलाना आंशिक के लिए पोलिंग पार्टियों की रवानगी होगी


मतदान तैयारी की प्रतीकात्मक फोटो।

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

गाजियाबाद लोकसभा सीट का चुनाव होने में महज चार दिन का समय बाकी रह गया है। ऐसे में निर्वाचन कार्यालय मतदान की तैयारियों में युद्धस्तर पर जुट गया है। 25 अप्रैल से सभी मतदान केन्द्रों पर पोलिंग पार्टियों की रवानगी की जाएगी। इसके लिए पार्टी स्थलों पर तैयारी शुरू हो गई हैं। पोलिंग में करीब 15 हजार कर्मचारी लगाए गए हैं। जिनकी रवानगी अलग-अलग स्थलों से की जाएगी।

मुरादनगर व मोदीनग र विधानसभा क्षेत्र के लिए रामलीला मैदान कविनगर से पोलिंग पार्टी रवाना होंगी। तो वहीं साहिबाबाद, गाजियाबाद और धौलाना आंशिक के लिए केन्द्रीय विद्यालय कमला नेहरू नगर मैदान से पोलिंग पार्टियों की रवानगी होगी। लोनी विधानसभा के लिए दिल्ली पब्लिक स्कूल साहिबाबाद टीला शाहबाजपुर से टीम रवाना होंगी। बडी संख्या में कर्मिकों की रवानगी होगी। इसके लिए रवानगी स्थल पर टैंट आदि लगाने का काम शुरू कर दिया गया है।

कर्मिकों को तेज धूप से बचाने के लिए टैंट लगाए जा रहे हैं तो वहीं मैदान की सफाई के साथ उसको समतल किया जा रहा है। कुर्सी, शमियाना, क्रमवार टेंट लगाने के साथ मोबाइल टॉयलेट, पानी के पानी की भी व्यवस्था की जा रही है। 25 अप्रैल से टीमों की सुबह से रवानगी शुरू होगी जो देर शाम तक जारी रहेगी। यहां से हर मतदान केन्द्र के लिए टीम एकत्र होंगी उन्हें ईवीएम, चुनावी सामग्री, वोटर लिस्ट आदि दी जाएगी। इसके बाद वह मतदान केन्द्र पहुंचकर अगले दिन मतदान की तैयारी करेंगे।

पोलिंग पार्टियों को मतदान कराने के लिए मतदाता सूची तैयार की जा रही है। जिला निर्वाचन कार्यालय में कर्मिक बडी संख्या में मतदाता सूची को क्रम में कर रहे हैं, ताकि इस मतदाता सूची को पोलिंग पार्टियों को दिया जा सके। इस वोटर लिस्ट के आधार पर ही वोटर्स की पहचान कर, वोट कराया जाएगा। फोटोयुक्त मतदाता सूची हर मतदान केन्द्र पर उपलब्ध रहेगी।

## ट्रिपल इंजन की सरकार लेकिन विकास गायब : प्रमोद तिवारी

**गाजियाबाद।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने श्याम पार्क मेन में इंडिया गठबंधन प्रत्याशी डॉली शर्मा के पक्ष में रैली की। रामलीला मैदान में हुई इस रैली में प्रमोद तिवारी ने केंद्र की मोदी और प्रदेश की योगी सरकार को कटघरे में खड़ा किया। प्रमोद तिवारी ने कहन कि गाजियाबाद की बात की जाए तो यहां ट्रिपल इंजन की सरकार है लेकिन विकास गायब है।

प्रमोद तिवारी ने कहा कि डॉली शर्मा गाजियाबाद की सांसद बरेंगी तो यहां विकास की गंगा बहेगी। कांग्रेस आम जनता को राहत पहुंचाने के लिए पांच गारंटियां लेकर आई है। इस गारंटियों से युवाओं, महिलाओं, मजदूरों, किसानों एवं समाज के सभी वर्गों का विकास होगा।

डॉली शर्मा ने कहा कि उन्हें दिया गया एक-एक वोट केंद्र की मोदी सरकार को उखाड़ कर शहर में विकास की नींव रखेगा। उन्होंने कहा कि शहर के विकास के लिए आने वाली 26 अप्रैल को हाथ के पंजे के सामने वाला बटन दबाएं।

रैली के मंच पर कांग्रेस के पूर्व महानगर अध्यक्ष नरेन्द्र भारद्वाज, समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष फैसल हुसैन, कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष विजय चौधरी, सपा के महानगर अध्यक्ष वीरेन्द्र यादव एडवोकेट, पूर्व एमएलसी हरेन्द्र अग्रवाल, सपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष प्रह्लाद शर्मा, वीर सिंह चौधरी, ओमवीर यादव आदि नेता मौजूद रहे।

## राजनाथ सिंह की दादरी में जनसभा आज

**नोएडा।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 23 अप्रैल को दादरी के बिसाहड़ा में भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर महेश शर्मा के समर्थन में एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। यह जानकारी भाजपा क्षेत्रीय महामन्त्री विकास अग्रवाल एवं भाजपा जिलाध्यक्ष गजेन्द्र मावी ने दी।

उन्होंने बताया कि भाजपा प्रत्याशी महेश शर्मा के जनसमर्थन में दादरी के बिसाहड़ा में 23 को आयोजित होने वाली रैली को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह संबोधित करेंगे।

## भाजपा को रोकने के लिए नोएडा से क्षत्रिय उम्मीदवार : मायावती

पीएनएस। नोएडा/बुलंदशहर

**बसपा** अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने सोमवार को कहा कि हमने भाजपा को जीतने से रोकने के लिए गौतमबुद्ध नगर में गुर्जर समाज की जगह क्षत्रिय समाज का उम्मीदवार चुना क्योंकि यहां क्षत्रिय समाज की काफी तादाद है।

बुलंदशहर जिले के सिकंदराबाद में गौतमबुद्ध नगर संसदीय क्षेत्र से पार्टी उम्मीदवार के समर्थन में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए मायावती ने गुर्जर समाज की जगह क्षत्रिय समाज से राजेन्द्र सिंह सोलंकी को उम्मीदवार बनाने पर सफाई दी। भाजपा ने गौतमबुद्धनगर लोकसभा सीट पर डॉ. महेश शर्मा (ब्राह्मण) और सपा ने डॉ. महेंद्र सिंह नागर (गुर्जर) को अपना उम्मीदवार बनाया है। बसपा ने 2019 लोकसभा चुनाव में गौतमबुद्धनगर से गुर्जर समाज के सतवीर नागर को टिकट दिया था।

बसपा प्रमुख ने कहा, हमने पिछले कई लोकसभा चुनाव में यहां से गुर्जर समाज को टिकट दिया जबकि दूसरी पार्टी ने भी गुर्जर उम्मीदवारों को मैदान में उतारा, जिस कारण वोट बंटता रहा और भाजपा ने फायदा उठाया।

मायावती ने कहा, भाजपा यहां से लगातार कई बार चुनाव जीतती रही है इसलिए फैसला लिया गया कि चुनाव में भाजपा को जीतने से रोकने के लिए गुर्जर समाज से उम्मीदवार न खड़ा कर क्षत्रिय समाज से उम्मीदवार चुना जाए।

उन्होंने कहा, इस सीट पर दूसरे दल से क्षत्रिय समाज का उम्मीदवार मैदान में नहीं है। बसपा ने गाजियाबाद में भी क्षत्रिय समाज के नंदकिशोर पुंडीर को उम्मीदवार बनाया है, जहां भाजपा ने क्षत्रिय समाज से आने वाले केंद्रीय मंत्री (सेवानिवृत्त) जनरल वीके सिंह का टिकट काटकर अतुल गर्ग को उम्मीदवार बनाया है।

मायावती ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) को लेकर संदेह जाहिर करते हुए दावा किया कि अगर स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव हुए तो इस बार भाजपा केंद्र की सत्ता में आसानी से वापस नहीं आने वाली। गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर और गाजियाबाद के अलावा अमरोहा, बागपत, मेरठ, अलीगढ़ और मथुरा कुल आठ लोकसभा सीटों पर दूसरे चरण में 26 अप्रैल को मतदान होगा।


नोएडा में सोमवार को दो जगहों पर लगी आग।

## नोएडा में दो जगहों पर लगने से मच गई अफरा-तफरी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा में स्थित मेघदूतम पार्क में सोमवार सुबह अचानक आग लग गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक पार्क में पड़े पेड़ों के सूखे पत्तों में किसी ने बीड़ी या सिगरेट फेंक दी थी। जिस कारण आग लग गई। वहीं कुछ लोगों का कहना है कि किसी ने जानकर बूझकर ये आग लगाई है।

सूचना के बाद मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों आग पर काबू पा लिया है। नोएडा के सेक्टर-49 कोतवाली क्षेत्र के सेक्टर-50 में स्थित मेघदूतम पार्क में आग लगने से अफरा तफरी का माहौल हो गया। सुबह अचानक आग लगने से पार्क में घूमने आए लोग वहां से बाहर निकल गए। लोगों ने पार्क में आग लगने की सूचना दमकल विभाग को दी। सूचना के मौके पर पहुंची दमकल विभाग की टीम ने आग पर काबू पा लिया है। बताया जा रहा है कि किसी शख्स ने बीड़ी या सिगरेट पी कर वहां फेंक दी थी। जिसके कारण पार्क में पड़े सूखे पत्तों में आग फैल गई।

इससे पहले फेज-वन कोतवाली क्षेत्र के सेक्टर-81 में खाली पड़े एक प्लाट में लगे कूड़े के ढेर में अज्ञात कारणों से आग लग गई। घटना की सूचना पर मौके से पहुंची पुलिस की टीम ने स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया लिया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विंध्याचल तिवारी ने बताया कि सेक्टर-81 मेट्रो स्टेशन के पास चल रही राम कथा महायज्ञ के पीछे कबाड़ और कूड़े के आग लगने से तेज धुंआ और लपटें उठने से राम कथा पंडाल के आसपास अफरा-तफरी मच गई।

## मारपीट में घायल भाजपा समर्थक की मौत

**नोएडा।** बादलपुर कोतवाली क्षेत्र के बंबावड़ गांव में एक सप्ताह पहले लोकसभा चुनाव में सपा व भाजपा की हार जीत को लेकर चार लोगों ने एक व्यक्ति के साथ मारपीट कर घायल कर दिया था। घायल की उपचार के दौरान अस्पताल में मौत हो गई है ।

पुलिस दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है । दो की तलाश में लगी है। पुलिस ने बताया कि बंबावड़ गांव में फिरे उर्फ धीरेंद्र सिंह परिवार के साथ रहते थे और वह भाजपा समर्थक थे । गांव के ही दर्शन व मंगते समाजवादी पार्टी के समर्थक हैं । 15 अप्रैल की शाम को फिरे उर्फ धीरेंद्र की गांव के ही दर्शन आदि से लोकसभा चुनाव में हार जीत को लेकर बहस हो गई थी । जिसमें फिरे ने भाजपा जीतने का दावा करने पर दर्शन व मंगते आदि गाली-गलौज कर धीरेंद्र पर लाठी डंडों से हमला गम्भीर रूप से घायल दिया था। इस मामले में दर्शन ,मांगेराम उर्फ मंगते, आजाद और रोहित को नामजद किया गया।

पुलिस ने मंगते व दर्शन को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। और अन्य दो आरोपियों की तलाश में पुलिस लगी है। आईपीएस अधिकारी मनोज कुमार का कहना है कि मृतक के सब को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है ।

## हीरा कारोबारी से मांगी करोड़ों की फिरौती

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में दिन पर दिन काइम के आंकडे बढ़ते ही जा रहे हैं, जिसपर रोक लगाने के लिए गाजियाबाद पुलिस की ओर से पूरी कोशिशें की जा रही है, लेकिन इसके बाद भी मामला कम होने का नाम ही नहीं ले रहे। इसी कड़ी में एक और सनसनीखेज मामला गाजियाबाद से सामने आया है, जहां दबंगों की ओर से गाजियाबाद के एक बड़े डायमंड कारोबारी से करोड़ों की रंगदारी मांगी गई।

फिरौती न देने पर डायमंड कारोबारी के परिवार के सदस्यों की एक-एक कर हत्या करने की बात कही गई है। कारोबारी को धमकी मिलने के बाद परिवार डरा हुआ है। आपको बता दें ये पूरा मामला गाजियाबाद के थाना सिहानी गेट का है। जहां एक डायमंड कारोबारी भुवन गोयल पुत्र राजेश गोयल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उनका मैसर्स एसकेए डायमंड के नाम से मुकुंदनगर मेन हापुड़ रोड गाजियाबाद में कारोबार है।

## ट्रक में घुसी तेज रफ्तार थार, बाल-बाल बचे दो भाई समेत तीन लोग

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**ग्रेटर** नोएडा में यमुना एक्सप्रेसवे पर रविवार देर रात तेज रफ्तार थार टायर फटने से आगे चल रहे ट्रक में पीछे से जा घुसी। हादसे में थार के परखच्चे उड़ गए। घटना में थार सवार दो सगे भाई समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची थाना जेवर पुलिस ने तीनों घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया है।

बताया जा रहा है कि घटना के समय थार 120 स्पीड थी। पुलिस के मुताबिक रविवार देर रात आगरा से नोएडा आ रही तेज रफ्तार थार का टायर जेवर थाना क्षेत्र स्थित यमुना एक्सप्रेसवे जेवर टोल के पास अचानक फट गया। जिससे गाड़ी का संतुलन बिगड़ गया और आगे चल रहे ट्रक जा घुसी। इसमें सवार धनराज (23), सगे भाई मानवेंद्र और जयेंद्र घायल हो गए।

## तेज रफ्तार कार ने बाइक को मारी टक्कर, दो की मौत

**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर-52 मेट्रो स्टेशन के पास तेज रफ्तार कार ने एक मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी जिससे दुपहिया वाहन पर सवार दो युवकों की मौत हो गई तथा दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि एटा जनपद निवासी मुकेश सिंह, अलीगढ़ निवासी कैलाश कुमार, लायक सिंह और अनिल सेक्टर-61 में स्थित एक कंपनी में काम करते थे। वे बीती रात को काम के बाद एक मोटरसाइकिल से सेक्टर-63 की तरफ जा रहे थे तभी पीछे से आई एक कार ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। उन्होंने बताया कि टक्कर इतनी जोरदार थी कि चारों मोटरसाइकिल से उछलकर कुछ दूर जाकर गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए।

## चलती कार में लगी आग

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में सोमवार दोपहर एलजी कंपनी के सामने चलती कार में आग लग गई। इस बीच कार में बैठे लोगों ने बाहर कूदकर जान बचाई। कार में लगी आग से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंचे दमकलकर्मी सड़क को ब्लॉक कर आग बुझाने में जुटे गए। जिसके चलते सड़क पर जाम लग गया।

## कुत्ते के अंतिम संस्कार करने का विरोध

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा के सेक्टर-113 के सर्फाबाद के श्मशान घाट में कुछ लोगों द्वारा पालतू कुत्ते का अंतिम संस्कार किए जाने से ग्रामीण भड़क उठे। ग्रामीणों ने ऐसा कर रहे लोगों को पकड़ लिया।

मामला बढ़ता देखकर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और दोनों पक्षों को थाने ले आई। सर्फाबाद के श्मशान घाट में कुछ लोग अपने पालतू डॉगी का विधिवत रूप से अंतिम संस्कार कर रहे थे। यह लोग शमशान घाट में पालतू डॉगी के अंतिम संस्कार की तैयारी कर रहे थे। इस दौरान ग्रामीणों को इसकी जानकारी होने पर ग्रामीण भड़क उठे।

सूचना मिलने पर थाना सेक्टर-113 पुलिस भी मौके पर पहुंच गई पुलिस पालतू डॉगी का अंतिम संस्कार कर रहे सेक्टर 36 निवासी मदन व ग्रामीणों को थाने ले आई। मदन से जब पूछताछ की गई तो उसने बताया कि उसके पालतू डॉगी मर गया था। उसके अंतिम संस्कार के लिए उसने गूगल का सहारा लिया। गूगल की एक साइट पर उसे अंतिम संस्कार के लिए सर्फाबाद गांव के श्मशान घाट का स्थान बताया। यहां अंतिम संस्कार करने के लिए उसे ऑनलाइन पेमेंट करने के बाद अंतिम संस्कार के लिए सर्फाबाद गांव के श्मशान घाट ले आया था।

## दो करोड़ की फिरौती के मामले में करीबी पर शक

**गाजियाबाद।** मुकंदनगर में आभूषण का कारोबार करने वाले राजेश गोयल नामक सर्राफ के कर्मचारी रमेश को एक ऐसा लिफाफा मिला था जिसमें रखे पत्र के माध्यम से राजनगर निवासी आभूषण कारोबारी को जान से मार देने की धमकी देते हुए पत्र लिखने वाले बदमाश ने उससे दो करोड़ की फिरौती मांगी थी। उक्त सनसनीखेज अपराधिक मामले का पता लगते ही जहां पुलिस के होश उड़ गये थे वहीं सर्राफ व उसका परिवार अंजाने खौफ से भयक्रांत हो गया था। उक्त वारदात की तहरीर मिलते ही सिहानी गेट थाने की पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके उक्त मामले का खुलासा करने का प्रयास शुरू कर दिये थे।

## दो हथियार तस्कर गिरफ्तार, भारी मात्रा में अवैध हथियार बरामद

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**नोएडा** जोन की कोतवाली 24 पुलिस ने हथियारों की तस्करी करने वाले दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। नोएडा के थाना सेक्टर-24 पुलिस ने अवैध हथियारों के साथ दो अंतर्राज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया है।

पकड़े गए दोनों तस्करों के पास से 15 तमंचे, कारतूस, बाइक और स्कूटी बरामद हुई है। पकड़े गए हथियार तस्कर 5 हजार से लेकर 7 हजार में बदमाशों को तमंचा मुहैया कराते थे। एडीसीपी मनीष मिश्र ने बताया कि नोएडा के थाना सेक्टर 24 प्रभारी विवेक श्रीवास्तव को सूचना मिली कि अवैध हथियारों की सप्लाई करने वाला अंतर्राज्यीय तस्कर जगत सिंह उर्फ चिंटू किसी बदमाश को हथियार की सप्लाई देने के लिए नोएडा आया हुआ है। वह नोएडा के सेक्टर 11 स्थित मदर डेयरी के पास खड़ा हुआ है। पुलिस ने छापा मार कर जगत सिंह उर्फ चिंटू को गिरफ्तार कर लिया। इसके पास से 315 बोर के तीन तथा चार तमंचे, 6 कारतूस और चोरी की स्कूटी बरामद हुई।

## धूमधाम से मनाई गई डॉ. हैनीमैन की 269वीं जयंती

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन द्वारा ग्रेटर नोएडा में होम्योपैथी के जनक डॉ. सीएफ सेमुअल हैनीमैन का 269वाँ जन्मदिवस धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर उपस्थित चिकित्सकों का स्वागत भी किया गया।

इस कार्यक्रम के मुख्य स्थिति बैक्सन ग्रुप के सीएमडी प्रसिद्ध होमियोपैथिक चिकित्सक डॉ. एसपीएस बख्शी थे। होमियोपैथिक चिकित्सक डॉ. एसपीएस बख्शी ने विश्व की दूसरे नंबर की चिकित्सा पद्धति होम्योपैथी की बढ़ती लोकप्रियता को जन जन तक पहुँचाने का आह्वान किया।

## भारतीय सिम विदेश भेजने वाला गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

- नोएडा एसटीएफ ने नेपाली नागरिक के पास से 33 सिम, दो पासपोर्ट समेत कई दस्तावेज किया बरामद

नोएडा एसटीएफ की टीम ने फर्जी आईडी पर सिम एक्टिवेट कर थाईलैंड, नेपाल और कंबोडिया में सप्लाई करने वाले गिरोह के एक नेपाली नगरिक को सुनील खडका नोएडा के क्राउन प्लाजा होटल से गिरफ्तार किया है।

पकड़े गए आरोपी के पास से आईडी पर एक्टिवेट किए गए 33 सिम, दो नेपाली पासपोर्ट, दो मोबाइल फोन, एक मैकबुक, आधार कार्ड, पेन कार्ड, चेकबुक आदि बरामद हुआ है। इस सिम की मदद से विदेश में बैठे ठग ठगी की वारदातों को अंजाम देते हैं।

नोएडा एसटीएफ यूनिट के अपर पुलिस अधीक्षक राजकुमार मिश्रा ने बताया कि नोएडा पुलिस द्वारा नेपाल के अनिल थापा, एक चीनी नागरिक शू योमिंग और नोएडा के कटहैरा गांव निवासी विनोद उर्फ अगस्तया भाटी को गिरफ्तार किया गया था। जिनके कब्जे से काफी संख्या में एक्टिवेट सिम बरामद हुए थे। इस संबंध में कोतवाली बिसरख में भी मुकदमा दर्ज है। इसी गिरोह का एक सदस्य सुनील खडका, जो कोतवाली बिसरख की एक घटना में आरोपितों के पकड़े जाने के बाद कोलकाता होते हुए थाईलैंड भाग गया था। 19 अप्रैल को दोबारा भारत आया है। एसटीएफ अधिकारी राजकुमार मिश्रा ने बताया कि आरोपी सुनील खडका ने नेपाल से ही एमए और पीएचडी की पढ़ाई की है। वह वर्ष 2007 में व्यापार करने के लिए बैंकाक थाईलैंड चला गया था और वहीं पर रहने लगा।

## कारोबारी की रुपयों के लेन देन में हुई हत्या

**गाजियाबाद।** ट्रोनिका सिटी थाना क्षेत्र में हुई फरीदाबाद निवासी भगवान नामक कारोबारी की हत्या का खुलासा करते हुए पुलिस ने तीन हत्याभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया।

पकड़े गये अभियुक्तों के पास से वह आलाकत्ल भी बरामद कर लिया कि जिससे हत्याभियुक्तों ने कारोबारी की हत्या की थी। हत्या के कारणों के संदर्भ में हत्याभियुक्तों ने बताया कि उनका कारोबारी भगवान के साथ उनका लेन देन था। इस बात को लेकर उनका विवाद हो गया था। जिसके बाद उन्होंने कारोबारी की गोली मारकर हत्या कर दी।

## मां की मौत के बाद पिता बना हैवान, बेटी की जिंदगी कर दी बर्बाद

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

**गाजियाबाद** जिले से एक बेहद शर्मनाक घटना सामने आई है। वर्ष-2018 में मां की मौत के बाद हैवान बने पिता ने अपनी नाबालिग बेटी की जिंदगी खराब कर दी। पिता पर आरोप है कि पिछले 5 साल से वह अपनी बेटी से बलात्कार कर रहा है। जिस कारण उसकी बेटी दो बार गर्भवती हो गई। पीडि़ता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया है। गाजियाबाद के थाना मोदीनगर में एक लड़की ने अपने पिता के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। मोदीनगर फफराना रोड, नारायण कुंज कालोनी निवासी पीड़ित युवती ने अपने पिता पर संगीन आरोप लगाते हुए कहा है कि वर्ष-2018 में उसकी मां की मृत्यु हो गई थी। जब उसकी मां की मृत्यु हुई तो वह



नाबालिग थी। मां की मृत्यु के बाद उसके पिता ने उसकी जिंदगी बर्बाद कर दी और उसके साथ बलात्कार किया। पिता की इस गंदी हरकत से वह गर्भवती हो गई। लेकिन घर के परिजनों ने इस शर्मनाक हरकत को छुपाने के लिए उसका गर्भपात करा दिया। पीड़ित लड़की का आरोप है कि उसके ताऊ, चाचा और छोटे भाई को उसके साथ हुई शर्मनाक हरकत की पूरी जानकारी है। इसके बावजूद वह चुप रहे। पीड़ित लड़की का आरोप है कि पिता के इस कुकृत्य से वह फिर गर्भवती हो गई है। लड़की ने बताया कि वह घर से बाहर न निकले इसलिए उसके बाल कटवा दिये गये। थाना मोदीनगर पुलिस ने पीड़ित लड़की की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया है और पुलिस नें लड़की के ताऊ, चाचा व भाई के खिलाफ भी रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इस मामले को लेकर थाना मोदीनगर के थाना प्रभारी ने जानकारी देते हुए कहा कि पीड़िता की शिकायत पर आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि इस मामले में पीड़िता के ताऊ, चाचा और भाई के खिलाफ भी मामला दर्ज कर लिया गया है। फिलहाल आरोपी को गिरफ्तार कर इस मामले की जांच की जा रही है।

## चमचमाती नमो ट्रेन, स्वच्छ स्टेशन से आकर्षित हो रहे यात्री

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद


नमो भारत ट्रेन और साफ सुथरे स्टेशन।

- साफ सफाई के लिए एनसीआरटीसी के प्रयासों का यात्रियों की तरफ से से मिल रहा सकारात्मक फीडबैक

यात्रियों को गंतव्य तक पहुंचाने के लिए नमो भारत ट्रेन समय से मिले, ना सिर्फ इसके लिए बल्कि स्वच्छता को लेकर भी एनसीआरटीसी प्रतिबद्ध है। देश की प्रथम नमो भारत ट्रेन और आरआरटीएस स्टेशन साफ-सुथरे और चमकते रहें, एनसीआरटीसी ये प्रतिदिन सुनिश्चित करता है। हर रोज परिचालन से पूर्व ये सुनिश्चित किया जाता है कि नमो भारत ट्रेन स्वच्छ और तकनीकी रूप से एकदम फिट हों। साथ ही आरआरटीएस स्टेशन को भी हर सुबह राजस्व सेवा से पूर्व ही साफ-सफाई कर यात्रियों के लिए तैयार कर लिया जाता है।

नमो भारत ट्रेन का आंतरिक रखरखाव और साफ-सफाई का कार्य फिलहाल आरआरटीएस डिपो, दुहाई पर किया जाता है। सफाई कार्य में मैकेनाइज्ड आधुनिक मशीनों का पूरा इस्तेमाल होता है। इतना ही नहीं, जहां जरूरत होती है, वहां मैन्युल तौर पर भी सफाईकर्मी सफाई करते हैं। हर रोज राजस्व सेवा समाप्त होने के बाद जब ट्रेन डिपो आती है तो उसकी सफाई होती है। ट्रेन को अंदर से पूरी तरह साफ किया जाता है। ये सिलसिला रात 10 बजे से आरंभ होकर सुबह के 6 बजे तक चलता है।

ट्रेन के अंदर और बाहर ना केवल सुरक्षा को लेकर, बल्कि साफ-सफाई को लेकर भी निगरानी रखी जाती है। इसके लिए सीसीटीवी की मदद ली जाती है। दिलचस्प है कि यात्रियों से भी इसमें भरपूर सहयोग मिलता है। स्वच्छता को लेकर लोगों में जागरुकता देखने को मिल रही है और वे गंदगी फैलाने पर सहयात्रियों को टोकते भी हैं। गाजियाबाद और मोदीनगर जैसे शहरों में तो खूब जागरुकता देखने को मिलती है।

इसके अलावा सोशल मीडिया व यूट्यूब पर कई यूजर्स और चैनलों के माध्यम से नमो भारत ट्रेन और स्टेशन की साफ-सफाई की तारीफ हो रही है। नमो भारत ट्रेन के यात्रियों से भी एनसीआरटीसी को लगातार सकारात्मक फीडबैक मिल रहा है।

नमो भारत ट्रेन की हर तीसरे दिन बाहरी सफाई आरआरटीएस डिपो, दुहाई के ट्रेन ऑटोमैटिक वॉशिंग प्लांट पर की जाती है। इस प्रक्रिया मे वॉशिंग प्लांट में ब्रश, पानी और सोप की मदद से ट्रेन के बाहरी हिस्से को साफ किया जाता है। इतना ही नहीं, हर महीने ट्रेन की डीप-क्लीनिंग भी होती है, जहां उसे आंतरिक सफाई शेड (आईएचसीएस) पर लाया जाता है। इस दौरान ट्रेन को पूरी तरह जांचा-परखा जाता है। यदि उसमें कोई समस्या होती है तो उसे दुरुस्त किया जाता है, चाहे वो तकनीकी हो या कोई और। इसके साथ ही ट्रेन को अंदरूनी और बाहरी तौर पर अच्छे तरीके से धोया जाता है व पॉलिश आदि भी की जाती है।

एनसीआरटीसी इसे सुनिश्चित करता है कि नमो भारत ट्रेन से यात्रा करने वालों लोगों को तीव्र और सुगम सार्वजनिक परिवहन सेवा तो मिले ही, साथ ही स्वच्छ और सुरक्षित भी हो। नमो भारत आरआरटीएस के हर स्टेशन पर सफाई के लिए फिलहाल 12-15 सफाईकर्मियों को तैनात किया गया है। हर रात ट्रेन सेवा समाप्त होते ही स्टेशनो पर सफाई का कार्य आरंभ हो जाता है जो रात भर चलता है। यात्रियों को उच्च-स्तर की सार्वजनिक परिवहन सुविधा मिले, एनसीआरटीसी इसे लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध है। लोग ऑनलाइन प्लेटफॉर्म, सोशल मीडिया और यूट्यूब पर भी नमो भारत की सुविधाओं की तारीफ करते हैं।

# छोटा उदयपुर में भाजपा-कांग्रेस के राठवा समुदाय के उम्मीदवारों में वर्चस्व की लड़ाई

**पायनियर समाचार सेवा।** छोटा उदयपुर

**गुजरात** की छोटा उदयपुर सीट पर राठवा जनजाति समुदाय से भाजपा और कांग्रेस के उम्मीदवार इस बार लोकसभा चुनाव में फिर से आमने-सामने होंगे। हालांकि समुदाय के दो प्रमुख नेता कांग्रेस को छोड़ भाजपा में शामिल हो गए हैं लेकिन कांग्रेस को इस सीट पर अपने जीतने की उम्मीद है, वहीं भाजपा (भारतीय जनता पार्टी) का भी मानना है कि वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में शुरू की गई विकास और कल्याण योजनाओं के कारण लोगों को मिले लाभ की बदौलत इस सीट पर दोबारा से विजई होगी।

कांग्रेस नेताओं ने दावा किया कि उनके उम्मीदवार को इंडियन नेशनल डेवलेपमेंटल इन्क्लूसिव एलायंस (इंडिया) के घटक दल आम आदमी पार्टी (आप) के समर्थन से भी फायदा होगा क्योंकि इससे भाजपा विरोधी मत विभाजित नहीं होंगे। छोटा उदयपुर सीट से कांग्रेस ने इस बार पूर्व विधायक सुखराम राठवा को उम्मीदवार बनाया है, जहां उनका मुकाबला भाजपा के पूर्व सरपंच जसु राठवा से होगा। भाजपा ने मौजूदा सांसद गीताबेन राठवा को इस बार टिकट नहीं दिया। गुजरात विधानसभा चुनाव 2022 से पहले, 10 बार के विधायक मोहनसिंह राठवा कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल हो गए थे और उनके बेटे राजेंद्र राठवा ने उदयपुर





विधानसभा सीट से भाजपा के टिकट पर विधानसभा चुनाव जीता। लोकसभा के पांच बार सदस्य रह चुके और तत्कालीन राज्यसभा सदस्य नारण राठवा इस साल 27 फरवरी को कांग्रेस से भाजपा में शामिल हो गए थे। सुखराम राठवा ने पीटीआई-भाषा से कहा, कांग्रेस पर इसका कुछ असर नहीं पड़ेगा। जो लोग भाजपा में शामिल हुए हैं, वे अपनी मर्जी से गए और उनके कोई भी समर्थक उनके साथ नहीं गए। उन्होंने कहा, वे कांग्रेस के लिए काम नहीं कर रहे थे, बल्कि भाजपा के लोगों की मदद कर रहे थे। मुझे जीत का भरोसा है। जसु राठवा ने भी कहा कि उन्हें जनता का भारी समर्थन मिल रहा है। जसु ने 2017 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के मोहनसिंह राठवा के खिलाफ चुनाव लड़ा था, लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा था।

उन्होंने दावा किया कि वह 5.5 लाख से अधिक मतों की बढ़त के साथ जीतेंगे। जसु ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी राष्ट्रहित, राष्ट्र प्रेम, गरीबों तक पहुंचने और उन्हें गरीबी से बाहर निकालने की बात करते हैं। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री आवास योजना और गरीबों को मुफ्त अनाज जैसी योजनाओं से लोगों को फायदा हुआ है। छोटा उदयपुर क्षेत्र में करीब 10 लाख जनजातीय मतदाताओं में से राठवा समुदाय की संख्या चार लाख है और शेष बारिया, ढोरकोली, भील, तड़वी, नायका और वसावा समुदायों से हैं। इस क्षेत्र में दो लाख क्षत्रिय मतदाता हैं, जो इस क्षेत्र में दूसरा सबसे बड़ा समुदाय है लेकिन वे परषोत्तम रूपाला की कथित अपमानजनक टिप्पणी को लेकर भाजपा से नाराज हैं। हाल में कांग्रेस में शामिल हुए पूर्व आप नेता अर्जुन राठवा ने कहा कि उनका समुदाय एक प्रगतिशील समुदाय है जो न केवल संख्यात्मक रूप से बल्कि सामाजिक और आर्थिक रूप से भी अन्य जनजातीय समूहों की तुलना में बेहतर स्थिति में है।

# राहुल की रैली रद्द होने पर विजयवर्गीय ने कहा, जनता में रुझान नहीं होने पर तबीयत खराब हो जाती है

**पायनियर समाचार सेवा।** इंदौर

**कांग्रेस** के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी के सतना की चुनावी रैली में शामिल नहीं होने पर मध्यप्रदेश सरकार में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने सोमवार को कटाक्ष करते हुए कहा कि मतदाताओं में कांग्रेस को लेकर कोई रुझान नहीं होने के कारण राहुल की तबीयत खराब होना स्वाभाविक है। राहुल के रैली में शामिल नहीं होने के लिए पार्टी ने उनकी खराब तबीयत का हवाला दिया है। राहुल को रविवार को सतना लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस उम्मीदवार सिद्धार्थ कुशवाहा के प्रचार के लिए आयोजित एक रैली को संबोधित करना था।



कांग्रेस की ओर से कहा गया कि तबीयत खराब होने के कारण राहुल इस रैली में शामिल नहीं हो सकेंगें। बाद में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने रैली को संबोधित किया। विजयवर्गीय ने राहुल का सतना दौरा रद्द होने के बारे में पूछे जाने पर इंदौर में संवाददाताओं से कहा, यह सब इस बात पर निर्भर करता है कि जनता में (कांग्रेस को लेकर) कैसा रुझान है। अगर जनता रुझान नहीं दिखाती तो तबीयत खराब हो जाती है। ऐसे में (राहुल की) तबीयत खराब होनी स्वाभाविक है। उन्होंने कहा कि अगर किसी नेता के प्रति जनता में रुझान होता है तो वह बुखार से पीड़ित होने के बाद भी मतदाताओं के बीच पहुंच जाता है।

विजयवर्गीय ने लोकसभा चुनावों के दौरान कांग्रेस नेताओं द्वारा इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) की विश्वसनीयता को लेकर सवाल उठाए जाने पर कहा, कांग्रेस जब कोई चुनाव जीतती है तो ईवीएम की आरती उतारती है लेकिन जब वह चुनाव हारती है तो ईवीएम को गाली देने लगती है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने हालिया बयान में कहा था कि लोकसभा चुनावों में 400 से ज्यादा सीटें जीतने का नारा देने वाली भाजपा देश की मौजूदा आरक्षण व्यवस्था खत्म करना चाहती है। विजयवर्गीय ने पटवारी के इस बयान को मूर्खतापूर्ण करार देते हुए कहा कि कांग्रेस नेता ऐसे कथनों के जरिए मतदाताओं में गलतफहमी पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं।

उन्होंने कहा, देश की आजादी के बाद जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 लगाया गया था। पटवारी और कांग्रेस के अन्य नेताओं से पूछा जाना चाहिए कि वहां (जम्मू-कश्मीर में) आरक्षण था क्या? अनुच्छेद 370 हटने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वहां के दलित भाइयों को आरक्षण दिया। विजयवर्गीय ने कांग्रेस के चुनावी घोषणापत्र पर निशाना साधते हुए कहा, आप कांग्रेस का चुनावी घोषणापत्र उठाकर देख लीजिए। ऐसा लगता है कि इसे किसी वामपंथी व्यक्ति या मुस्लिम लीग ने बनाया है। कांग्रेस देश के बारे में नहीं, बल्कि कुर्सी के बारे में सोचती है।

## सांप्रदायिक ध्रुवीकरण पैदा करने का प्रयास कर रहे हैं प्रधानमंत्री: वेणुगोपाल

**कोच्चि।** कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की टिप्पणी को लेकर सोमवार को पर उन पर निशाना साधा और चुनावी लाभ के लिए सांप्रदायिक ध्रुवीकरण पैदा करने का प्रयास करने का आरोप लगाया। उन्होंने यह भी कहा कि मोदी ने ऐसे बयान दिए जो प्रधानमंत्री पद को शोभा नहीं देते। वेणुगोपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री कुछ ऐसी बात कर रहे हैं जो कांग्रेस के घोषणापत्र में है ही नहीं और वह चुनावी लाभ के लिए देश में सांप्रदायिक ध्रुवीकरण पैदा करने का प्रयास कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री मोदी पर कटाक्ष करते हुए वेणुगोपाल ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पार्टी घोषणापत्र के बारे में प्रधानमंत्री को जानकारी देने के लिए उनसे मिलने का समय मांगा है। प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को राजस्थान की एक चुनावी सभा में कहा था कि अगर कांग्रेस केंद्र में सत्ता में आती है तो वह लोगों की संपत्ति लेकर मुसलमानों को बांट देगी। मोदी ने यह बात पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के एक बयान का हवाला देते हुए कही।

# हरियाणा के अंबाला से भाजपा प्रत्याशी बंतो कटारिया ने कहा, सभी 10 लोकसभा सीट पर जीतेगी पार्टी

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**हरियाणा** की अंबाला सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की उम्मीदवार और पूर्व केंद्रीय मंत्री रत्न लाल कटारिया की पत्नी बंतो कटारिया का भले ही यह पहला लोकसभा चुनाव हो लेकिन उन्हें पूरा विश्वास है कि पार्टी की डबल इंजन सरकार द्वारा किया गया काम और उनके पति की विरासत चुनाव में उनकी जीत सुनिश्चित करेगी। लोकसभा चुनाव में 400 से ज्यादा सीट जीतने के भाजपा के लक्ष्य के संदर्भ में बंतो कटारिया ने पीटीआई-भाषा से कहा, इस बार 400 पार होगा। लोगों ने मन बना लिया है कि (नरेन्द्र) मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है।



बंतो ने कहा कि वह अपने निर्वाचन क्षेत्र के मतदाताओं से कह रही हैं कि इन 400 पार सीट में से एक सीट अंबाला की होनी चाहिए। भाजपा उम्मीदवार ने दावा किया कि डबल इंजन सरकार से हरियाणा को बहुत फायदा हुआ है। उन्होंने कहा कि राज्य में विकास परियोजनाओं और योजनाओं के कार्यान्वयन की गति में तेजी आई है। बंतो ने कहा कि पिछले 10 वर्ष के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश ने कृषि और बुनियादी ढांचा सहित अन्य क्षेत्रों में तेजी से प्रगति की है।

बंतो कटारिया ने संसद में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के पारित होने और विभिन्न सरकारी योजनाओं का हवाला देते हुए कहा, मोदी सरकार ने महिला सशक्तीकरण की दिशा में भी कई कदम उठाए है और इस पर केंद्र सरकार ने मुख्य रूप से ध्यान दिया है। बंतो कटारिया ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के नेतृत्व में अंबाला में बहुत विकास हुआ। उन्होंने कहा कि अब मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व वाली सरकार हरियाणा को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी। भाजपा प्रत्याशी ने कहा, अंबाला क्षेत्र के लोगों के लिए यह खुशी की बात है कि हरियाणा के अलग राज्य बनने के बाद पहली बार हमें इस जिले से एक मुख्यमंत्री मिला। उन्होंने कहा, केवल भाजपा में ही एक सामान्य कार्यकर्ता शीर्ष पद पर पहुंच सकता है। बंतो कटारिया ने दावा किया कि 2019 आम चुनावों की तरह भाजपा हरियाणा की सभी 10 लोकसभा सीट पर जीत हासिल करेगी।

## मणिपुर में 11 मतदान केंद्रों पर पुनर्मतदान हुआ

**इंफाल।** इनर मणिपुर लोकसभा क्षेत्र के 11 मतदान केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा के बीच पुनर्मतदान हुआ। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। निर्वाचन आयोग के एक निर्देश के बाद नए सिरे से मतदान का निर्णय लिया गया। आयोग ने 19 अप्रैल को इन मतदान केंद्रों पर हुए मतदान को अमान्य घोषित कर दिया था।

सभी 11 मतदान केंद्रों पर मतदाता अपने वोट के प्रयोग के लिए सुबह से ही कतार में खड़े रहे। शुक्रवार को दंगे जैसी स्थिति से इन मतदान केंद्रों पर मतदान प्रभावित हुआ था। सोमवार को किसी प्रकार की गड़बड़ी या हिंसा की सूचना नहीं मिली। पुनर्मतदान सुबह सात बजे शुरू हुआ। खुरई लोकसभा क्षेत्र के मोइरांग कम्पु साहेब व थोंगम लीकाई केंद्रों, क्षेत्रिगाओ लोकसभा क्षेत्र के बामोन कंपू व इरिलबंग के दो-दो मतदान केंद्रों, इंफाल पूर्वी जिले के थोंगजू में खोंगमान जोन पांच, उरीपोक लोकसभा क्षेत्र में इरोइशेम्बा क्षेत्र के तीन मतदान केंद्रों और इंफाल पश्चिम जिले के कोंथौजाम में खादेम माखा में नए सिरे से चुनाव कराए जा रहे हैं।

# रेवंत रेड्डी ने प्रधानमंत्री मोदी पर तेलंगाना का अपमान करने का आरोप लगाया

**पायनियर समाचार सेवा।** हैदराबाद

**तेलंगाना** के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर संसद में राज्य के गठन पर की टिप्पणियों से तेलंगाना का अपमान करने का आरोप लगाया। रेवंत रेड्डी ने रविवार को दावा किया कि मोदी ने टिप्पणी की थी कि जब तेलंगाना के गठन का विधेयक पारित हुआ तब कांग्रेस के नेतृत्व वाली संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) की तत्कालीन सरकार ने संसद के दरवाजे बंद कर दिए थे और बच्चे (तेलंगाना) को जन्म देने के लिए मां (आंध्र प्रदेश) की हत्या कर दी थी।

उन्होंने कांग्रेस के भुवनगिरी से उम्मीदवार चमाला किरन कुमार रेड्डी के समर्थन में एक रैली को संबोधित करते हुए पूछा कि क्या मोदी को तेलंगाना में वोट मांगने का अधिकार है जबकि वह राज्य का अपमान कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि मोदी ने आंध्र



प्रदेश पुनर्गठन कानून में तेलंगाना से किए वादे पूरे नहीं किए जिसमें एक इस्पात संयंत्र और रेलवे कोच फैक्टरी लगाना भी शामिल हैं।

रेड्डी ने यह भी आरोप लगाया कि मोदी सरकार के तहत संस्थानों के दुरुपयोग के कारण देश में लोकतांत्रिक प्रणालियां ध्वस्त हो रही हैं। उन्होंने कहा कि विपक्षी गठबंधन इंडिया (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव एलायंस) को संविधान की रक्षा करने के लिए चुनाव जीतना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस तेलंगाना में वाम दलों के समर्थन के साथ चुनाव लड़ रही है।

# मोदी की ब्रांड वैल्यू बहुत बड़ी, कुछ खास नहीं कर पाएगा विपक्षी गठबंधन : गोविल

**पायनियर समाचार सेवा।** मेरठ, उप्र

**उत्तर** प्रदेश की मेरठ लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार अरुण गोविल ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ब्रांड वैल्यू और गारंटी बहुत बड़ी हैं और विपक्ष गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस (इंडिया) से कुछ खास फर्क नहीं पड़ेगा। गोविल ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तर प्रदेश में मेरठ से चुनावी अभियान की शुरुआत की। उनके आने से निश्चित रूप से मुझे मदद होगी। उनकी ब्रांड वैल्यू बहुत बड़ी है। उनकी गारंटी बहुत बड़ी हैं।



विपक्षी गठबंधन इंडिया का कितना प्रभाव पड़ेगा इस सवाल पर उन्होंने कहा, मुझे बहुत ज्यादा उम्मीद नहीं है। उनका (विपक्षी गठबंधन) सारा ध्यान तो इस पर रहता है कि भाजपा और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) पर किस तरह से आक्षेप लगाए जाएं। उन्होंने (विपक्ष) कितना काम किया है, यह सारी जनता को पता है। मुझे नहीं लगता कि उससे कोई बहुत फर्क पड़ने वाला है। भाजपा के घोषणा पत्र को विपक्ष द्वारा जुमला पत्र कहे जाने पर गोविल ने कहा, बोलने से क्या साबित होता है। अगर ऐसा है तो साबित कीजिए। मोदी जी ने संकल्प पत्र में जो भी बातें कही हैं, उन्हें जमीन पर उतारा है। गोविल ने कहा, वह किसी एक जाति, धर्म और संप्रदाय के प्रति नहीं है। उन्होंने जितनी भी योजनाएं बनाई हैं वह सबके लिए हैं। उन्होंने कहा, क्षेत्र में दो-तीन बड़े काम अभी तक नहीं हुए हैं, वह हम करेंगे।

# विकास और विरासत का अद्भुत समन्वय मोदी की पहचान : योगी आदित्यनाथ

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि विकास और विरासत का अद्भुत समन्वय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहचान है। सोमवार को जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार, योगी आदित्यनाथ ने पांच कालिदास मार्ग स्थित अपने आवास पर संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार में जनता की आकांक्षा के अनुरूप विकास के कार्य हुए हैं। ये पहली बार देश में देखने को मिला है।



उन्होंने कहा, विकास और विरासत का अद्भुत समन्वय प्रधानमंत्री मोदी की पहचान है। इस दिशा में अद्भुत कार्य हुए हैं। योगी ने कहा, आस्था से जुड़े केंद्रों के बारे में हमें नया स्वरूप देखने को मिला है। विरासत और विकास का ए अद्भुत समन्वय अगर किसी एक महापुरुष के विजन और दृढ़ इच्छाशक्ति के कारण देश में देखने को मिला है तो वह प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में संभव हो पाया है। मुख्यमंत्री ने कहा, पहली बार देश में विरासत का सम्मान भी देखने को मिला है। काशी में विश्वनाथ धाम, महाकाल में महालोक, केदारपुरी, बद्रीनाथ और सोमनाथ मंदिर का पुनरुद्धार और अयोध्या में 500 वर्ष के इंतजार का समाप्त होना व प्रभु श्रीराम का पुन: विराजमान होना। इसके साथ ही इन सभी नगरियों का कायाकल्प भी हुआ है। योगी ने कहा, काशी में पहले 50 लोग एक साथ दर्शन नहीं कर पाते थे और आज 50 हजार भी आ जाएं तो कोई दिक्कत नहीं। उन्होंने कहा, अयोध्या में 500 लोग आ जाते थे तो संकट खड़ा हो जाता था, आज पांच लाख भी आ जाएं तो परेशानी नहीं। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि लोकसभा चुनावों में जनता इन मुद्दों को पूरा समर्थन दे रही है। उन्होंने विश्वास जताया, यह समर्थन प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में फिर से प्रचंड बहुमत की सरकार बनाने के लिए आशीर्वाद में बदलेगा। पूरे देश में फिर एक बार मोदी सरकार का स्वर गूंज रहा है।

## सपा ने कन्नौज से तेज प्रताप यादव और बलिया से सनातन पांडेय को बनाया उम्मीदवार

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) ने सोमवार को लोकसभा चुनाव के लिए बलिया और कन्नौज सीट पर उम्मीदवारों के नाम की घोषणा की। पार्टी ने यह जानकारी दी। सपा ने एक्स पर उम्मीदवारों की सूची साझा की, जिसमें पूर्व सांसद तेज प्रताप यादव को कन्नौज और सनातन पांडेय को बलिया से उम्मीदवार घोषित किया गया है। सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव के पौत्र और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के संस्थापक व बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव के दामाद तेज प्रताप यादव 2014 से 2019 तक मैनपुरी से सांसद रहे हैं। लोकसभा चुनाव 2019 में कन्नौज सीट पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सुब्रत पाठक ने अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव को हराया था। सपा ने 2019 आम चुनाव में भी सनातन पांडेय को बलिया से उम्मीदवार बनाया था लेकिन उन्हें भाजपा के वीरेंद्र सिंह मस्त से हार का सामना करना पड़ा था।

# संक्षिप्त समाचार

## हार भांपने के बाद से भाजपा खेमे में घबराहट है: ममता



**रायगंज।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) लोकसभा चुनाव के पहले चरण के तहत पिछले सप्ताह हुए मतदान में अपनी हार को भांपने के बाद से घबराई हुई है। बनर्जी ने दावा किया कि देशभर से भाजपा खेमे का सफाया होने वाला है। उन्होंने रायगंज में एक रैली को संबोधित करते हुए उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखालि से जुड़े विवाद का जिक्र करते हुए कहा कि यह ऐसे समय में राज्य सरकार को बदनाम करने के लिए भाजपा की पूर्व नियोजित चाल है जब लोकसभा चुनाव हो रहे हैं। संदेशखालि में महिलाओं ने तृणमूल कांग्रेस के नेताओं पर यौन शोषण का आरोप लगाया है। बनर्जी ने कहा, भय और घबराहट ने भाजपा को जकड़ लिया है। देश भर की लगभग 100 सीट पर पहले चरण के मतदान के बाद उन्हें हार का एहसास हो गया है। इसी वजह से वे बेतुके बयान दे रहे हैं। भगवा खेमे का सफाया अब कभी भी हो सकता है।

## अरुणाचल प्रदेश में आठ मतदान केंद्रों पर पुनर्मतदान का आदेश दिया

**ईटानगर।** भारत के निर्वाचन आयोग ने अरुणााचल प्रदेश में आठ मतदान केंद्रों पर पुन: मतदान कराने का आदेश दिया है जहां 19 अप्रैल को एकसाथ कराए लोकसभा और विधानसभा चुनाव के दौरान ईवीएम में गड़बड़ी और हिंसा होने की जानकारी सामने आई थी। उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी लिकेन कोयु ने एक विज्ञप्ति में कहा कि आयोग ने रविवार को एक आदेश में इन आठ मतदान केंद्रों पर मतदान को अमान्य घोषित किया और 24 अप्रैल को सुबह छह बजे से दोपहर दो बजे तक नए सिरे से मतदान कराने का आदेश दिया। जिन मतदान केंद्रों में पुन: मतदान कराया जाएगा उनमें ईस्ट कामेंग जिले में बामेंग विधानसभा क्षेत्र में सारियो, कुरुंग कुमे में नयापिन विधानसभा सीट के तहत आने वाला लोंग्ते लोथ, अपर सुबनसिरी जिले में नाचो निर्वाचन क्षेत्र के तहत आने वाले डिंगसर, बोगिया सियुम, जिम्बरी और लेंगी मतदान बूथ शामिल हैं। विज्ञप्ति के अनुसार, सियांग जिले में रुमगोंग विधानसभा क्षेत्र के तहत आने वाले बोग्ने और मोलोम मतदान बूथ पर भी पुनर्मतदान कराया जाएगा। इस पूर्वोत्तर राज्य में 60 सदस्यीय विधानसभा की 50 सीटों पर 19 अप्रैल को हुए मतदान में कुल 8,92,694 मतदाताओं में से तकरीबन 76.44 प्रतिशत ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। सत्तारूढ़ भाजपा ने 10 विधानसभा सीटें पहले ही निर्विरोध जीत ली हैं।

## बीजद के छह और उम्मीदवारों के नाम घोषित

**भुवनेश्वर।** बीजू जनता दल (बीजद) के अध्यक्ष और ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने विधानसभा चुनाव के लिए सोमवार को पार्टी के छह और उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की। पार्टी ने जिन छह सीट से उम्मीदवार घोषित किए हैं, उनमें से पांच सीट पर मौजूदा विधायकों को टिकट नहीं दिया गया। इसी के साथ बीजद ने अब तक 147 विधानसभा क्षेत्रों के लिए 141 उम्मीदवारों के नाम की घोषणा कर दी है। जिन पांच मौजूदा विधायकों को टिकट नहीं दिया गया, उनमें हिंडोल की सिमरन नायक, बालिकुडा-एरसामा के रघुनंदन दास, रघुनाथपल्ली के सुब्रत तराई, बारी की सुनंदा दास और बांगीरपोसी के सुदाम मरंडी शामिल हैं। बीजद ने पुरी जिले के काकटपुर विधानसभा क्षेत्र से तुषार कांति बेहरा को फिर से उम्मीदवार बनाया है। पटनायक ने दो मौजूदा विधायकों - सुदाम मरंडी और सुब्रत तराई की पत्नियों को बीजद टिकट की पेशकश की है। सुदाम की पत्नी रंजीता मरंडी को बांगीरपोसी से टिकट मिला है और सुब्रत की पत्नी अर्चना बेहरा को रथुनाथपाली से मैदान में उतारा गया है। बीजद ने ढेंकनाल के सांसद महेश साहू को हिंडोल विधानसभा क्षेत्र से, सरद प्रसन्ना जेना को बालिकुडा-एरसामा से और विश्वरंजन मलिक को बारी विधानसभा क्षेत्र से उम्मीदवार बनाया है। विपक्षी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने 132 उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की है जबकि कांग्रेस ने 135 उम्मीदवारों के नाम घोषित किए हैं।

## राहुल वायनाड में मतदान होने के बाद अमेठी आएंगे : ईरानी

**अमेठी।** केन्द्रीय मंत्री और अमेठी लोकसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की उम्मीदवार स्मृति ईरानी ने सोमवार को दावा किया कि राहुल गांधी 26 अप्रैल को वायनाड में मतदान होने के बाद अमेठी आएंगे। स्मृति ने कहा कि राहुल लोगों को जातिवाद के नाम पर विभाजित करने के साथ ही मंदिर-मंदिर जाएंगे। स्मृति ईरानी ने 2019 लोकसभा चुनाव में अमेठी से तत्कालीन सांसद और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को हराया था। हालांकि कांग्रेस ने अभी तक अमेठी से अपना उम्मीदवार घोषित नहीं किया है। राहुल गांधी 2019 लोकसभा चुनाव में केरल की वायनाड सीट से चुनाव जीते थे और 2024 में भी वहां से चुनाव मैदान में हैं। वायनाड में दूसरे चरण में 26 अप्रैल को मतदान होगा। स्मृति ईरानी ने सोमवार को भेंटुआ और भादर में नुक्कड़ सभाओं को संबोधित करते हुए कहा, 26 अप्रैल को वायनाड में मतदान होने के बाद राहुल गांधी अमेठी को परिवार बताने आएंगे और यहां समाज में जातिवाद की आग लगाने का काम करेंगे। केंद्रीय मंत्री ने इशारा किया कि 26 अप्रैल के बाद राहुल गांधी अमेठी से भी चुनाव लड़ सकते हैं। उन्होंने कहा, राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी ने अयोध्या में प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण ठुकरा दिया था पर वह अमेठी में मंदिर-मंदिर घूमते नजर आएंगे, जिससे सावधान और सतर्क रहने की जरूरत है। उन्होंने आरोप लगाया, राहुल गांधी ने सम्राट साइकिल की जमीन हड़प रखी है, मैं पिछले 10 वर्षों से जमीन वापस करने के मामले को उठा रही हूं और मांग कर रही हूं लेकिन आज तक किसानों को उनकी जमीन राहुल गांधी ने वापस नहीं की। ईरानी ने तंज कसते हुए कहा, जमीन हड़पने की बीमारी जीजा जी (राबर्ट वाद्रा) में ही नहीं है, साले साहब (राहुल गांधी) में भी है। स्मृति ईरानी ने कहा, राहुल गांधी ने कभी भी अमेठी की बात को संसद में नहीं रखा। राहुल तो संसद से भी लापता रहते थे। केन्द्रीय मंत्री ने राहुल गांधी को बार-बार लापता सांसद बताते हुए कहा कि वह 15 साल तक अमेठी के सांसद रहे, लेकिन अमेठी का कोई विकास नहीं हुआ। भाजपा ने ईरानी को अमेठी से तीसरी बार उम्मीदवार बनाया है।

## कर्नाटक के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ने पीएम को शनि बताया

**बेंगलुरु।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और कर्नाटक विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष के. आर. रमेश कुमार ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को शनि बताया जिसका पूरे देश पर प्रकोप है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए बीती रात भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने छह बार के विधायक पर निशाना साधा। कुमार ने रविवार को कहा, मुर्गे बांग दें या न दें, सुबह का सूरज जरूर उगेगा और (के वी) गौतम (कोलार लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार) भी जरूर जीतेंगे। कांग्रेस निश्चित तौर पर कर्नाटक में जीतेगी। मोदी साहेब, ईश्वर पर विश्वास रखते हुए हम चार जून (लोकसभा चुनाव परिणाम) का इंतजार कर रहे हैं ताकि इस देश को शनि से छुटकारा मिल जाए जिसका उस पर प्रकोप है। शनि या शनि ग्रह को वैदिक ज्योतिष में पारंपरिक रूप से अशुभ ग्रहों में से एक माना जाता है। कोलार जिले में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कुमार ने कहा, आप (मोदी) शनि हैं जिसका प्रकोप इस देश पर है। आप उस सीट पर बैठ गए हैं जिस पर कभी इंदिरा गांधी बैठती थीं। भाजपा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष बी वाई विजएंद्र ने कुमार पर पलटवार किया और बेलगाम जुबान पर लिखी संत कवि पुरंदरा दास की पंक्तियों का सहारा लिया। उन्होंने रविवार रात एक्स पर एक पोस्ट में कहा, करोड़ों लोगों के दिलों में जगह बना चुके प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिए आपने जिस शनि शब्द का इस्तेमाल किया है, वह केवल वही लोग इस्तेमाल कर सकते हैं जो शनि संतानदा पार्टी (शनि के वंशज की पार्टी) की छाया में खड़े हैं, जिसमें कोई शालीनता और संस्कृति नहीं है। कुमार पर अपने कार्यकाल के आखिरी दिनों में विधानसभा अध्यक्ष पद की गरिमा कम करने का आरोप लगाया।

## संक्षिप्त समाचार

### रूड ने सिटसिपास को हरा बार्सीलोना ओपन अपने नाम किया

**बार्सीलोना।** नॉर्वे के कैस्पर रूड ने स्टेफानोस सिटसिपास से मोंटे कार्लो मास्टर्स फाइनल में मिली पिछली हार का बदला चुकता करते हुए बार्सीलोना ओपन टेनिस फाइनल में सीधे सेटों में हरा दिया। रूड ने 7-5, 6-3 से जीत दर्ज करके सत्र का पहला खिताब अपने नाम किया। वह इस साल तीन अन्य फाइनल हार चुके हैं। यह उनके कैरियर का 11वां खिताब और क्लेकोर्ट पर दसवां खिताब है। पिछली बार उन्होंने अप्रैल 2023 में एस्टोरिल में खिताब जीता था। पिछले साल फ्रेंच ओपन में उपविजेता रहे रूड की नजरें अब रोलां गैरो पर खिताबी जीत दर्ज करने पर लगी है।

### भावेश, सिमरनप्रीत ने 25 मीटर पिस्टल चयन ट्रायल जीता

**नई दिल्ली।** भावेश शेखावत और सिमरनप्रीत कौर बरार ने पहले ओलंपिक चयन ट्रायल (ओएसटी) में पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल और महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल में ओएसटी 2 जीत लिया है। कर्णी सिंह निशानेबाजी रेंज पर चल रहे ट्रायल में भावेश ने फाइनल में 34 स्कोर किया और ओएसटी। के विजेता अनीश भानवाला (29) से आगे रहे। विजयवीर सिद्धू 22 हिट के साथ तीसरे स्थान पर रहे। महिला वर्ग में सिमरनप्रीत ने पांच पांच शॉट की पहली दस सीरिज में 37 स्कोर किया। उन्होंने ओएसटी। विजेता और ओलंपियन मनु भाकर को पछाड़ा, जिन्होंने 35 स्कोर किया। ईशा सिंह 30 हिट के साथ तीसरे स्थान पर रही।

### रमित टंडन एल गोयूना स्क्वाश टूर्नामेंट के तीसरे दौर में हारे

**नई दिल्ली।** भारतीय स्क्वाश खिलाड़ी रमित टंडन को मिस्र में एल गोयूना अंतरराष्ट्रीय ओपन स्क्वाश टूर्नामेंट के तीसरे दौर में दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी डिएगो एलियास से हार का सामना करना पड़ा। शुरुआती दो दौर में शानदार प्रदर्शन करने वाले टंडन को 198,000 डॉलर पुरस्कार राशि के पीएसए प्लेटिनम स्क्वाश टूर्नामेंट में पेरू के खिलाड़ी ने 35 मिनट में 11-2, 11-4, 11-2 से हराया। विश्व रैंकिंग में 40वें स्थान पर काबिज खिलाड़ी टंडन अगले महीने मिस्र में होने वाली विश्व चैम्पियनशिप की तैयारी कर रहे हैं।

# संदीप शर्मा ने खोला पंजा, राजस्थान रॉयल्स को 180 रन का लक्ष्य

## तिलक वर्मा ने जड़ा अर्धशतक, वढेरा के साथ 99 रन की साझेदारी निभाई, ट्रेंट बोल्ट ने दो विकेट चटकाए

एजेंसी। जयपुर

**तिलक** वर्मा के अर्धशतक और निहाल वढेरा के साथ उनकी अर्धशतकीय साझेदारी से मुंबई इंडियन्स ने खराब शुरुआत से उबरते हुए इंडियन प्रीमियर लीग में सोमवार को यहां राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ नौ विकेट पर 179 रन बनाए।

वर्मा ने 45 गेंद में तीन छक्कों और पांच चौकों की मदद से 65 रन की पारी खेलने के अलावा वढेरा (49) के साथ पांचवें विकेट के लिए 99 रन जोड़कर टीम को खराब शुरुआत से उबरा जो 52 रन पर चार विकेट गंवाने के बाद संकट में थी। वढेरा ने 24 गेंद का सामना करते हुए चार छक्के और तीन चौके मारे। रॉयल्स की तरफ से संदीप शर्मा (18 रन पर पांच विकेट) ने करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी की। ट्रेंट बोल्ट (32 रन पर दो विकेट) ने उनका अच्छा साथ निभाते हुए दो विकेट चटकाए। युजवेंद्र चहल (48 रन पर एक विकेट) और आवेश खान (49 रन पर एक विकेट) ने एक-एक विकेट हासिल



किया लेकिन दोनों काफी महंगे साबित हुए। टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरे मुंबई इंडियन्स की शुरुआत खराब रही और टीम ने दूसरे ओवर में छह रन तक ही दोनों सलामी बल्लेबाजों रोहित शर्मा (06) और इशान किशन (00) के विकेट गंवा दिए। ट्रेंट बोल्ट के पारी के पहले ओवर में ही बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में रोहित गेंद को हवा में लहरा गए और विकेटकीपर संजू सैमसन ने आसान कैच लपका।

अगले ओवर में संदीप शर्मा ने इशान को कप्तान सैमसन के हाथों कैच कराके मुंबई को दूसरा झटका दिया। सूर्यकुमार यादव (10) ने बोल्ट पर दो चौके मारे लेकिन संदीप की गेंद को मिड ऑन पर रोवमैन पावेल के हाथों में खेल गए। मोहम्मद नबी (23) ने आवेश खान की लगातार गेंदों पर छक्का और दो चौके लगाए जिससे टीम ने पावर प्ले में तीन विकेट पर 45 रन बनाए। युजवेंद्र चहल नबी को अपनी ही गेंद पर लपककर आईपीएल में 200 विकेट के आंकड़े को छूने वाले पहले गेंदबाज बने और मुंबई का स्कोर चार विकेट पर 52 रन किया।वर्मा ने रविचंद्रन अश्विन पर छक्का और आवेश पर चौका मारा जबकि निहाल वढेरा ने चहल की गेंद को बाउंड्री के दर्शन कराए।

वढेरा ने अश्विन की गेंद पर दो रन के साथ 13वें ओवर में टीम के रनों का शतक पूरा किया और फिर आवेश पर दो छक्कों के साथ उनके ओवर में 19 रन बटोरे। वर्मा ने चहल पर छक्के के साथ 38 गेंद में अर्धशतक पूरा किया जबकि वढेरा ने भी इसी ओवर में लगातार दो छक्के मारकर 16वें ओवर में टीम का स्कोर 150 रन के पार पहुंचाया। वढेरा हालांकि अगले ओवर में बोल्ट की गेंद पर शॉर्ट थर्ड मैन पर संदीप को आसान कैच दे बैठे।कप्तान हार्दिक पंड्या 10 गेंद में 10 रन बनाने के बाद आवेश की गेंद पर पगबाधा हुए।

वर्मा ने पारी के अंतिम ओवर में संदीप की पहली गेंद पर पावेल को कैच थमाया। संदीप ने इसके बाद गेराल्ड कोएट्जी (00) और टिम डेविड (03) को आउट करके पारी में पांच विकेट पूरे किए।

# गुकेश कैंडिडेट्स शतरंज चैंपियन

## विश्व खिताब जीतने वाले सबसे युवा चैलेंजर बने

### आखिरी दौर में यूएस के नकामूरा से ड्रॉ खेला

### गैरी कास्पोरोव का 40 वर्ष पुराना रिकॉर्ड तोड़ा

एजेंसी। टोरंटो




**भारत** के 17 वर्ष के ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट जीतकर इतिहास रच दिया और वह विश्व चैम्पियनशिप खिताब के सबसे युवा चैलेंजर बन गए। उन्होंने 40 साल पुराना गैरी कास्पोरोव का रिकॉर्ड तोड़ा। गुकेश ने 14वें और आखिरी दौर में अमेरिका के हिकारू नकामूरा से ड्रॉ खेला। विश्व चैम्पियन के चैलेंजर का निर्धारण करने वाले इस टूर्नामेंट में उनके 14 में से नौ अंक रहे। वह साल के आखिर में मौजूदा विश्व चैम्पियन चीन के डिंग लिरेन को चुनौती देंगे। चेन्नई के रहने वाले गुकेश ने कास्पोरोव का रिकॉर्ड भी तोड़ा। कास्पोरोव 1984 में 22 साल के थे जब उन्होंने रूस के ही अनातोली कारपोव को विश्व चैम्पियनशिप खिताब के लिए चुनौती दी थी। गुकेश ने जीत के बाद कहा , बहुत राहत महसूस कर रहा हूं। मैं फेबियानो कारूआना और इयान नेपाम्नियाश्चि के बीच मैच देख रहा था। इसके बाद टहलने चला गया जिससे मदद मिली। गुकेश को 88500 यूरो (78.5 लाख रुपए) ईनाम के तौर पर भी मिले। इस टूर्नामेंट की कुल ईनामी राशि पांच लाख यूरो है।

वह यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट जीतने वाले विश्वनाथन आनंद के बाद दूसरे भारतीय बन गए। पांच बार के विश्व चैम्पियन आनंद ने 2014 में खिताब जीता था। आनंद ने एक्स पर लिखा, डी गुकेश को सबसे युवा चैलेंजर बनने पर बधाई। आपकी उपलब्धि पर गर्व है। मुझे निजी तौर पर तुम पर बहुत गर्व है जिस तरह से तुमने कठिन हालात में खेला। इस पल का मजा लो। गुकेश को जीत के लिए ड्रॉ की ही जरूरत थी और उन्होंने नकामूरा के खिलाफ कोई कोताही नहीं बरती। दोनों का मुकाबला 71 चालों के बाद ड्रॉ पर छूटा।

दूसरी ओर कारूआना और नेपाम्नियाश्चि की बाजी भी ड्रॉ रही। अगर दोनों में से कोई जीतता तो टाइब्रेक होता। गुकेश ने कहा, वो 15 मिनट पूरे टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा तनावपूर्ण थे। मैं कमेंट्री सुन रहा था और फिर मैं अपने ट्रेनर के साथ टहलने निकल गया। उसके बाद मेरे पिता दौड़ते हुए आए। उन्होंने कहा, मेरे पास बेहतरीन सहयोगी हैं। मैं उनके नाम नहीं लूंगा लेकिन उन्हें पता है कि मैं उनका कितना शुक्रगुजार हूं। कारूआना, नेपाम्नियाश्चि और नकामूरा तीनों के 8.5 अंक रहे और वे संयुक्त दूसरे स्थान पर रहे।

भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा सात अंक लेकर पांचवें स्थान पर रहे जिन्होंने अजरबैजान के निजात अबासोव को हराया। विदित गुजराती ने फ्रांस के फिरोजा अलीरजा से ड्रॉ खेला और वह छठे स्थान पर रहे। अलीरजा 7वें और अबासोव 8वें स्थान पर रहे। गुकेश ने 12 वर्ष की उम्र में ग्रैंडमास्टर खिताब जीता था और वह शतरंज के इतिहास में तीसरे सबसे युवा ग्रैंडमास्टर बने। उन्होंने हांगझोउ एशियाई खेलों में रजत पदक भी जीता था। विश्व चैम्पियनशिप की तारीखें और स्थान अभी तय नहीं है। गुकेश ने कहा, मैंने इस बारे में सोचा नहीं है। नतीजा अभी आया है और रणनीति अच्छा खेलने की ही रहेगी। मैं तैयारियों पर फोकस करूंगा।

### महिला वर्ग में हम्पी दूसरे स्थान पर रहीं

**टोरंटो।** भारतीय ग्रैंडमास्टर कोनेरू हम्पी ने संयुक्त रूप से शीर्ष पर काबिज चीन की टी लेइ को हराकर टाइब्रेकर में बेहतर प्रदर्शन के आधार पर महिला कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में दूसरा स्थान हासिल किया। चीन की झोंग्ई तान शीर्ष पर रही जिन्होंने यूक्रेन की अन्ना मुजिचुक से ड्रॉ खेला। आर वैशाली लगातार 5वीं जीत दर्ज करके संयुक्त दूसरे स्थान पर थी लेकिन टाइब्रेकर के बाद चौथे स्थान पर रही। उन्होंने रूस की कैटरीना लागनो को हराया। तान ने नौ अंक बनाए जबकि हम्पी उनसे डेढ अंक पीछे थी। लेइ तीसरे और वैशाली चौथे स्थान पर रही। अलेक्जेंद्रा गोरियाश्किना पांचवें स्थान पर रही। लागनो छठे, बुल्गारिया की नूरगुल सलीमोवा सातवें और मुजिचुक आठवें स्थान पर रहीं। हम्पी के सात दौर के बाद ढाई अंक ही थे लेकिन बाकी सात मैचों में उन्होंने पांच अंक बनाए।

## पीएम मोदी समेत देश-विदेश से गुकेश को मिल रहीं बधाइयां

एजेंसी। नई दिल्ली



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी समेत विभिन्न क्षेत्रों की हस्तियों ने टोरंटो में प्रतिष्ठित कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतकर अपना नाम इतिहास में दर्ज कराने वाले भारत के युवा ग्रैंडमास्टर डी गुकेश को बधाई देते हुए भावी विश्व चैम्पियन करार दिया है।

प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर लिखा, भारत को फिडे कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने डी गुकेश पर गर्व है। उन्होंने गुकेश की तस्वीर साथ में पोस्ट करते हुए लिखा, टोरंटो में हुए टूर्नामेंट में गुकेश की शानदार उपलब्धि उनकी असाधारण प्रतिभा और समर्पण की द्योतक है। उनके असाधारण प्रदर्शन और शीर्ष तक के सफर से लाखों को प्रेरणा मिलेगी। वहीं विश्वनाथन आनंद ने एक्स पर लिखा, डी गुकेश को सबसे युवा चैलेंजर बनने पर बधाई। आपकी उपलब्धि पर गर्व है। मुझे निजी तौर पर तुम पर बहुत गर्व है जिस तरह से तुमने कठिन हालात में खेला। इस पल का मजा लो।

चैम्पियन क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने लिखा, क्या शानदार जीत। 17बरस की उम्र में फिडे कैंडिडेट्स जीतने वाला सबसे युवा खिलाड़ी। यहां से अब विश्व चैम्पियनशिप का सफर और हर कदम पर हम तुम्हारे साथ हैं। जाओ इतिहास रच दो।

इंग्लैंड के ग्रैंडमास्टर डेविड होवेल ने कहा कि गुकेश के खिलाफ पहला मुकाबला खेलने के बाद ही उन्हें पता चल गया था कि अपार प्रतिभा का धनी यह खिलाड़ी बड़ी उपलब्धियां अर्जित करेगा। उन्होंने लिखा, गुकेश को कैंडिडेट्स जीतने पर बधाई। क्या शानदार टूर्नामेंट रहा। मैं पहले ही मुकाबले से जानता था कि वह खास है। वह 12 वर्ष की उम्र में ग्रैंडमास्टर बन चुका था। उसकी विश्लेषण क्षमता, परिपक्व रवैया और गणना के कौशल से मैं काफी प्रभावित हूं। भावी विश्व चैम्पियन। पूर्व विश्व चैम्पियन और रूसी ग्रैंडमास्टर ब्लादीमिर क्रामनिक ने लिखा , गुकेश को बधाई और फेबि, इयान को शानदार प्रदर्शन के लिए खास पुरस्कार। सबसे रोमांचक मुकाबलों में से एक। सभी जांबाजों को बधाई।

## स्टार्क सुपरस्टार है, उनके बारे में निवेश के नजरिए से नहीं सोचना चाहिए: केकेआर सीईओ

एजेंसी। कोलकाता



**आईपीएल** के मौजूदा सत्र में खराब प्रदर्शन के कारण आलोचना का सामना कर रहे सबसे महंगे खिलाड़ी मिशेल स्टार्क का सोमवार को केकेआर के प्रबंध निदेशक और सीईओ वेंकी मैसूर ने समर्थन करते हुए कहा कि वह इस अनुभवी खिलाड़ी को निवेश के दष्टिकोण से नहीं देखते हैं। केकेआर ने आईपीएल नीलामी स्टार्क को रिकॉर्ड 24.75 करोड़ रुपए की बोली के साथ टीम में शामिल किया था। इसे हालांकि जोखिम भरा फैसला माना जा रहा था कि क्योंकि ऑस्ट्रेलिया के इस बाएं हाथ के तेज गेंदबाज के पास सबसे छोटे प्रारूप में सीमित अनुभव था और वह नौ साल बाद आईपीएल में वापसी कर रहे थे।

मैसूर ने यहां केकेआर से जुड़े एक गोल्फ कार्यक्रम के इतर कहा, वह सुपरस्टार है और बेहतरीन खिलाड़ी है। उन्होंने कहा, हम इसे निवेश के दृष्टिकोण से नहीं सोचते हैं, क्योंकि आप नीलामी में जाते हैं और नीलामी में ऐसी चीजें होती हैं, जो न तो खिलाड़ी के हाथ में होती हैं और न ही किसी और के हाथ में होती हैं।

उन्होंने कहा, हमें बस यही लगा कि मिचेल स्टार्क जैसे खिलाड़ी को टीम में शामिल करने से काफी महत्व बढ़ेगा। मेरा मतलब है कि टीम में उसकी मौजूदगी से मजबूती मिलती है। उनके पास उस तरह की विशिष्ट कौशल है जिसकी हमारे सहयोगी स्टाफ को तलाश थी। स्टार्क ने अपने शुरुआती दो मैचों बिना किसी सफलता के 100 रन से ज्यादा लुटाए थे।

## डुप्लेसी, कुरेन पर आचार संहिता के उल्लंघन में जुर्माना

**नई दिल्ली।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के कप्तान फाफ डु प्लेसी पर आईपीएल की आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में 12 लाख रुपए जुर्माना लगाया गया, जबकि पंजाब किंग्स के कप्तान सैम कुरेन पर मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है।

डु प्लेसी केकेआर के खिलाफ आरसीबी की एक रन से पराजय में धीमी ओवरगति के दोषी पाए गए थे। आईपीएल ने एक बयान में कहा , बेंगलुरु के कप्तान फाफ डु प्लेसी पर लीग 2024 के 36वें मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ धीमी ओवरगति के लिए जुर्माना लगाया गया है। यह आरसीबी का सत्र का पहला अपराध था। दूसरी ओर कुरेन पर गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच में आईपीएल की आचार संहिता की धारा 2.8 के तहत लेवल एक के अपराध के लिए मैच फीस का आधा जुर्माना लगाया गया। यह अपराध अंपायर के फैसले पर असंतोष जताने के संदर्भ में है।

भारत के साथ सीरीज पर बोले पीसीबी प्रमुख

## अभी हमारा लक्ष्य चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी है

एजेंसी। कराची



**पाकिस्तान** क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने कहा है कि अगर भारत अगले साल आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए अपनी टीम पाकिस्तान भेजेगा तो पीसीबी उसके साथ द्विपक्षीय श्रृंखला खेलने के तैयार है। लाहौर में एक कार्यक्रम में पत्रकारों से बात करते हुए नकवी से भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के हालिया साक्षात्कार के बारे में पूछा गया, जिसमें उन्होंने पाकिस्तान क्रिकेट टीम की प्रशंसा की और कहा कि दोनों पड़ोसी देशों का विदेश में टेस्ट श्रृंखला खेलना शानदार होगा।

नकवी ने कहा, देखिए, अगर इस संबंध में कोई विकल्प आता है तो हम उस पर विचार करेंगे, लेकिन अभी हमारा लक्ष्य चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी करना है और पहले भारत को टूर्नामेंट के लिए आने देना है। उन्होंने कहा, फिलहाल चैंपियन्स ट्रॉफी तक कोई समय उपलब्ध नहीं है क्योंकि हमारी टीम का यात्रा कार्यक्रम तय हो चुका है। एक बार वे पहले यहां आ जाएं तो जब भी कोई प्रस्ताव हमारे सामने आएगा, हम उस पर विचार कर सकते हैं। दोनों टीमों ने पिछली बार 2012-13 में सीमित ओवरों की द्विपक्षीय श्रृंखला खेली थी जब पाकिस्तान ने भारत का दौरा किया था। पिछले साल भारत ने पाकिस्तान में एशिया कप मैचों के लिए अपनी टीम भेजने से इनकार कर दिया था और अंततः एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) को इस प्रतियोगिता के लिए एक हाइब्रिड मॉडल अपनाना पड़ा था।

## भाग्यशाली थे कि हमें विराट कोहली का विकेट मिल गया: फिल सॉल्ट

एजेंसी। कोलकाता



**कोलकाता** नाइट राइडर्स (केकेआर) के विकेटकीपर फिल सॉल्ट ने कहा कि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ उनकी टीम खुशकिस्मत थी कि विराट कोहली के विकेट का फैसला उनके पक्ष में रहा। केकेआर ने इस रोमांचक मुकाबले में आरसीबी को एक रन से हराया था।

कोहली लक्ष्य का पीछा करते हुए सात गेंद में 18 रन बनाकर तीसरे ओवर में हर्षित राणा की फुलटॉस गेंद पर गेंदबाज को कैच देकर आउट हुए। उनकी टीम जीत के लिए 223 रन का पीछा करते हुए एक रन से मैच हार गई। इंडियन प्रीमियर लीग में नो-बॉल को ऊंचाई से मापने वाली हॉक-आई प्रणाली लागू है। इसके तहत क्रीज में बल्लेबाज के कमर की ऊंचाई से गेंद की ऊंचाई का आंकलन कर नो बॉल का फैसला किया जाता है। सॉल्ट ने यहां नाइट्स गोल्फ कार्यक्रम के इतर कहा, इस फैसले पर अलग-अलग मत हो सकता है। हमारे नजरिए से हम खुशकिस्मत थे कि यह फैसला हमारे पक्ष में रहा। इंग्लैंड के इस बल्लेबाज ने कहा कि इस तरीके से तकनीक का लाभ उठाना खेल के लिए फायदेमंद है

उन्होंने कहा, उन्होंने नो बॉल का पता लगाने के लिए आंकड़ों का इस्तेमाल किया। हो सकता है कि 12 महीने बाद इस तकनीक की उपयोगिता पर चर्चा हो। यह देखना होगा कि यह कितना कारगर है। उन्होंने कहा, व्यक्तिगत रूप से एक खिलाड़ी के दृष्टिकोण से, जब भी आप अधिक सटीक होने और सही निर्णय लेने के लिए आंकड़ों और तकनीक का उपयोग कर रहे हैं, तो यह खेल के लिए अच्छी बात है। कोहली शॉट खेलते समय क्रीज से बाहर थे और गेंद उनकी कमर से ऊपर थी लेकिन वह नीचे की तरफ आ रही थी।

टीवी अंपायर माइकल गॉफ ने ऊंचाई की जांच की और हॉक-आई ट्रैकिंग के अनुसार, अगर कोहली क्रीज में होते तो गेंद कमर के पास 0.92 मीटर की ऊंचाई से गुजरी होती। इस स्थिति में गेंद कोहली के कमर की ऊंचाई (1.04 मीटर) से नीचे होती। ऐसे में गॉफ ने बॉल ट्रैकिंग के पैमाने पर गेंद की ऊंचाई को कोहली के कमर की ऊंचाई से नीचे पाया और उन्हें आउट करार दिया था।

# अपने गढ़ में लखनऊ से बदला चुकता करने उतरेगी चेन्नई

## लखनऊ के लिए बल्लेबाजी रही है चिंता का सबब है

एजेंसी। चेन्नई

**गत** चैम्पियन चेन्नई सुपर किंग्स अपने गढ़ चेपॉक स्टेडियम पर मंगलवार को लखनऊ सुपर किंग्स के खिलाफ उतरेगी तो उसका इरादा पिछली हार का बदला चुकता करने के साथ अंक तालिका में अपनी स्थिति बेहतर करने का भी होगा।

पिछली बार दोनों टीमों का सामना पिछले सप्ताह लखनऊ में हुआ था। केएल राहुल और क्विंटॉन डिकॉक ने पहले विकेट के लिए रिकॉर्ड साझेदारी की थी जिसके दम पर लखनऊ ने जीत दर्ज की। दोनों टीमों के सात मैचों में आठ अंक हैं। चेन्नई सुपर किंग्स का अभेद्य किला रहा है चेपॉक और अब उसे यहां लगातार तीन मैच खेलने हैं। दूसरे मैदान पर हारने के बाद अब उनकी नजरें अपने घर पर तीनों मैच जीतकर प्लेआफ का दावा पुख्ता करने पर लगी होंगी। चेन्नई के लिए कप्तान रूतुराज गायकवाड़ और शिवम दुबे ने अधिकांश रन बनाए हैं। लखनऊके खिलाफ उनके नाकाम रहने से चेन्नई को अच्छी शुरुआत नहीं मिल सकी और बीच के ओवरों में टीम जूझती नजर आई।



सलामी बल्लेबाज रचिन रविंद्र का फॉर्म चिंता का विषय है। चेन्नई ने अजिंक्य रहाणे को पारी का आगाज करने भेजा जिसकी वजह से गायकवाड़ तीसरे नंबर पर उतरे। सलामी बल्लेबाज के तौर पर तीन अर्धशतक जमाने के बाद गायकवाड़ के सामने यह दुविधा होगी कि वह तीसरे नंबर पर खेलें या फिर से पारी का आगाज करें।

रविंद्र जडेजा भी अर्धशतक जड़ चुके हैं जिससे मोईन अली और महेंद्र सिंह धोनी को आखिरी ओवरों में आक्रामक बल्लेबाजी का मौका मिला। चेन्नई को उम्मीद होगी कि उसका शीर्षक्रम एक बार फिर रन बंटोरकर बड़े स्कोर की नींव रखेगा। चेन्नई के गेंदबाजों में मथीषा पथिराना सर्वश्रेष्ठ रहे हैं लेकिन तेज गेंदबाजों दीपक चाहर, तुषार देशपांडे और मुस्ताफिजूर रहमान से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। बाएं हाथ के स्पिनर जडेजा को गेंदबाजी में बेहतर करना होगा। लखनऊ के लिए बल्लेबाजी चिंता का सबब है लेकिन उन्होंने साबित कर दिया है कि शीर्षक्रम के चलने पर वे क्या कर सकते हैं। राहुल और डिकॉक फॉर्म में हैं और उन्हीं पर यहां सबसे ज्यादा रन बनाने की जिम्मेदारी होगी। निकोलस पूरन ने जरूरत पड़ने पर हमेशा रन बनाए हैं और लखनऊ की उम्मीदें उन पर भी टिकी होंगी। गेंदबाजी में लखनऊ को युवा तेज गेंदबाजी सनसनी मयंक यादव की वापसी की उम्मीद होगी जो पेट के निचले हिस्से में खिंचाव के कारण दो मैचों में बाहर रहे।

तेज गेंदबाज मोहसिन खान और यश ठाकुर ने चेन्नई को कम स्कोर पर रोकने की कोशिश की लेकिन आखिरी ओवरों में धोनी के बल्ले से निकले आतिश को नहीं रोक सके। मैट हेनरी को लखनऊ के लिए पदार्पण पर विकेट नहीं मिल सके और वे खुद को साबित करना चाहते होंगे। स्पिन गेंदबाजी में कृणाल पंड्या के दो विकेट बीच के ओवरों में काफी अहम रहे। एक बार फिर उन पर और युवा रवि बिश्नोई पर बीच के ओवरों में चेन्नई पर दबाव बनाने का दारोमदार होगा।

### दोनों टीम के खिलाड़ी

**लखनऊ सुपर जाइंट्स:** केएल राहुल (कप्तान), डिकॉक, निकोलस पूरन, आयुष बदोनी, काइल मेयर्स, मार्कस स्टोइनिस, दीपक हुडा, देवदत्त पडिक्कल, रवि बिश्नोई, नवीन उल हक, क्रुणाल पंड्या, युद्धवीर सिंह, प्रेरक मांकड़, यश ठाकुर, अमित मिश्रा, शमर जोसेफ, मयंक यादव, मोहसिन खान, के गौतम, शिवम मावी, अर्शिन कुलकर्णी, एम सिद्धार्थ, एश्टन टर्नर, मैट हेनरी, मोहम्मद अरशद खान।

**चेन्नई सुपरकिंग्स:** रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), महेंद्र सिंह धोनी, अरावेली अवनीश, डेवोन कॉनवे, , अजिंक्य रहाणे, शेख रशीद, मोईन अली, शिवम दुबे, आरएस हंगरगेकर, रविंद्र जडेजा, अजय जादव मंडल, डेरिल मिशेल, रचिन रवींद्र, मिचेल सेंटनर, निशांत सिंधू , दीपक चाहर, तुषार देशपांडे, मुकेश चौधरी, मुस्तफिजुर रहमान, मथीसा पथिराना, सिमरजीत, प्रशांत सोलंकी, शार्दुल ठाकुर, महेश तीक्षणा और समीर रिज्वी।

मैच : शाम 7:30 से।

## मध्यक्रम के बल्लेबाजों को और रन बनाने होंगे: कोच लांगेवेल्ट

एजेंसी। मुल्लांपुर



**पंजाब** किंग्स के गेंदबाजी कोच चार्ल लांगेवेल्ट ने गुजरात टाइटंस के हाथों आईपीएल के मैच में तीन विकेट से हार के बाद कहा कि मध्यक्रम के बल्लेबाजों को और रन बनाने होंगे।

पंजाब किंग्स ने तेज शुरूआत करके पांच ओवर के बाद बिना किसी नुकसान के 45 रन बना लिए थे, लेकिन उसके बाद सात विकेट 47 रन के भीतर गंवा दिए और पूरी टीम 142 रन पर आउट हो गई। यह आठ मैचों में उसकी छठी हार थी। लांगेवेल्ट ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, निराशाजनक। खिलाड़ी, स्टाफ और प्रशंसक सभी दुखी हैं। हमने गेंदबाजी अच्छी की, पावरप्ले में बल्लेबाजी भी अच्छी थी लेकिन बीच के ओवरों में हमारे बल्लेबाज उनके स्पिनरों के सामने जूझते दिखे। उन्होंने कहा, मध्यक्रम को और रन बनाने होंगे। हम इस विकेट पर 20 रन पीछे रह गए। अब हमें दूसरे मैदानों पर मैच खेलने हैं जो बल्लेबाजी के लिए बेहतर विकेट होंगे। उम्मीद है कि इससे बल्लेबाजों को और आत्मविश्वास मिलेगा। हम हर मैच को सेमीफाइनल, फाइनल की तरह लेकर खेलेंगे। उन्होंने कहा, अगला मैच ईडन गार्डंस पर है जो बल्लेबाजों के लिए खुशी की बात है।